जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, शनिवार 21 दिसम्बर, 2024


# क्या आप पेस्टिसाइड वाले मसाले से हैं परेशान ?

12 हजार किलो से अधिक मिलावटी मसाले सीज

निर्धारित मात्रा से ज्यादा मिला पेस्टिसाइड कीटनाशक

निर्धारित मात्रा से ज्यादा मिला पेस्टिसाइड
खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया

मिलावट के खिलाफ कार्रवाई : अनसेफ मसाले किए जाएंगे सीज
सेहत पर मुनाफा भारी... नामी कंपनियों के मसाले अनसेफ, मिला पेस्टिसाइड

## " यदि मसाले लगे अनसेफ, IPM है हमेशा सेफ!"

## IPM क्या है ? (यह जानना जरुरी है)

**(*IPM)** इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट - किसी फसल में पेस्टिसाइड एवं रसायनिक खादों का उपयोग निर्धारित मात्रा में उसके मानक स्तर के अनुरूप किया जाता है, ऐसे उत्पाद IPM Quality में आते हैं।

SHYAM® KITCHEN MASALE

## स्वाद के साथ सेहत चाहिए ? तो श्याम मसाले अपनाइए!

## First IPM Company of India




www.shyamspices.co.in

Also Available at : DMart, SMART BAZAAR, Reliance SMART, METRO, AADHAAR WHOLESALE CENTRE, blinkit, zepto, Flipkart Grocery

IPM श्याम मसाले की डीलरशिप के लिए संपर्क करें : 0141-2332459
Only Whatsapp - Pradeep Pareek - 9530007111
Vithal Agarwal - 8890330330

**SHYAM DHANI INDUSTRIES LIMITED**

## विचार बिन्दु

क्रोध में मनुष्य अपने मन की बात नहीं कहता, वह केवल दूसरों का दिल दुखाना चाहता है। –प्रेमचंद

# कोचिंग संस्थानों की मनमानी पर लगाम और सुरक्षा मानकों की जांच जरुरी

कुकुरमुत्तों की तरह देश में पैदा हो रहे कोचिंग संस्थानों के बारे में समय-समय पर जो जानकारी मिल रही है वह निश्चय ही भयावह है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 70 हजार से ज्यादा कोचिंग सेंटर हैं, इनमें स्कूल एजुकेशन से लेकर जेईई, नीट और यूपीएससी परीक्षा आदि की तैयारी करवाई जाती है। ज्यादातर अभिभावक छोटी क्लासेस से ही बच्चों को कोचिंग भेजना शुरू कर देते हैं। बहुत से लोगों ने मान लिया है कि कोचिंग भेजे बिना उनका बच्चा क्लास में पास नहीं हो पाएगा। इस चक्कर में वो कोचिंग का इंफ्रास्ट्रक्चर या शिक्षकों की योग्यता तक चेक नहीं करते हैं। देश के किसी कोचिंग सेंटर में कोई हादसा हो जाने पर उनका ध्यान इन चीजों की तरफ जाता है। वर्ष 2024 में कोटा, दिल्ली, जयपुर, कानपुर समेत कई शहरों में स्थित कोचिंग सेंटर्स में हुए हादसों ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

बच्चों के भविष्य को लेकर झूठे वादे करके हजारों-लाखों रुपये वसूलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार ने बाकायदा दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों के केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने संसद में बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (ण्ण्ईं) ने भ्रामक विज्ञापन के लिए 45 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किए हैं, 19 कोचिंग संस्थानों पर 61,60,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इन कोचिंग सेंटर को भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं को बंद करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं विभिन्न कोचिंग सेंटरों द्वारा अनुचित व्यवहार, विशेषकर छात्रों/अभ्यर्थियों की नामांकन फीस वापस न करने के संबंध में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन में दर्ज की गई अनेक शिकायतों के बाद, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (ऌण्प) ने प्रभावित छात्रों को कुल 1.15 करोड़ की राशि वापस करने की सुविधा प्रदान करने के लिए मिशन-मोड पर इन शिकायतों को हल करने के लिए एक अभियान शुरू किया।

राजस्थान की बात करे तो राजधानी जयपुर में रविवार को उत्कर्ष कोचिंग संस्थान में स्टूडेंट्स के बेहोश होने की घटना के बाद नियमों को ताक पर रख चलाए जा रहे कोचिंग संस्थानों की आंतरिक व्यवस्था और सुरक्षा मानको को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रदेशभर से मिली जानकारी के मुताबिक सैकडों कोचिंग सेंटरों में न तो अग्निशमन की उपयुक्त व्यवस्था है और ना ही दूसरी जरुरी सुविधाएं। विभिन्न गली मुहल्लों में कहीं एक कमरा तो कहीं दो कमरा में कोचिंग सेंटर चल रहे है। ऐसे कोचिंग संचालकों को न तो छात्रों की चिंता है और ना ही अधिकारियों का भय। इन कोचिंग संस्थानों के पास अच्छे उपस्कर, पर्याप्त रोशनी, पेयजल व्यवस्था, शौचालय की सुविधा, स्वच्छ वातावरण, अग्निशमन की व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा और पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं भी नहीं है। कोचिंग स्थलों की बदहाली के लिए संचालकों के साथ अभिभावक भी जिम्मेदार है। अपने खून पसीने की कमाई से माँ-बाप अपने बेटे-बेटी का भविष्य सँवारने का कार्य करते है। कोचिंग संस्थान में भर्ती करने से पहले उसकी सुख-सुविधा को भी देखा जाना चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए की भवन निर्माण की दृष्टि से ठीक है या नहीं। बिजली व्यवस्था कैसी है। भवन के ऊपरी स्थल तक सुविधा पूर्वक जाया जा सकता है या नहीं। सब से महत्त्वपूर्ण यह है आपात स्थिति में बच्चों के बाहर निकलने की व्यवस्था कैसी है। जब आप पूरी तरह संतुष्ट हो जावे तभी अपने बच्चे को कोचिंग में भेजे। केवल पढाई का स्तर ही नहीं जांचे साथ में अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेना जरुरी है ताकि कोई भी अनहोनी को रोका जा सके।

छात्राओं के अचानक बेहोश होने के मामले में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्कर्ष कोचिंग संस्थान की बिल्डिंग को ग्रेटर नगर निगम की टीम ने सील किया है। वहीं की टीम ने यहां के सीवरेज से पानी का सैंपल भी लिया है। बताया जा रहा है कि इस मामले में ग्रेटर नगर निगम ने 6 अधिकारियों की एक जांच कमेटी बनाई है। इस घटना के बाद एक बार फिर कोचिंग संस्थान के नियमन से जुड़े बिल की चर्चा तेज हो गई है। इस बिल को पेश किए जाने की बात पिछले 2 साल से की जा रही है। इसके 2 ड्राफ्ट भी तैयार हो गए हैं, लेकिन अभी तक इसे सदन में पेश नहीं किया गया है। भजनलाल सरकार के गठन के बाद फिर से कोचिंग संस्थानों पर लगाम कसने की बात कही गई थी, मगर अब तक इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। बताया जाता है इस ड्राफ्ट में मनमानी फीस वसूली रोकने, सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, डॉक्टर एवं काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है। ड्राफ्ट के मुताबिक, अगर कोई विद्यार्थी कोर्स के बीच में कोचिंग छोड़ना चाहता है तो उसे सत्र के बचे हुए समय के हिसाब से फीस वापस कर दी जाएगी।

**राज्यभर में कोचिंग संसथान रेलवे के गैंगमैन से लेकर आईएएस अफसर बनाने तक का सपना छात्रों को दिखाता है। अंडर ग्रेजुएट, ग्रेजुएट से लेकर यूपीएससी, स्टेट पीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, मैनेजमैंट, क्लर्क आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के अलावा कंप्यूटर कोर्स और इंगलिश स्पीकिंग कोर्स कराने के नाम पर भी कोचिंग संचालक चांदी काट रहे हैं। कोचिंग संस्थानों पर सरकार और कानून का कोई अंकुश ही नहीं है।**


विद्यार्थियों का कहना है कि अगर एडमिशन लेने के बाद उन्हें लगता है कि यहां सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। अगर सुविधाएं ठीक नहीं हैं तो भी वे वहीं पढ़ने को मजबूर होते हैं, क्योंकि संस्थान उन्हें फीस वापस नहीं करता। अगर यह बिल आ गया होता तो विद्यार्थियों को इन दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ता। अब इस मामले में राज्य मानवाधिकार आयोग ने सख्ती दिखाई है। आयोग अध्यक्ष जस्टिस जी.आर. मूलचंदानी ने मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर, जिला कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को नोटिस भेजकर 15 जनवरी तक रिपोर्ट पेश करने को कहा है। आयोग ने कोचिंग सेंटर में छात्रों के स्वास्थ्य को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए भी निर्देश जारी किए।

राजधानी में अनेक ऐसे बिना सक्षम मंजूरी और कन्वर्जन के चलने वाले कोचिंग संस्थानों और होटलों ने लोगों का सुख-चैन छीन लिया है। प्रदेश की राजधानी इस समय किसी बड़ी दुर्घटना के मुहाने पर बैठी है। बिना किसी अत्यावश्यक सुविधा के चलने वाला यह व्यवसाय जिस प्रकार संचालित हो रहा है वह शासन-प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में इन दिनों कोचिंग संस्थानों और होटल व्यवसाय की बाढ़ सी आ गयी है। लगता है किसी को कोई धंधा नहीं मिले तो ये धंधे तो लाभकारी है ही। इसके लिए किसी की मंजूरी की जरुरत नहीं है। बस सम्बद्ध अधिकारियों की मुट्ठी गरम करो और फिर किसी कानून कायदे की जरुरत नहीं है। राजधानी में इनका लम्बा जाल फेल गया है। रिहायसी इलाकों में जहाँ देखो आपको कोचिंग और होटल देखने को मिल जायेंगे। बड़ी संख्या में छात्र इन दोनों के इर्द-गिर्द देखे जा सकते है। कोचिंग संस्थानों की हालत तो यह है यहाँ बच्चों की सुरक्षा की किसी को कोई परवाह नही है। यहाँ तक की अभिभावक भी बेपरवाह है। फायर सिस्टम कहीं नहीं है। यही स्थिति जयपुर की है जहाँ गली-गली और सडकों पर कोचिंग खुल गए है। पार्किंग भी कहीं नहीं है और हर समय दुर्घटना का आदेश बना रहता है। राजधानी के गोपालपुरा से गुर्जर की थड़ी वाली रोड पर दर्जनों कोचिंग संस्थान है जिनके कारण हर समय ट्रैफिक व्यवस्था अस्त-व्यस्त रहती है। राज्यभर में कोचिंग संस्थान रेलवे के गैंगमैन से लेकर आईएएस अफसर बनाने तक का सपना छात्रों को दिखाता है। अंडर ग्रेजुएट, ग्रेजुएट से लेकर यूपीएससी, स्टेट पीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, मैनेजमैंट, क्लर्क आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के अलावा कंप्यूटर कोर्स और इंगलिश स्पीकिंग कोर्स कराने के नाम पर भी कोचिंग संचालक चांदी काट रहे हैं। कोचिंग संस्थानों पर सरकार और कानून का कोई अंकुश ही नहीं है। गोपालपुरा बाईपास और इससे जुड़ी कॉलोनियों में 100 से भी ज्यादा कोचिंग इंस्टीट्यूट और उनसे जनित 100 से ज्यादा हॉस्टल चल रहे हैं। जिस क्षेत्र को रेजीडेंशियल मान लोगों ने मकान बनाए, वहां कोचिंग इंस्टीट्यूट, हॉस्टल आदि से उनका सुख-चैन छिन गया है। एक कोचिंग में 50 से 500 तक स्टूडेंट हैं, जो कई शिफ्टों में चलते हैं। इससे रिहायशी क्षेत्र में सड़क पर दिनभर और देर रात तक जाम रहता है। टोंक फाटक, गोपालपुरा बरकत नगर, मालवीय नगर, झोटवाड़ा, प्रताप नगर, बापू नगर, जवाहर सर्किल के आसपास, विद्याधर नगर, वैशाली नगर और लालकोठी, यूनिवर्सिटी मार्ग, मानसरोवर आदि में कुकुरमुत्ते की तरह ये फैल गए है। इन क्षेत्रों में लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

असामाजिक तत्व आये दिन उत्पात मचाते है। गाड़ियों के शीशे तोड़ जाते है। चलती महिलाओं के गले से चेन झपटा करते है। यहाँ के निवासियों की शिकायते कहीं भी नहीं सुनी जाने से लोगों में भयंकर आक्रोश है। लगता है हाथ पर हाथ धरे बैठा प्रशासन एक नयी दुखांतिका का इंतजार कर रहा है। गौरतलब है छह माह पूर्व जयपुर शहर में संचालित कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की जयपुर पुलिस द्वारा सघन जाँच की गई थी जिनमें 65 संस्थानों में सुरक्षा मानकों की अनिमितता पाई गई। इनमें 31 संस्थानों को नोटिस एवं 38 संस्थानों की सील की कार्रवाई की गई। जयपुर में निजी कोचिंग संस्थान में स्टूडेंट्स के बेहोश होने का मामला सामने आने के बाद अब सरकार अलर्ट मोड़ पर है। पूरे प्रदेश के कोचिंग संस्थानों की खैरखबर शुरू हो गई है। नियमों के प्रतिकूल काम करने वाले संस्थानों पर गाज गिरने की कार्यवाही शुरू हो गई है।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

# राष्ट्रीय संस्कृति नीति की आवश्यकता



राजेश्वर सिंह

संस्कृति में किसी भी विशिष्ट भूभाग के जनसामान्य के जीवन मूल्य, विश्वास, विचार, आस्थाएँ, चिन्तन प्रणाली व जीवन शैली समाहित होती और यह साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकला, स्थापत्य, मूर्तिकला, वस्त्र, आभूषण, आहार व व्यवहार इत्यादि के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त करती है । स्वातंत्र्योत्तर भारत में संस्कृति के विविध रूपाकारों व आयामों को सुरक्षित, संरक्षित व विकसित करने के लिए सरकारी और निजी स्तर पर बहुविध प्रयास किए गए हैं जिनके अत्यंत सकारात्मक एवं उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं ।

आवश्यकता इस बात की है कि भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य को और अधिक सक्रिय, समृद्ध समुन्नत व समावेशी बनाने के लिए साहित्य, संगीत, नृत्य, चित्रकला, मूर्ति कला, रंगमंच इत्यादि क्षेत्रों में सुचिंतित व सुविचारित नीति बनाकर आगे बढ़ा जाए ताकि अतीत की गौरवशाली धरोहर का संरक्षण किया जा सके, वर्तमान परिवेश में व्याप्त घृणा, कटुता, वेमनस्य, निराशा, हताशा, अवसाद, अकेलेपन को समाप्त कर आशावाद, आनंद व उत्साहपूर्ण वातावरण का सृजन किया जा सके और इस सकारात्मक विचार व कार्य की आधारशिला पर भविष्य के स्वर्णिम भारत का निर्माण किया जा सके।

स्वतंत्रता के तत्काल बाद भारत में साहित्य अकादमी, संगीत नाटक अकादमी, ललित कला अकादमी तथा नेशनल स्कूल आफ ड्रामा की स्थापना की गई। इसी पैटर्न पर राज्यों में भी सक्षम, सशक्त व सुदृढ़ सांगठनिक संरचनाओं के सृजन की आवश्यकता है जो कि स्वयं से संबंधित गतिविधियों का समन्वित एवं लक्ष्य केंद्रित तरीके से संचालन कर सके। बड़े राज्यों में इन संस्थाओं के संभागीय, क्षेत्रीय अथवा जिला कार्यालय भी स्थापित किया जा सकते हैं। विभिन्न भाषाओं एवं लोक भाषाओं की एक ही साहित्य अकादमी बनाने से अंतर्भाषाई संपर्क, संवाद, समन्वय, सामंजस्य व समृद्ध सृजनशीलता को प्रोत्साहन मिलेगा।

केंद्रीय व राज्य स्तर पर साहित्य, संगीत व कला विश्वविद्यालय तथा जिला स्तर पर साहित्य, संगीत व कला महाविद्यालय स्थापित करने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभिन्न विधाओं में पृथक-पृथक कार्यरत शैक्षिणक संस्थाओं को इन विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सरलतापूर्वक समाहित किया जा सकता है। साहित्य, संगीत व विविध कला रूपों के समन्वित उच्च अध्ययन से न केवल विद्यार्थियों के मानसिक क्षितिज का विस्तार होगा वरन् अंतर अनुशासनिक अध्ययन व अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा। आईआईटी आईआईएम एवं एम्स की तर्ज पर साहित्य व संस्कृति के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छुक विद्यार्थियों के लिए उक्त विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय एक वरदान से कम साबित नहीं होंगे।

इसी प्रकार उच्च शिक्षा के विभिन्न डिग्री एवं पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री प्रोग्राम के साथ साहित्य, संगीत एवं विविध कला रूपों में डिप्लोमा एवं पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम को समन्वित किया जा सकता है। विज्ञान, वाणिज्य, प्रौद्योगिकी व प्रबंधन के छात्रों को यदि साहित्य, संगीत अथवा विविध कला रूपों के अध्ययन का अवसर मिलता है तो समग्र शैक्षणिक व सामाजिक परिवेश को उदार, संवेदनशील समरस, सौंदर्यपूर्ण एवं मानवीय बनाने में मदद मिलेगी।

नियमित समयांतराल पर पंचायत, नगर, विकासखंड, जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर संस्कृति महोत्सव का आयोजन एक नई शुरुआत हो सकती है जिसके माध्यम से न केवल साहित्यकारों एवं कलाकारों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु सशक्त मंच प्राप्त होगा वरन इन आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के माध्यम से आमजन के साहित्यिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं वैचारिक उन्नयन का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर यथा बावड़ी, सरोवर, झील, नदी, महल, किले, गढ़, हवेलियां, मठ, मंदिर एवं मस्जिद इत्यादि के सर्वेक्षण एवं सूचीकरण का कार्य भी अविलंब पूर्ण किया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र की मदद से इस धरोहर की सुरक्षा, संरक्षण व विकास की विस्तृत कार्ययोजना बनानी चाहिए। इन स्थलों तक संपर्क सड़क का निर्माण तथा वहां पर रुकने के लिए पर्यटक विश्रामगृह अथवा होटल का निर्माण सरकार तथा निजी क्षेत्र की प्राथमिकता में होना चाहिए ताकि धरोहर तो संरक्षित रहे ही साथ ही पर्यटन प्रोत्साहन के माध्यम से रोजगार सृजन का साधन भी निर्मित हो सकेगा। टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण को भी एक औपचारिक, व्यवस्थित एवं संस्थागत स्वरूप देने की आवश्यकता है ताकि पर्यटकों को सही सूचनाएं प्राप्त हो सकें।

भारतीय संस्कृति एवं दर्शन, योग, आयुर्वेद, ज्योतिष, वास्तु शास्त्र तथा शास्त्रीय संगीत में विदेशी पर्यटकों की रुचि रहती है। प्रस्तावित साहित्य संगीत एवं कला विश्व विद्यालय, संस्कृत विश्वविद्यालय एवं आयुर्वेद संस्थानों में इस हेतु अल्पावधि के कार्यक्रम प्रारंभ किया जा सकते हैं ताकि पर्यटकों की उत्सुकता, रुचि व जिज्ञासा को वास्तविक ज्ञानार्जन द्वारा संतुष्ट किया जा सके। इसी प्रकार इन विधाओं में कार्यरत विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं का सरकार द्वारा सूचीकरण एवं अधिप्रमाणन भी किया जा सकता है ताकि पर्यटक ठगे नहीं जावे व उनकी दृष्टि में देश की छवि धूमिल नहीं हो।

राजनेताओं की स्मृति को संरक्षित करने की दिशा में काफी काम हुआ है पर कवि, लेखक, साहित्यकार, कलाकार, वैज्ञानिक, समाज वैज्ञानिक, शिक्षाविद् आदि की स्मृति को भी सुरक्षित एवं संरक्षित करने की महती आवश्यकता है। उनके जन्म स्थान पर उनके नाम से पुस्तकालय, संग्रहालय एवं अतिथि गृह का निर्माण तथा उनकी जयंती व पुण्य तिथि का आयोजन इत्यादि इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों का नामकरण भी उनके नाम पर किया जा सकता है।

भारतीय संघ के प्रत्येक राज्य की राजधानी में राष्ट्रीय इतिहास संग्रहालय का निर्माण किया जाना चाहिए जिसमें पूर्वी, उत्तर पूर्वी, पश्चिमी एवं दक्षिणी भारत के इतिहास, कला, साहित्य, संस्कृति व महापुरुषों को बराबर महत्व मिले एवं प्रत्येक नागरिक इस विशाल महादेश की समृद्ध संस्कृति के निर्माण में विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट योगदान से सुपरिचित हो सके। एक राष्ट्रीय अनुवाद संस्थान की स्थापना भी की जानी चाहिए ताकि विभिन्न भारतीय भाषाओं के कालजयी साहित्य का दूसरी भारतीय भाषाओं में प्रमाणिक अनुवाद संभव हो सके और इसके माध्यम से अंतरभाषाई संपर्क और संवाद को प्रोत्साहन प्राप्त हो सके।

इसी प्रकार अनेक लोक भाषाएँ एवं लोककलाएँ, जिनमें जनजाति समुदाय की भाषाएँ एवं कलाएँ भी सम्मिलित है, आज विलुप्ति के कगार पर है। यह मानवता की अमूल्य धरोहर है जिसमें जन सामान्य की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्मृतियां तथा विराट अनुभव व विपुल ज्ञान की संपदा समाहित है। इनका संरक्षण व विकास भी राष्ट्रीय संस्कृति नीति का आवश्यक एवं महत्वपूर्ण अंग होना चाहिए।

**–राजेश्वर सिंह,**
**आईएएस ( सेवानिवृत्त )**

# बीकानेर की मूंगफली अपने स्वाद के कारण दुनिया के कई देशों के खरीददारों की पहली पसंद

## मंडी व्यापारियों और निर्यातकों को इस बार 1.25 करोड़ बोरियों के उत्पादन की उम्मीद

- **स्वाद और पौष्टिक गुणों के कारण बीकानेर की मूंगफली का चीन सबसे बड़ा खरीददार है**
- **थाईलैंड, वियतनाम, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका तक जाती है बीकानेर की मूंगफली**

**बीकानेर,** (निसं)। मिट्टी में होने वाली बीकानेर की मूंगफली अपने स्वाद के कारण पूरी दुनिया में खरीदारों की पहली पसंद है। मूंगफली से नमकीन प्रोडक्ट्स बनाने वाली बड़ी कंपनियां बीकाजी, बीकानेरवाला, भीखाराम-चांदमल और हल्दीराम आदि बीकानेर में पैदा हुई मूंगफलियों की डिमांड करती है। बीकानेर जिले में हर साल मूंगफली की लगभग एक करोड़ बोरियों का उत्पादन होता है। एक बोरी का वजन 35 किलोग्राम होता है। इस बार पूरे बीकानेर में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। ऐसे में मंडी व्यापारियों और निर्यातकों को इस बार 1 करोड़ 25 लाख बोरियों के उत्पादन की उम्मीद है। बीकानेर की मूंगफली का स्वाद और पौष्टिक गुणों के कारण चीन इसका सबसे बड़ा खरीदार है। इसके अलावा यहां की मूंगफली यूरोपीय देशों थाईलैंड, वियतनाम, पाकिस्तान, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका तक जाती है। दुनियाभर में स्नैक्स बनाने वाली बड़ी कंपनियां बीकानेर की मूंगफली की डिमांड करती हैं।

बीकानेर के मूंगफली निर्यातक बृजमोहन चांडक ने बताया कि जिले में हर साल करीब 1 करोड़ बोरी मूंगफली का उत्पादन होता है। एक बोरी में 35 किलो मूंगफली आती है। पिछले साल तक ये उत्पादन एक करोड़ बोरी तक पहुंचा था। इस बार ये मात्रा बढ़कर सवा करोड़ बोरी तक पहुंच गई है। बीकानेर की अनाज मंडी के साथ ही ऊन मंडी में भी इन दिनों मूंगफली की ढेरियां नजर आ रही हैं। नोखा, लूणकरनसर, श्रीडूंगरगढ़ सहित अन्य ग्रामीण मंडियों में भी हर तरफ मूंगफली ही मूंगफली नजर आ रही है। चांडक ने बताया कि बीकानेरी मूंगफली का सबसे बड़ा खरीदार चीन है। बीकानेर से मूंगफली चीन को एक्सपोर्ट होती है। बीकानेर से प्रोसेसिंग के बाद मूंगफली गुजरात भेजी जाती है। वहां से चीनी व्यापारी मूंगफली की खरीदारी करते हैं। पहले गुजरात के व्यापारी बीकानेर आकर मूंगफली की खरीद करते थे। मूंगफली को गुजरात ले जाकर प्रोसेसिंग यूनिट के जरिए अच्छा दाना निकालकर विदेश सप्लाई करते थे, लेकिन अब बीकानेर में ही एक दर्जन से ज्यादा यूनिट लग गई है। आसपास के इलाके को भी मिला लें तो 100 से ज्यादा प्रोसेसिंग यूनिट्स हो गई है। उन्होंने बताया कि मंडी से निर्यातक बेहतर मूंगफली की खरीद करते हैं। मंडी से मूंगफली प्रोसेसिंग यूनिट में आती है। इसे गोदाम में स्टॉक किया जाता है। मूंगफली की अच्छे से क्लीनिंग की जाती है। मूंगफली के छिलके, कंकर और मिट्टी अलग कर दिए जाते हैं।

चांडक ने बताया कि दानों को पानी में भिगोया जाता है। यह दाने का मॉइश्चर मेंटेन करने के लिए किया जाता है। इसके बाद छिलका अलग किया जाता है। मजदूर हाथ से अच्छे दानों की अलग से छंटाई करते हैं। इसके बाद मशीन से फाइनल छंटाई कर समान बेहतर क्वालिटी के दानों को अलग किया जाता है। यहां से अच्छे दाने की पैकिंग कर माल विदेश भेजा जाता है। हालांकि माल विदेश जाने का रास्ता गुजरात से होकर ही निकलता है, इसलिए प्रोसेस होकर मूंगफली कंटेनरों से गुजरात जाती है। बृजमोहन चांडक ने कहा कि राज्य सरकार अगर कोशिश करे तो बीकानेर की मूंगफली बीकानेर से अलग-अलग पोर्ट के जरिए सीधे विदेश जा सकती है। इससे स्थानीय व्यापारियों को अधिक मुनाफा होगा।

चांडक ने बताया कि देश में मूंगफली उत्पादन के मामले में अब बीकानेर जिला सबसे ऊंचे पायदान पर है। अब तक गुजरात के राजकोट में देश की सर्वाधिक मूंगफली का उत्पादन हो रहा था, लेकिन अब बीकानेर आगे निकल गया है। बीकानेर में पिछले साल 55 लाख क्विंटल मूंगफली उत्पादन हुआ था। इस बार इससे ज्यादा उत्पादन का रिकॉर्ड बनने की उम्मीद है। इस बार राजकोट में कुल उत्पादन 53 लाख क्विंटल रहा है, जबकि बीकानेर में करीब 40-45 लाख क्विंटल का कारोबार हो चुका है। इस बार मूंगफली के बीज, फुटकर विक्रेताओं, ऑयल व गोटा मिलों के जरिए सीधी खरीद 10 से 15 लाख क्विंटल रहने का अनुमान है।

बीकानेर अनाज मंडी के पूर्व अध्यक्ष और व्यापारी मोतीलाल सेठिया ने बताया कि बीकानेर में नई अनाज मंडी गंगानगर रोड पर है। दीपावली के बाद से मंडी में मूंगफली की आवक शुरू हो जाती है। शुरू में आवक धीमी होती है। लेकिन अब एक लाख बोरियों का ऑक्शन रोजाना हो रहा है। मंडी में सवा लाख बोरियां तक रोजाना आ रही हैं। लगभग 25 हजार बोरियां ऑक्शन से छूट जाती है। इन्हें अगले दिन ऑक्शन में शामिल किया जाता है। मंडी में किसानों को मूंगफली लाने और बेचने में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक मंडी के सभी गेट खुले रहते हैं। इस बार बारिश अच्छी रही। मूंगफली की गिरी (दाना) गुलाबी है। यह अच्छी क्वालिटी की पहचान है। इस बार खेतों में मूंगफली की 8 से 12 क्विंटल प्रति बीघा पैदावार हो रही है। बीकानेर में तेल और दाने की 100 से अधिक मिले हैं। इन दिनों पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान से डिमांड कम आ रही है। इसकी वजह पड़ोसी देशों से भारत के संबंधों में आ रही तल्खी हो सकती है। हालांकि यूरोपीय देशों, चीन और मलेशिया से डिमांड बनी हुई है। सर्दी बढ़ने के साथ डिमांड भी बढ़ेगी।

बीकानेर के खाजूवाला के किसान नरेंद्र आर्य ने बताया कि जिले में बीकानेर, खाजूवाला, लूणकरणसर, श्रीडूंगरगढ़, नोखा, बज्जू क्षेत्र में मूंगफली की खेती होती है। जिले में मूंगफली के बुवाई क्षेत्र की बात करें तो साल 2022-23 में 2 लाख 73 हजार हेक्टेयर में किसानों ने बुवाई की थी, जबकि साल 2023-24 में 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर में बुवाई की गई। इस तरह बुवाई क्षेत्र में 7 हजार हेक्टेयर की बढ़ोतरी रही। समय पर बारिश, कीट या व्याधि का प्रकोप न होने के कारण इस सीजन में प्रति हेक्टेयर डेढ़ से दो क्विंटल उत्पादन बढ़ा है। इस बार मानसून में बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। कोलायत, श्रीडूंगरगढ़, नोखा व खाजूवाला क्षेत्र में अच्छी बारिश रही। नहरी पानी ने भी पूरा साथ दिया। ऐसे में किसानों ने समय पर मूंगफली की बुवाई की। परिणाम ये है कि मंडियों में मूंगफली रखने की जगह नहीं है।


# महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात बिगड़ा

- **राज्य के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को अभी तक अंग्रेजी में ट्रेंड शिक्षक नहीं मिले**
- **ज्यादा खराब स्थिति ग्रामीण क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम स्कूलों की है**

**बीकानेर,** (निसं)। छात्राओं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा अगले सप्ताह खत्म होने वाली है, लेकिन राज्य के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को अभी तक अंग्रेजी में ट्रेंड शिक्षक नहीं मिले हैं। सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों को शिक्षक नहीं मिलने से इन स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात गड़बड़ा गया है। ज्यादा स्थिति खराब ग्रामीण क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम स्कूलों की है।

जानकारी के अनुसार राज्य सरकार की ओर से पिछले छह साल में हिंदी मीडियम से 3737 स्कूलों को इंग्लिश मीडियम में रूपांतरित किया गया है, लेकिन इन स्कूलों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को ना तो ट्रेंड टीचर मिले ना ही इंफ्रास्ट्रक्चर। बीकानेर जिले के इंग्लिश मीडियम स्कूल जसनाथपुरा, कतरियासर और बंदा स्कूल में सिर्फ दो छात्रों का ही नामांकन है। वहीं महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल बरसिंगसर में भी नामांकन कम होने से पहली से 8वीं कक्षा में दो सेक्शन से एक सेक्शन कर दिया गया है। इंग्लिश मीडियम स्कूल मोतीगढ़ में भी सिर्फ 21 बच्चों का नामांकन है। यह हालत केवल एक-दो स्कूलों के नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश स्कूलों में निर्धारित सीटों से कम विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। इस शिक्षा सत्र में महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में दाखिले के लिए मई-जून में ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे। प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन की प्रक्रिया इस बार नहीं अपनाई गई। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश अभिभावक ऑनलाइन प्रक्रिया को समझ नहीं पाए, इस कारण आवेदन भी निर्धारित सीटों से कम हुए। नतीजा अनेक स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई। महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए शिक्षा विभाग ने 25 अगस्त को स्टाफ चयन परीक्षा आयोजित की। परीक्षा में 79 हजार से अधिक शिक्षकों ने आवेदन किया, लेकिन बोनस अंकों का विवाद न्यायालय में होने के कारण अभी तक परीक्षा का रिजल्ट घोषित नहीं हुआ है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 21 दिसम्बर, 2024**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र रविवार प्रात: 6:14 तक, प्रीति योग सायं 6:22 तक, वणिज करण दिन 12:22 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग रविवार प्रात: 6:14 तक है। आज भद्रा दिन 12:22 से रात्रि 1:27 तक रहेगी। आज सायन मकर में सूर्य प्रवेश दिन 2:51 पर होगा। आज से सूर्य उत्तरायण आरम्भ होगा। आज से शिशिर ऋतु आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:33 से 9:50 तक, चर 12:25 से 1:42 तक, लाभ-अमृत 1:42 से 4:17 तक।


**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:16, सूर्यास्त 5:34

### मेष




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक सफलता से आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष




घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कर्क




आज स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखें। व्यावसायिक मामलों में संयम रखना ठीक रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### सिंह



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। नवीन व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कन्या




आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### तुला




आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

### धनु




व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आज शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। परिवार में व्राद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

### कुंभ



परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मीन



व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 140 प्रभात जयपुर, शनिवार 21 दिसम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Wah Ustad Wah! Ruk Kyun Gaye?**

"He's a fearsome technician and also a whimsical inventor, devoted to exuberant play. So, he rarely seems overbearing, even when the blur of his fingers rivals the beat of a hummingbird's wings." - *New York Times*

**Outdoor Living Trends in 2025**

# आखिर कल के घटनाक्रम का फुटेज कहाँ है?

## कांग्रेस का कहना है, प्रशासनिक मामलों में अंतिम अथॉरिटी लोकसभा स्पीकर की होती है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि संसद कॉम्प्लैक्स पर अंतिम अथॉरिटी लोकसभा स्पीकर की होती है, जिन्होंने कल की घटना का सी.सी.टी.वी. फुटेज जारी करना उचित नहीं समझा, जिस घटना के परिणामस्वरूप भाजपा तथा विपक्षी दलों के बीच मुठभेड़ हो गई थी।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह बात बिल्कुल स्पष्ट नहीं है कि कौन सच बोल रहा है और कौन तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है और पब्लिक डोमेन में कोई सबूत उपलब्ध नहीं होने के बावजूद, पुलिस ने भाजपा की शिकायत पर राहुल गाँधी के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की है। लेकिन, पुलिस में कांग्रेस की शिकायत पर भाजपा नेताओं के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज करना उचित नहीं समझा है।

नाराज प्रियंका ने कहा, भाजपा सांसदों की शिकायत पर पुलिस ने मेरे भाई के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर ली, पर कांग्रेस के कई सांसद, जिनमें कई महिला सांसद भी थीं, पुलिस स्टेशन गए शिकायत दर्ज कराने, लेकिन उनके बार-बार कहने पर भी उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

- **घटना के विरोध में कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष का औपचारिक चाय का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया, जो संसद के सत्रावसान पर स्पीकर द्वारा सभी राजनैतिक दलों को दिया जाता है।**
- **क्रोधित प्रियंका गांधी ने कहा, पुलिस ने भाजपा सांसदों की शिकायत पर तो मेरे भाई के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कर ली, पर हमारी महिला सांसदों ने कई बार शिकायत की, लेकिन उन्होंने इस पर ध्यान तक नहीं दिया।**
- **प्रियंका गांधी ने यह भी कहा कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आसन ने यह तकनीकी कारण बताकर खारिज कर दिया, कि इसमें 14 दिन की आवश्यक अवधि पूरी नहीं हो रही है।**

आज लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, किसी भी सदन में कोई कामकाज नहीं हुआ। तथापि, आज एक जॉइन्ट पार्लियामैंटरी कमेटी गठित करने की घोषणा की गई।

प्रचलित प्रथा के अनुसार, सत्र की समाप्ति पर विपक्षी दलों के नेता स्पीकर द्वारा आयोजित चाय पार्टी में शामिल होते हैं, लेकिन, कांग्रेस पार्टी ने इस चाय पार्टी का बायकॉट किया।

क्रोधित प्रियंका गाँधी ने बाद में कहा कि भाजपा ने उनके भाई राहुल गाँधी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज की है, तो हम स्पीकर की चाय पार्टी में शामिल क्यों हों।

कांग्रेस ने कहा, राज्यसभा चेयरमैन तथा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव भी केवल तकनीकी कारणों से रद्द कर दिया गया, क्योंकि नियमानुसार अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का नोटिस पीरियड जरूरी है और जब नोटिस दिया गया शीतकालीन सत्र में केवल 10 दिन बचे थे। यह पहली बार है, जब विपक्ष द्वारा राज्यसभा चेयरमैन के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है और कांग्रेस के नेताओं के अनुसार, इसके परिणामस्वरूप विपक्ष तथा राज्यसभा चेयरमैन के बीच संबंध और अधिक खराब हुए हैं।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, मोदी और अमित शाह का निशाना राहुल गाँधी हैं और इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि भाजपा के दोनों बड़े नेता राहुल गाँधी को अयोग्य करार देकर संसद से बाहर करवाने का प्रयास करते हैं तो, राहुल गाँधी लगातार गौतम अडानी के मुद्दे पर दोनों को, खासकर मोदी को परेशान कर रहे हैं।

# ओम प्रकाश चौटाला का निधन

सिरसा, 20 दिसंबर। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है। वे 89 साल के थे। शुक्रवार को वे गुरुग्राम में अपने घर पर थे। उन्हें दिल का दौरा पड़ा। जिसके बाद साढ़े 11 बजे उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में लाया गया। करीब आधे घंटे बाद दोपहर 12 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

सूचना मिलते ही उनके बेटे अजय, अभय चौटाला और पोते पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला अस्पताल में पहुंचे। वहीं अस्पताल के बाहर उनके समर्थकों की भीड़ भी जुटी।

ओम प्रकाश चौटाला के निधन के कारण राज्य में तीन दिन का राजकीय शोक रहेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई राजनेताओं ने अपने सोशल हैंडल पर शोक व्यक्त किया है। चौटाला के निधन का समाचार मिलते ही उनके समर्थक सिरसा व तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर एकत्रित होने शुरू हो गए थे।

- **हरियाणा सरकार ने तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया।**

चौटाला के निधन पर सैनी सरकार ने पूरे प्रदेश में 22 दिसंबर तक तीन दिन का राजकीय शोक रखा गया है और 21 दिसंबर को प्रदेश में एक दिन का अवकाश रहेगा। शुक्रवार से 22 दिसंबर तक प्रदेश में कोई सरकारी मनोरंजन कार्यक्रम नही होंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भागवत ने आर.एस.एस. का नया अध्याय लिखने का प्रयास किया

## देश में बढ़ता साम्प्रदायिक तनाव कम करने की कोशिश करते हुए उन्होंने आए दिन उठाए जा रहे मंदिर-मस्जिद विवादों पर चिंता जताई

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर। देश में बढ़ती जा रही साम्प्रदायिक भावनाओं को कम करने की कोशिश के अन्तर्गत, आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत ने अनेक मंदिर-मस्जिद विवादों के उभरने की चिन्ता व्यक्त की है तङ्था कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर निर्माण के बाद, कुछ लोग यह मानने लगे हैं कि वे इस प्रकार के मुद्दे उभार कर "हिन्दुओं के नेता" बन सकते हैं।

भागवत ने कहा कि दुनिया को दिखा देने की जरूरत है कि यह देश मेल-मिलाप एवं मित्रभाव में रह सकता है। वे आज "सहजीवन व्याख्यानमाला में "भारत- विश्वगुरु" विषय पर व्याख्यान दे रहे थे।

भारत की विविधता पर प्रकाश डालते हुये, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख ने कहा कि क्रिसमस रामकृष्ण मिशन में भी क्रिसमस मनाया जाता हैं तथा "केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हम हिन्दू हैं।"

उन्होंने कहा, "हम लम्बे समय से मिलजुल कर रह रहे हैं। अगर हम विश्व को यह मेल-मिलाप उपलब्ध कराना चाहते हैं, तो हमें इसका एक आदर्श बनने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोग यह सोचने लगे हैं कि नई-नई जगहों पर इसी प्रकार के मुद्दे उभार कर, वे हिन्दुओं के नेता बन सकते हैं।"

- **डॉ. भागवत ने, "भारत- विश्व गुरु" विषय पर सहजीवन व्याख्यानमाला में बोलते हुए एकीकृत समाज पर जोर दिया।**
- **भागवत ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद कई लोगों को लगता है कि मंदिर और मस्जिद का विवाद उठा कर वे हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। हर दिन एक नया विवाद उठाया जा रहा है, इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है।**
- **उन्होंने कहा, हमारे यहाँ रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है, यह सिर्फ इसी देश में हो सकता है। हमें विश्व को "सद्भाव" देना है तो हमें खुद इसका आदर्श बनना होगा।**

उन्होंने किसी स्थल विशेष का नाम लिये बिना कहा, "हर दिन एक नया मामला (विवाद) उभारा जा रहा है। ऐसा कैसे होने दिया जा सकता है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखा देना जरुरी हैं कि हम साथ-साथ रह सकते हैं।" इन दिनों, मन्दिरों को खोज निकालने के लिये मस्जिदों के सर्वे की बहुत सी माँगें अदालतों तक पहुँच गई हैं, भले ही भागवत ने अपने व्याख्यान में इनमें से किसी का नामोल्लेख नहीं किया हो। उन्होंने कहा कि कुछ समूह, जो बाहर से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भारत ने बाँग्लादेश को कड़ी फटकार लगाई

## फटकार के बाद बाँग्लादेश ने फेसबुक से भारत विरोधी पोस्ट डिलीट की

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर। भारत ने उस फेसबुक पोस्ट के लिये बाँग्लादेश को झाड़ लगाई है, जिसे देश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद युनुस के एक निकटस्थ सहयोगी ने फेसबुक पर डाला था तथा जिसे अब डिलीट कर दिया गया है। उस व्यक्ति ने पोस्ट में बाँग्लादेश से सटे भारतीय भू-भाग को छीन कर बाँग्लादेश में मिलाने की धमकी दी थी।

यूनुस के प्रमुख सलाहकार महफूज़ आलम की पोस्ट का हवाला देते हुये विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता, राँधी जायसवाल ने कहा, "हमने इस मुद्दे पर बाँग्लादेश को कड़ा विरोध दर्ज करा दिया है। हम और संदर्भित पोस्ट अब कथित रूप से हटा ली गई है।"

आलम ने 16 दिसम्बर को फेसबुक पर डाली गई अपने पोस्ट से एक विवाद खड़ा कर दिया है। ज्ञातव्य है कि 16 दिसम्बर को पाकिस्तान की सेना पर 1971 के "मुक्ति युद्ध" में हुई जीत के उपलक्ष्य में "विजय दिवस" मनाया जाता है। पोस्ट में महफूज़ ने भारत पर ऐसी नीतियाँ अपनाने का आरोप लगाया था जिनका उद्देश्य "बाँग्लादेश को दबाना तथा नियंत्रित रखना" है। महफूज़ ने इन नीतियों को 1975 के विप्लव, जिसके परिणामस्वरूप शेख मुजीबुर्रहमान तथा उनके अधिकांश परिजनों की मृत्यु हुई

- **बाँग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के करीबी सहयोगी महफूज़ आलम ने विजय दिवस पर लिखी पोस्ट में भारत पर बाँग्लादेश को दबाने का आरोप लगाया और भारत के कुछ भागों को छीन लेने की धमकी दी।**
- **ज्ञातव्य है कि सितम्बर में न्यूयॉर्क में हुए क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव मु यूनुस ने महफूज़ को बाँग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों का मास्टरमाइंड बता कर सबसे मिलवाया था।**
- **भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बाँग्लादेश के प्रति कड़ी नाराज़गी जताई और सार्वजनिक बयानबाजी में सतर्कता बरतने की हिदायत दी।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

कोटा, 20 दिसम्बर (निसं)। शहर के विज्ञान नगर थाना इलाके के हॉस्टल में एक कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

कोचिंग छात्र बीते 8 माह से कोटा में रहकर जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहा था। छात्र मूल रूप से बिहार के वैशाली जिले का निवासी था। घटना की सूचना के बाद पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां गहन जांच पड़ताल की गई। साथ ही, फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। विज्ञान नगर थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि 16 वर्षीय बिहार के वैशाली निवासी छात्र ने आत्महत्या कर ली। वह कोटा के निजी कोचिंग से इंजीनियरिंग एंट्रेंस की तैयारी कर रहा था तथा रोड नंबर 5 स्थित एक हॉस्टल में रह रहा था। पुलिस को शुक्रवार सुबह 10.30 बजे घटना की जानकारी मिली। उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर एमबीएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। साथ ही, घटना की

- **बिहार का रहने वाला 16 वर्षीय छात्र इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहा था।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )






# भारतीय अर्थव्यवस्था, दो अलग दृष्टिकोण, ना दोनों पूरे सत्य हैं, ना ही झूठ

## एक दृष्टिकोण केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का है और दूसरा विपक्ष के नेता राहुल गाँधी का

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर। इस सप्ताह हमे भारतीय अर्थव्यवस्था के दो एकदम अलग और परस्पर विरोधी। एक दृष्टिकोण वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से दूसरा विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मिला। दोनों दृष्टिकोण एक समय में सच नहीं हो सकते, दोनों झूठ हो सकते है। पर ऐसा लगता है दोनों में सत्य के कुछ अंश है।

संसद के दौरान निर्मला सीतारमण ने कहा कि दूसरी तिमाही में जी.डी.पी. में जो गिरावट आई थी, जिसकी काफी चर्चा हुई वह क्षणिक थी और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है। ग्रोथ रेट जल्दी ही बढ़ने लगेगी और उच्च स्तरीय ग्रोथ रेट के पथ पर अग्रसर है।

- **सीतारमण ने वित्त मंत्री होने के नाते सकारात्मक नज़रिया प्रस्तुत किया और कहा कि जी.डी.पी. की गिरावट क्षणिक है। एक सैक्टर के प्रदर्शन से पूरी अर्थव्यवस्था को कमज़ोर नहीं कहा जा सकता।**
- **उन्होंने कहा, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है और जल्दी ही ग्रोथ रेट भी बढ़ने लगेगी।**
- **इसके विपरीत विपक्ष के नेता राहुल गाँधी ने "क्रोनी कैपिटलिज़्म" का हवाला दिया और कहा कि इस वजह से निर्माण क्षेत्र कमज़ोर हुआ, मुद्रा अवमूल्यन हुआ है, खपत भी घटी है।**

इससे पहले राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में अर्थव्यवस्था की गिरावट पर लिखा व कहा क्या होता है जब सरकार निष्पक्ष व्यापारों क्रोनी व्यवसायों को प्राथमिकता देती है।

गांधी ने इसका जवाब दिया "कमजोर निर्माण क्षेत्र, मुद्रा का अवमूल्यन, व्यापारिक घाटा, बढ़ी हुई ब्याज दर, घटती खपत बढ़ती महंगाई। निश्चित रुप से इनमें से कुछ आंकड़े विपक्ष के दृष्टिकोण की पुष्टि करते है। पर ऐसा बहुत कुछ है जो एकाएक दिखाई नहीं देता है।

निर्मला सीतारमण ने संसद में बहस के दौरान जो कुछ कहा पहले उसे गहराई से देखते है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि निर्माण क्षेत्र में अचानक गिरावट आई। औद्योगिक वृद्धि की रेट दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जिससे औद्योगिक क्षेत्र पर असर पड़ा। ग्रोथ केवल 5.4 प्रतिशत रही, हालांकि कुछ लोग ग्रोथ रेट 6.8 प्रतिशत के आसपास मान रहे थे।

निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह भविष्य का पूर्वानुमान नहीं था। एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संक्षिप्त

### समिति का गठन

**निवाई।** शिवाजी कॉलोनी स्थित टीलेश्वर महादेव मंदिर समिति के गठन को लेकर साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से संरक्षक के पद पर दादू दयाल आश्रम के अध्यक्ष गोविंददास महाराज व टीलेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष के पद पर सत्यनारायण जायसवाल को नियुक्त किया गया। भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर ने बताया कि कार्यकारण में उपाध्यक्ष रामवतार सैनी, कोषाध्यक्ष घनश्याम शर्मा, संगठन मंत्री रामस्वरूप नायक व मंत्री के पद पर विजय शर्मा को नियुक्त किया गया। इस दौरान सदस्य के रूप में कमलेश किराड, जगदीश सैनी, अनिल श्रीमाल, शुभम शर्मा व प्रीतम राजवंशी को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश शर्मा, गुलाब जायसवाल, निशांत शर्मा, राजू शर्मा, अजय शर्मा, बुद्धि प्रजापत, राजेश पारीक, मोहन टेलर, कैलाश स्वामी, रमेश पारीक, पंकज शर्मा, रमेश सोनी व गप्पू सोनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### वार्षिक खेलोत्सव का शुभारंभ

**निवाई।** भगवानदास पारीक ड्रीम स्कूल निवाई में वार्षिक खेलकूद दिवस का शुभारंभ हुआ जिसमें छात्र- छात्राओं व अध्यापकों में उत्साह व जोश का माहौल बना रहा। खेलोत्सव का शुभारंभ निदेशिका डॉ. शचि पारीक, निदेशक यशवंत पारीक व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजोरा ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान लेमन रेस, बाल बैलेंसिंग, बल्लू चेयर,एप्पल कॉर्न रेस सहित कई मजेदार और रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनको देखकर दर्शकों को खूब आनंद लिया। खेलकूद के आयोजन में शारीरिक शिक्षा शिक्षक गणेश जाट, गणेश सेन व विकास सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गुंजन शर्मा, अमीषा जैन, स्वाती विजय, पूजा खंडेलवाल, अदिति शर्मा, सरोज साधु व तनु अग्रवाल सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

### सात दिवसीय शिविर शुरू

**श्रीमाधोपुर।** लाल बहादुर शास्त्री कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय निदेशक जितेन्द्र शर्मा, कार्यकारी निदेशक अवधेश शर्मा व प्राचार्य डॉ. विनोद सैनी तथा श्री आदर्श महिला बी एड कालेज प्राचार्य डॉ बाबूलाल सैनी ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर प्रभारी महेंद्र निठारवाल व निकिता सैनी के निर्देशन में गोद लिए हुए ग्राम ढाणी पोलादास व जयरामकावाली में सर्वप्रथम स्वयंसेविकाओ ने साफ सफाई की इसके पश्चात मौसमी बिमारियों से बचाव हेतु जागरुकता रैली निकाली गई।

### रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन

**मनोहरपुर।** विधायक मनीष यादव के जन्मदिवस पर 22 दिसंबर को वंडरलैंड वाटरपार्क, मनोहरपुर में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को लेकर मनोहरपुर में कार्यकर्ताओं ने किया पोस्टर विमोचनआयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं ने आसपास के गांवों में जाकर पीले चावल बांटकर रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का न्योता दिया। मीटिंग में अर्जुन मोहनपुरिया, अलाउद्दीन, रसीद, ग़फ़्फ़ार, महेश, रवि मीना, कैलाश,महावीर, विक्रम, रामसमरूप, पंकज, विजेंद्र, मनीष, शामिल रहे।

### पोस्टर का विमोचन

**श्रीमाधोपुर ।** नागेश्वर शिक्षष संस्थान नावलाई में द्वितीय स्वैश्विक रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन किया गया जिसमें नवनिर्वाचित अभिभाषक संघ अध्यक्ष रामजी लाल सैनी, मुख्य बीमा सलाहकार शिवपाल जाखड़, नागेश्वर शिक्षा संस्थान के निदेशक विजय कुमार सैनी आई डी एफबी बैंक मैनेजर रतनलाल सैनी, बलराम शर्मा, विजय कुमार सैनी, रामकरण सैनी, महावीर सैनी, शिवपाल सैनी, सुल्तान सैनी एवं गाँव के गणमान्य लोगो के रामजी लाल सैनी, दिनेश कुमार मनाडे, राधेश्याम सैनी, मोहनी सैनी, सुमनलता, कंचन, ममता एवं ग्राम के गणमान्य लोगो ने भाग लिया।

### आरोपी की जमानत खारिज

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर परिवार व पोक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश मीनाक्षी जैन ने एक नाबालिग का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के आरोपी बीनू कुमार गुर्जर निवासी अकोदिया पुलिस थाना बाटोदा का मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

# उपजिला अस्पताल पावटा मुख्यालय पर बनाना मेरी जिम्मेदारी : कुलदीप धनखड़

**पावटा।** क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ ने पावटा पंचायत समिति सभागार मे भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र खीवंसर ने मेरे आग्रह पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत किया है। जिसे जन भावनाओ को देखते हुए पावटा मे ही बनाने की घोषणा करता हूँ। क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए वचनबद्ध हुं।



विधायक कुलदीप धनखड़ ने भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उपजिला चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए लगभग 30 से 40 करोड़ रुपए स्वीकृत कर मुख्यमंत्री ने बड़ा तोहफा दिया है। उपखण्ड सहित कई गांवों के लोगों को चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही ट्रोमा सेंटर का निर्माण भी होगा। विधायक धनखड़ ने कहा कि किसी भी नेता या किसी भी कार्यकर्ता ने पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को क्रमोन्नत करने के लिए कोई आग्रह नहीं किया था। मैंने मेरी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए इसे क्रमोन्नत कराया ताकि सत्ताईसा क्षेत्र की जनता एवं आमजन को ठीक प्रकार से उपचार एवं चिकित्सा की सुविधा मिल सके। नेशनल हाईवे 48 पर आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है एवं उपचार के

- **विधायक कुलदीप धनकड ने उपजिला अस्पताल पावटा को पावटा मे ही बनाने की घोषणा**

अभाव में सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को कोटपूतली, शाहपुरा एवं जयपुर के लिए रेफर करना पड़ता है कई बार वहां तक पहुंचते-पहुँचते मरीजों की मौत तक हो जाती है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री श्रीमान गजेन्द्र खीवसर से निवेदन कर सामुदायिक स्वास्थ्थ केंद्र पावटा को क्रमोन्नत कर उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत करवा कर जनता को सौगात देने का कार्य किया है।

इसके बाद भी स्थिति जस की तस है। बस स्टैंड से लेकर बाजार तक इसकी व्यवस्था नहीं है। जिसको देखते हुए पावटा सेठों का मोहल्ला, रामलीला मैदान, लाखौडी मे पार्किंग की की व्यवस्था की जायेगी वही सुलभ शौचालय व पार्क भी बनाया जाएगा। इस दौरान पावटा चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, वाइस चेयरमेन नरपत सिंह, पूर्व कृषि मंडी चेयरमेन सुरेश गिठाला, बद्रीप्रसाद चौहान, पावटा तहसील ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व अग्रवाल महासभा अध्यक्ष महेश थानेदार, लाड़ाकाबास सरपंच प्रतिनिधि मदन यादव, मोहन सैनी, जोधपुरा सरपंच प्रह्लाद माठ, दिनेश शर्मा, पुष्कर बंसल सहित बड़ी संख्या मे भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डाक विभाग ने लगाया शिविर

**शाहपुरा।** उपखंड के गांव बिदारा में शुक्रवार को अटल सेवा केन्द्र पर भारतीय डाक विभाग शाहपुरा द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करने के लिए एक दिवसीय विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में सुकन्या समृद्धि योजना के 67 खाते खोलने के साथ ही 36 बाल आधार कार्ड निशुल्क बनाए गए। शिविर में मुख्य अतिथि तहसीलदार नीलमराज बंशीवाल ने कहा कि आज का दौर बेटियों का है।

विशिष्ट अतिथि डाक अधिदर्शक विक्रम कुमार ने पोस्ट ऑफिस की बचत बैंक योजनाएं जैसे सावधि जमा, आवर्ती जमा, बचत खाता एवं सुकन्या समृद्धि,विभिन्न योजनाएं व जीवन बीमा आदि के बारे में जानकारी दी गई। शिविर कि अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना सिर्फ निवेश का एक माध्यम नहीं है बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल समृद्ध भविष्य से भी जुड़ा हुआ है।

# नवनियुक्त पीसीसी महासचिव कसाना का किया स्वागत

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सुन्दरपुरा निवासी कांग्रेस नेता देव कसाना को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महासचिव बनाये जाने के बाद कोटपूतली आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जगह-जगह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कसाना के कोटपूतली पहुंचने पर कस्बे में भव्य

- **कस्बे में निकाला स्वागत जुलूस**

स्वागत रैली निकाली गई। कसाना ने अग्रसेन सर्किल पर महाराजा अग्रसेन, नगर परिषद पार्क में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, मुख्य चौराहे पर महात्मा ज्योतिबा फूले व राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में पूर्व केन्द्रिय मंत्री व किसान नेता स्व. राजेश पायलट की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्प



अभिवादन करते नवनियुक्त पीसीसी महासचिव देव कसाना।

अर्पित किये।

उनके साथ आये पीसीसी सचिव अजय अग्रवाल का भी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत, जिला पार्षद मन्जू रावत, वस्त्र व्यापार संगठन के अध्यक्ष होशियार कसाना, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव तारा पूतली,युवा नेता विनोद कसाना, प्रकाश पायला, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप रावत समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**श्रीमाधोपुर ।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडरू में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से 5 बजे तक किया गया। शिविर प्रभारी डॉ प्रमिला यादव ने बताया कि शिविर में नेत्ररोग, दंत रोग एवं अन्य विषय विशेषज्ञ टीम द्वारा शिविर में लोगों का निशुल्क इलाज किया गया। शिविर का शुभारंम्भ सुमित्रा शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत मुंडरू ने किया।इस अवसर पर डॉ राजेश सिंह ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ निरमा बुरानिया चिकित्सा अधिकारी,डॉ. ललित शर्मा आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, टीम श्रीमाधोपुर, डॉ जितेंद्र बाजिया दंत रोग, डॉ कमल नेत्र रोग, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रवि प्रकाश सैनी श्रीमाधोपुर, रोहिताश पारीक लेखा सहायक, फारुख मोहम्मद सेक्टर सुपरवाइजर,आशीष सैनी योग प्रशिक्षक, राकेश शर्मा सीनियर नर्सिंग ऑफिसर, एवं सेक्टर की समस्त ए एन एम आशासीएचओ आदि उपस्थित रहे। शिविर में कुल 422 लोगों को लाभान्वित किया।

# 93.56 करोड़ की लागत से बन रहा रेलवे ओवरब्रिज

**निवाई।** निवाई शहर में जयपुर टोंक रोड पर चैनपुरा फाटक एवं निवाई बौंली रोड पर झिलाय रोड रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य युद्ध स्तर से चल रहा है। दोनों रेलवे फाटकों पर करीब साढे 93 करोड की राशि की लागत से रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है। रेलवे लाइन पर पुलिया के बन जाने से वाहनों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। जिससे एक और वाहन चालकों का समय बचेगा और आर्थिक रूप से फायदा भी होगा। जिससे वाहन चालकों सहित आमजन में खुशी है। जानकारी के अनुसार हर रोज दिन व रात में ट्रेन गुजरने के दौरान दोनों फाटक करीब 35 बार बंद किए जाते हैं जिससे वाहनों की आवाजाही रुक जाती है। इससे समय की बर्बादी के साथ ही यात्री वाहनों व अन्य वाहन चालकों को अपने गंतव्य पर पहुंचने में देरी हो जाती है।

वाहन के स्टार्ट रहने से लाखों रूपए का डीजल व पेट्रोल बेफिजूल जलता रहता है जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान होने के साथ ही पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। इसके साथ ही विद्युत लाइन से इलेक्ट्रिक ट्रेन हो जाने के बाद से दोनों फाटकों से भारी वाहनों का प्रवेश भी बंद हो गया था।

- **रेलवे ओवर ब्रिज के साथ ही वाहनों के लिए बनेगें अंडरपास**

शहर में औद्योगिक क्षेत्र व अन्य प्रकार के व्यापारिक सामान लाने वाले वाहनों को लंबा चक्कर लगाकर शहर में प्रवेश करना पडता है जिससे उन्हें भी समय के साथ ही धन का नुकसान होता है। राज्य सरकार ने आरओबी निर्माण के लिए कुल 93.56 करोड की राशि स्वीकृत की है।

इसमें जयपुर रोड पर चैनपुरा फाटक पर 47 करोड 27 लाख रूपये तथा झिलाय रेल्वे फाटक पर आरओबी निर्माण के लिए 46 करोड व 29 लाख रूपये खर्च होगें। दोनों ओर पुलिया का निर्माण हो जाने से सभी वाहनों की आवाजाही निर्बाध रूप से जारी रह पाएगी जिससे वाहन चालकों को समय व धन की बचत होगी। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता आशीष वर्मा ने बताया कि आरओबी का वर्चुअल शिलान्यास केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया था। अक्टूबर 2024 से कार्य शुरू हो गया था। जिसको लेकर झिलाय रोड से श्याम मंदिर होते हुए 80 फीट रोड से बाईपास से वाहनों का रास्ता डायवर्ड किया गया है। इसी प्रकार चैनपुरा फाटक पर फाटक से ललवाडी चौराहे से महावीर ढाबे की और रास्ता डायवर्ड किया गया है। जयपुर रोड पर स्थित चैनपुरा फाटक व बौंली रोड पर स्थित झिलाय फाटक 24 घंटे में रेलवे आवाजाही के दौरान करीब 35 बार फाटक बंद होते है जिससे हर बार करीब 10-20 मिनट यातायात बंद रहता है। इस प्रकार 24 घंटे में से करीब 6 घंटे फाटक बंद रहते हैं।

**ओवर ब्रिज के साथ ही अंडरपास भी बनेगा:-** सार्वजनिक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशाषी अभियंता आशीष वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दोनों रेलवे फाटक के लिए आरओबी निर्माण स्वीकृत किया है। उन्होंने बताया कि झिलाय रेलवे फाटक पर हौंडा शोरूम से बाईपास पुलिया तक भारी वाहनों के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा। रेलवे ओवर ब्रिज के साथ ही हल्के वाहनों के लिए रेलवे फाटक से करीब सौ से डेढ सौ मीटर तक दुपहिया व चार पहिया वाहनों के लिए अंडरपास का निर्माण करवाया जाएगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

**गोविन्दगढ़ /अलवर।** राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम का द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 20.12.2024 को किया गया कार्यक्रम का मंच संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रदीप कुमार महोलिया ने किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरस्वती पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात स्वयंसेविका छवि, माही ने प्रार्थना प्रस्तुत की उसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्यगीत एक स्वर में गाकर इसके अनुरूप कार्य करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र माय भारत की ओर से अनिल कुमार ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता को शोषण से बचने के लिए उनके अधिकार और उनके कानून संबंधी जानकारियां पर व्याख्यान दिया तथा उपभोक्ता अधिकार व जागरूकता लिए पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर खुशी अग्रवाल कक्षा प्रथम वर्ष तथा दूसरे स्थान पर छवि पांचाल कक्षा द्वितीय वर्ष तथा तृतीय स्थान पर हिमांशी कक्षा प्रथम वर्ष रही इन्हें माय भारत की और से पुरस्कार दिया गया स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय के भीतर के गार्डन तथा बाहर के गार्डन की साफ सफाई की तथा गार्डन में ईटे लगवाई तथा कचरे का बाहर की ओर निस्तारण किया इसके तत्पश्चात स्वमंसेवकों के बीच नींबू चम्मच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र वर्ग में सिमरन कौर द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर रही तथा छात्र वर्ग में रणजीत सिंह प्रथम स्थान पर रहा प्रतियोगिता के बाद विद्यार्थियों को अल्पाहार दिया गया

कार्यक्रम में उपस्थित हिमांशु अवस्थी व मोनिका राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय प्रभारी ने स्वयंसेवकों को उत्साह के साथ श्रमदान करने तथा महाविद्यालय में आसपास के माहौल को स्वच्छ बनाने हेतु प्रेरित किया और सभ्य नागरिक बनने हेतु प्रोत्साहित किया

शिविर में अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता मैं 20 किलोमीटर पैदलचाल प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली महाविद्यालय की छात्रा कोमल जोरवाल को खेल विभाग ओर से ट्रैकसूट प्रदान किया गया

कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्मिक राजेश शर्मा, श्रीकांत पाठक, पूरण जी शर्मा, शंभू, कोमल मीणा, श्रवण, बलविंदर, योगेंद्र, हरिराम जी आदि उपस्थित रहे।

## प्रशासन गांवो की ओर शिविर में निराश लौटे लोग

**मालपुरा।** लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग ए आर प्रभाग राजस्थान सरकार से प्रदत्त निर्देशानुसार 19 से 24 दिसम्बर तक आयोजित सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार को मालपुरा पंचायत समिति सभागार मे आयोजित प्रशासन गांवो की और शिविर मे जिम्मेदार अधिकारियों के नही पहुंचने से निराश लौटे फरियादी।

जिला कलेक्टर सौम्या झां ने आदेश जारी कर शिविर प्रभारी का दायित्व उपखण्ड अधिकारी व सहप्रभारी का दायित्व पंचायत समिति विकास अधिकारी को दिया गया था। सरकार व विभाग की योजनानुसार पंचायत समिति सभागार मे शिविर का आयोजन तो हुआ लेकिन सक्षम अधिकारियो के नही पहुंचने से शिविर महज कागजी खानापूर्ति बनकर रह गया। चिकित्सा विभाग, महिला बाल विकास व आयुर्वेद विभाग सहित सुचना प्रोद्योगिकी सहित लगभग आधा दर्जन विभागो के अधिकारी ही शिविर मे मौजूद रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 222 मरीजों को मिला परामर्श

**नारायणपुर ।** ग्राम पंचायत बुर्जा के गाँव खरवा में स्थित सामुदायिक भवन में शुक्रवार को निम्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और डॉक्टर पंकज सिंह फाउंडेशन के सहयोग से समाजसेवी राकेश दायमा के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न

- **शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की**

विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस शिविर में कुल 222 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इनमें से 40 लोगों को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया हैं। शिविर में निम्स हॉस्पिटल की ओर से शिविर प्रभारी विष्णु कुमावत, नीरज जाटावत, नासिर अंसारी, और राम रतन गुर्जर ने सक्रिय भूमिका निभाई। डॉक्टरों



नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया ।

की टीम में मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनीत लामोरिया, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश रहीसा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.संजीव लाकड़ा, नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ, और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी ने मरीजों को परामर्श दिया। शिविर में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के शिविर आयोजित करने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में सचिन अवाना, रामपाल कुमावत, लोकेश कुमावत, अमित जाद, लीलाराम, दुर्गाप्रसाद वर्मा, रामस्वरूप, नारायण सैनी, दल्लाराम जाट, रिकू अवाना, गणेश चौधरी, कमलेश सैनी, धीरज मीणा, और रामस्वरूप वर्मा सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।

## जनसुनवाई का आयोजन

**दूदू।** सुशासन सप्ताह के तहत आमजन की विभिन्न समस्याओं एवं परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले में ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर विशेष ग्राम सभा एवं पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार ने बताया कि सुशासन सप्ताह (19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक) के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान का आयोजन जिले में किया जा रहा है।

संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों की सुनवाई संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई और जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया ।सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर अभियान में शुक्रवार को दूदू की ग्राम पंचायत पडासोली गागरडू, मरवा, बिंगोलाव मौजमाबाद की ग्राम पंचायत गुढा बेरसल,अखेपुरा बोराज, खुड़ियाला, धमाना, महलां उगरियावास, गाडोता, रसीली, गंगातीकलां तथा फागी की ग्राम पंचायत मेंदवास, लसाड़िया, नारेडा एवं चकवाडा में विशेष ग्राम सभा एवं जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**टोंक।** जिला महिला आंगनबाडी कर्मचारी संघ ने जिला कलेक्टर के माध्यम से जिला कलेक्टर को अपनी मागों को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से पोषाहार सम्बन्धित जानकारी पूर्व ही तरह रजिस्ट्रर में ही दर्ज करवाये जाने की मांग के साथ ही ऑफलाईन ही फार्म भरे जाने की प्रक्रिया को पूर्व की भांति चलाये जाने के आदेश जारी किये जाये। साथ ही पूर्व की भांति केन्द्र व राज्य का मानदेय माह के दिनांक 1 से 5 तक एक साथ ही दिया जाये तथा सेवा के अतिरिक्त अन्य कार्यो को ना करवाने के आदेश जारी किये जायें। ज्ञापन प्रस्तुतकर्ताओं में जिलाध्यक्ष सन्तोष शर्मा, सन्तरा चौधरी सहित दर्जनो आंगनबाडी कार्यकर्ता मौजूद रही।

### सुशासन सप्ताह के तहत की जनसुनवाई

**मानपुरा माचेड़ी ।** सरकार के द्वारा मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत मानपुरा माचेड़ी में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ।जनसुनवाई में मौजूद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को लोगो ने अपनी समस्या व कार्यों के लिए आवेदन दिए।ग्राम विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के प्रभारी जन स्वास्थ्य व अभियांत्रिक विभाग के सहायक अभियंता नीरज पिपलोदा के दिशा निर्देश में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित हुआ।जनसुनवाई में विवाह पंजीकरण, जॉबकार्ड,म्रत्यु प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र,नाली सफाई सहित वारिस नामकरण व 5 नामांतरण के आवेदन आए।साथ ही सरकारी स्कूल को अक्षय पात्र से जोड़ने,रोडवेज बस को रुण्डल मोड़ तक आने जाने की ग्रामीणों की मांग के ज्ञापन भी आए।लोगो ने राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य के नियमित स्कूल नही आने की शिकायत भी की।इस दौरान सरपंच पिंकी देवी ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग ने रुण्डल मोड़ पर सर्किल बनाने की सहमति ग्राम पंचायत को दे दी हैं।अब जल्दी की सर्किल का निर्माण किया जाएगा।इस अवसर पर सरपंच पिंकी सुरेंद्र मौर्य,हल्का पटवारी मोहन मीणा,उप सरपंच रामकरण यादव, वार्ड पंच सीताराम बेनीवाल, किशन यादव,बाबूलाल प्रजापत, ईमित्र संचालक शिंभू दयाल गठाला, ब्रजेश यादव, निखिल सिंह सहित लोग मौजूद थे।

### आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**नारायणपुर ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में 21 दिसंबर को आवश्यक विद्युत रखरखाव कार्य के चलते बिजली आपूर्ति 4 घंटे बाधित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार ने जानकारी दी है कि इस दौरान कई इलाकों में सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। अधिकारियों के अनुसार यह रखरखाव कार्य बिजली आपूर्ति को अधिक सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए किया जा रहा है। कार्य में ट्रांसफार्मरों की मरम्मत, फीडर लाइनों की जांच, और पुराने तारों को बदलने का काम शामिल है। बिजली कटौती से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में नारायणपुर कस्बा, अजबपुरा, चांदपुरी, कराणा, चतरपुरा और आसपास के अन्य गांव शामिल हैं। विभाग ने ग्रामीण और व्यापारियों से सहयोग की अपील की है और कहा है कि यह कार्य उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। विद्युत विभाग ने लोगों को एडवांस में बिजली बंद रहने की सूचना देकर अपनी दिनचर्या और कामकाज की योजना बनाने का अनुरोध किया है। वहीं, ग्रामीणों ने सुझाव दिया है कि इस तरह के रखरखाव कार्यों के लिए समय का चयन ऐसा हो, जिससे न्यूनतम असुविधा हो। बिजली विभाग ने भरोसा दिलाया है कि निर्धारित समय के भीतर कार्य पूरा कर लिया जाएगा और बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्द बहाल किया जाएगा।

### कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**टोंक।** देश के गृहमंत्री भाजपा नेता अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर पर की गई अभद्र टिप्पणी तथा संसद परिसर में भाजपा सांसदों द्वारा हमारे राष्ट्रीय नेता लोकसभा प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के साथ की गई, धक्का मुक्की के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बेरवा के नेतृत्व में घंटाघर चौराहा टोंक पर भाजपा नेता अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि आरएसएस के लोग भीमराव अंबेडकर के योगदान को मिटाना चाहते हैं, अंबेडकर के प्रति उनकी जो सोच है, उसे उन्होंने सबके सामने दिखा दिया है। इनके राजनीतिक पूर्वजों ने कभी संविधान को सम्मान नहीं दिया तथा कभी संविधान को स्वीकार नहीं किया, उसकी प्रतियां जलाईं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रति इनकी सोच का पता चलता है। उन्होने कहा बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सबके हैं, क्योंकि वे दलित, शोषित और वंचित लोगों समेत समाज के हर व्यक्ति की बात करते थे, वे सभी के प्रति सहानुभूति रखते थे।

### विधार्थियों ने योग व प्राणायाम सीखें

**कोटपूतली।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों ने योग गुरु पूरणमल यादव के निर्देशन में योग कर अपने आप को स्वस्थ रखने के लिये अनेक योगासन सीखें। यादव ने विद्यार्थियों को विविध योग क्रियाओं की जानकारी प्रदान करते हुये उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के अनेक कारगर उपाय भी बताये। उन्होंने ध्यान योग क्रियाओं के माध्यम से एकाग्रता, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, त्राटक व अनेक योगासन सीखाते हुये बताया कि प्रतिदिन हमें योग करना चाहिये, ताकि इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में हम स्वस्थ और प्रसन्न रह सकें। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। आप योग को अपने जीवन का अंग बनाये, जिससे आप ना केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रह सकेगें। प्राणायाम के द्वारा आप अपने मन और मस्तिष्क को नियंत्रित करना सीख सकते हैं। हमारा सदैव ये प्रयास रहता है कि विद्यार्थी अध्ययन के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक गतिविधियों में भी कुशल व सशक्त बनें और सदैव सकारात्मक सोचें। बर्सर विकास चौधरी ने कहा कि वर्तमान में बच्चे मोबाईल और विडियो गेम आदि में इतने उलझे रहते हैं कि वो शारीरिक गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं, जिस कारण वे एकाकी, चिड़चिड़े और जिद्दी बनते जा रहे हैं। ऐसे में योग एक सशक्त माध्यम है, जिसे अपनाकर वे सक्रिय और स्वस्थ बन सकते हैं। उपप्रधानाचार्य रमेश सकलानी व शारीरिक शिक्षक रणदेव मनहास ने विद्याथियों को योग करने के लिये प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों की मदद की

**चाकसू।** राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू में स्वतः स्फूर्त ''छात्रा सहायता सहेली''ग्रुप के द्वारा छात्राओं को एग्जामिनेशन फॉर्म भरने में सहायता प्रदान की जा रही हैं।महाविद्यालय की सह आचार्य डॉ मंजू लता शर्मा ने बताया कि द्वितीय वर्ष की जिया सांवरिया के नेतृत्व में यह स्वत: स्फूर्त ग्रुप बनाया गया है। छात्रा सहायता सहेली ग्रुप ने महाविद्यालय की छात्राओं को एडमिशन से लेकर एग्जामिनेशन फॉर्म और जिन छात्राओं के रिजल्ट रुक गए थे, उनके रिजल्ट्स को घोषित करवाने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रुप लीडर जिया सांवरिया ने राजस्थान विश्वविद्यालय जाकर के छात्राओं के रिजल्ट्स को घोषित करवाया है। जिया के नेतृत्व में प्रियंका महावर, निधि वर्मा, वैष्णवी शर्मा, निरमा संचोरिया आदि ग्रुप में सक्रियता से कार्य कर रही है।आज भी छात्राओं ने एग्जामिनेशन फॉर्म भरने वाली छात्राओं के फॉर्म में कमियों को उजागर करके, सही करवा कर महाविद्यालय में जमा करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जलदाय विभाग ने बकाया राशि वसूली

**मालपुरा।** मालपुरा नगरपालिका शहरी क्षैत्र मे पानी के बिलो का समय पर भुगतान नही होने के चलते विभाग की बकाया सुची का आंकडा अनुमानित 3 करोड रूपये होने के बाद शुरू किये गये वसूली अभियान मे विभाग ने 56 लाख रूपयो की वसूली करने मे सफलता हासिल की। जलदाय विभाग के एक्सईएन संदीप बाटड ने बताया कि शहरी क्षैत्र मे उपभोक्ता पानी का कनेक्शन लेने के बाद से ही समय पर बिलो का भुगतान नही करने से विभाग की बकाया सुची दिन-प्रतिदिन बढने को गंभीरता से लेते हुये वसूली अभियान शुरू किया गया है। चार से पांच महिने मे विभाग की टीम ने डोर टू डोर पहुंच कर लगभग 56 लाख रूपयो की बकाया वसूली की है। टीम लगातार बकाया वसूली मे कार्य कर रही है। जो उपभोक्ता बकाया राशि नही दे रहै है उनका नल कनेक्शन भी विच्छेद किया जा रहा है।

# ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठने वाला जोधपुर से गिरफ्तार

■ **अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा 2016 में बैठे डमी अभ्यर्थी गोपाल ढाका को जोधपुर से गिरफ्तार किया है, वह सैकण्ड ग्रेड अध्यापक की नौकरी कर रहा था।**

**जयपुर** (कासं)। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए एक और सरकारी कर्मचारी ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक) भर्ती परीक्षा 2016 में डमी अभ्यर्थी बैठने वाले आरोपित गोपाल ढाका को जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी वीके सिंह ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक) भर्ती परीक्षा 2016 में बैठे डमी अभ्यर्थी गोपाल ढाका निवासी धोरीमना जिला बाड़मेर को जोधपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी सैकण्ड ग्रेड अध्यापक की नौकरी कर रहा था।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी ने बताया कि लादूराम निवासी धोरीमना जिला बाड़मेर में ग्राम विकास अधिकारी (ग्राम सेवक) भर्ती वर्ष 2016 में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपने ऑनलाइन आवेदन में अपने फोटो की जगह दूसरे व्यक्ति गोपाल निवासी धोरीमना जिला बाड़मेर हाल द्वितीय ग्रेड शिक्षक जिला जोधपुर को अपनी जगह डमी अभ्यर्थी के रूप में बैठा कर अपनी परीक्षा दिलाई और फर्जी तरीके से ग्राम सेवक की नौकरी प्राप्त की है।

एसओजी ने जांच के दौरान कर्मचारी चयन आयोग जयपुर से अभ्यर्थी लाडूराम विश्नोई ऑनलाइन आवेदन फॉर्म एवं प्रोविजनल ई प्रवेश पत्र मंगवाया एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति धोरीमन्ना बाड़मेर से ग्राम विकास अधिकारी लादूराम विश्नोई के सर्विस रिकॉर्ड की प्रमाणित फोटो प्रति मंगवाई। जिसमें जांच के दौरान पाया कि बोर्ड से प्राप्त प्रवेश पत्र एवं ऑनलाइन आवेदन पत्र की फोटो एवं हस्ताक्षर पंचायत समिति धोरीमन्ना में ग्राम सेवक पद पर कार्यरत लाडूराम विश्नोई के फोटो एवं हस्ताक्षर मिलान नहीं करते है।

इस प्रकार लाडूराम विश्नोई ने इस परीक्षा के आवेदन पत्र एवं प्रोविजनल प्रवेश पत्र पर अपनी जगह किसी अन्य डमी अभ्यर्थी की फोटो एवं कूटरचित हस्ताक्षर प्रयोग कर अपनी जगह अन्य डमी अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठा कर ग्राम सेवक की नौकरी प्राप्त की है।

इस पर गोपाल ढाका को गिरफ्तार किया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर 28 दिसम्बर तक पूछताछ के लिए पीसी रिमांड लिया जा रहा है। पूछताछ में आरोपी और किन-किन परीक्षाओं में डमी के रूप में बैठा है, इस सम्बन्ध में भी पूछताछ की जाएगी।

# बिहार से गांजा लाकर जयपुर में बेचने वाला तस्कर गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 175 किलो गांजा व कार जब्त की

**जयपुर**। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अन्तर्राज्जीय मादक पदार्थ गांजा तस्कर गौरव शर्मा, समीर वर्मन एवं गोविन्दा सील को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 175 किलो गांजा और लग्जरी कार बरामद की है।

गिरफ्तार तस्कर अवैध मादक पदार्थ कूच बिहार (पश्चिम बंगाल) से लाकर जयपुर शहर में सप्लाई करना सामने आया है। पुलिस के अनुसार जब्त किए गए अवैध मादक पदार्थ गांजा की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 51 लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने ड्रग्स माफियाओं के खिलाफ बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गांजा तस्कर गौरव शर्मा (30) निवासी खोह नागोरियान जयपुर,समीर वर्मन (25) निवासी राजपुर टाउन, जिला कूच (पश्चिम बंगाल) और गोविन्दा सील (32) निवासी अलीपुर जिला फलाकटा (पश्चिम बंगाल) को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने पौने 2 क्विंटल अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं परिवहन में प्रयुक्त एक लग्जरी कार जब्त की है। आरोपियों ने मादक पदार्थ गांजा कूच बिहार पश्चिम बंगाल से लाकर जयपुर शहर में बड़े पैडलरों को देना स्वीकार किया है। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थ गांजा के लिये महिने में दो बार कूच बिहार पश्चिम बंगाल से लाना बताया। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा के प्राप्ति स्त्रोत एवं सप्लायर के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।



**जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने बस्सी इलाके में कार्रवाई करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया।**

# पुलिस कार्मिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध : भजनलाल शर्मा

## नवीन सैलेरी पैकेज में ऑन ड्यूटी एवं ऑफ ड्यूटी में देय होंगे समस्त परिलाभ : मुख्यमंत्री

■ **राजस्थान पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मध्य एम.ओ.यू. हुआ**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मध्य ''राजस्थान पुलिस सैलेरी पैकेज'' पर एमओयू हस्ताक्षिरत हुआ। शर्मा ने कहा कि पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के कल्याण की दिशा में किया गया यह एमओयू अहम कड़ी साबित होगा। राज्य सरकार आने वाले समय में राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के कल्याण के लिए और भी आवश्यक कदम उठाती रहेगी।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आयोजना डॉ. प्रशाखा माथुर एवं एसबीआई की महाप्रबन्धक नेटवर्क प्रथम रितु गौड़ ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस नवीन एमओयू द्वारा प्रदत्त सैलेरी पैकेज में देय आर्थिक परिलाभ, पूर्व में दिए जा रहे परिलाभों से काफी अधिक हैं। राजस्थान पुलिस में कार्यरत पुलिस व मंत्रालयिक कर्मियों को यह परिलाभ प्राप्त होंगे। इस अवसर पर रितु गौड़ ने कहा कि एसबीआई द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में 20 लाख रुपये एवं राजस्थान पुलिस कल्याण निधि में 30 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। नवीन एमओयू के अनुसार, राजस्थान पुलिस में कार्यरत पुलिस एवं मंत्रालयिक कर्मियों को दुर्घटना में मृत्यु होने पर 1 करोड़ 20 लाख रुपये, स्थाई विकलांगता की दशा में 1 करोड़ 10 लाख रुपये तथा स्थाई आंशिक विकलांगता पर 80 लाख रुपये का परिलाभ दिया जाएगा। वहीं, हवाई यात्रा में दुर्घटना होने पर 2 करोड़ 70 लाख रुपये, प्लास्टिक सर्जरी अथवा बर्न के प्रकरणों में 10 लाख रुपये, एयर एम्बुलेंस के लिए 10 लाख रुपये व एम्बुलेंस के लिए 50 हजार रुपये का भुगतान देय होगा। ये समस्त परिलाभ ऑन ड्यूटी एवं ऑफ ड्यूटी दोनों स्थितियों में देय होंगे।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आंनद कुमार, पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम एवं तकनीकी सेवाएं हेमन्त प्रियदर्शी, पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस संजय कुमार अग्रवाल सहित पुलिस विभाग एवं एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# ब्लैक स्पॉट्स ठीक करने के लिए चलेगा विशेष अभियान

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं मे कमी लाने के लिए विशेष अभियान चलाकर ब्लैक स्पॉट्स को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिन्हित कर इनका शीघ्र सुधार किया जाए, ताकि वाहन दुर्घटनाओं से होने वाले जान-माल के नुकसान को रोका जा सके।

मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 2350 करोड़ की लागत से ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम किया जा रहा है ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके।

उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये। गौरतलब है कि प्रदेश में एनएचएआई द्वारा 40 ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर 812.64 करोड़ रुपए की लागत से इन्हें सुधारने का कार्य किया जा रहा है, जिनमें से 13 का काम पूरा हो चुका है तथा शेष का प्रक्रियाधीन है। इसी प्रकार, प्रदेश में एनएचएआई 821.51 करोड़ की लागत से 37 अन्य चिन्हित ब्लैक स्पॉट को सुधारने के कार्य भी शीघ्र शुरू करने जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में एनएच द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ लगभग 650 करोड़ की लागत से 176 ब्लैक स्पॉटस को सुधारने का काम किया जा रहा है। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा चिह्नित 117 ब्लैक स्पॉटस को 31 मार्च 2025 तक ठीक कर दिया जाएगा। राजस्थान राज्य राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भी चिन्हित 30 ब्लैक स्पॉट के सुधार के कार्य 21.72 करोड़ रुपए की लागत से करवाए जा रहे हैं, जो आगामी जनवरी तक पूरे हो जाएंगे। इसके अतिरिक्त 4 सड़कों पर 20.34 करोड़ रुपए की लागत से सड़क सुरक्षा की दृष्टि से सुधार कार्य करवाए जा रहे है।

# ''वीर बाल दिवस'' 26 दिसंबर को

**जयपुर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 दिसंबर को देशभर में ''वीर बाल दिवस'' मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस पर सिख गुरू गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने वीर बाल दिवस के सफल आयोजन के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है।

## सार-समाचार

### चार्टर्ड आउंटेंट्स का सेमीनार आयोजित




**जयपुर** (कासं)। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के मानसरोवर स्टडी सर्कल जयपुर ब्रांच की ओर से होटल रिनेस्ट में 6 घंटे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेमिनार का शुभारंभ सीए सुधीर भंसाली (पूर्व अध्यक्ष, सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल) ने दीप प्रज्वलन और भगवान गणेश को माला अर्पित कर किया। चैप्टर के संयोजक विक्रम गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का पहला सत्र ''कंपनी अधिनियम में अनुपालन'' पर था, जिसे सीए विक्रम सराफ ने प्रस्तुत किया। सेमिनार का दूसरा सत्र एडवोकेट राहुल लखवानी द्वारा ''में हालिया बदलाव'' पर लिया गया। अंतिम सत्र सीए प्रकाश परवाल ने ''ट्रस्ट और '' पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सीए आशीष गुप्ता ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सीए सुराज जैन ने प्रस्तुत किया। इस सेमिनार में बड़ी संख्या में पेशेवरों ने भाग लिया।

### शहीद कमांडो महेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि

**जयपुर**। मुंबई में स्पीड बोट हादसे में नेवी कमांडो महेन्द्र सिंह शेखावत की पार्थिव देह को अपने पैतृक गांव जुणसिया में अंतिम संस्कार के लिए सढ़क मार्ग से ले जाते समय प्रात: 10.30 बजे भवानी निकेतन के सामने समाज के गणमान्य नागरिकों एवं भवानी निकेतन के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़ी संख्या में उपस्थित हो शहीद की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता मान्धाता सिंह धमोरा ने बताया कि मुंबई में स्पीड बोट हादसे में नेवी कमांडो महेन्द्र सिंह शेखावत की पार्थिव देह को अपने पैतृक गांव जुणसिया में अंतिम संस्कार के लिए सड़क मार्ग से ले जाते समय प्रात: 10.30 बजे भवानी निकेतन के सामने समाज के गणमान्य नागरिकों एवं भवानी निकेतन के कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने बढ़ी संख्या में उपस्थित हो शहीद की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। एम्बुलेंस से शहीद की पार्थिव देह भवानी निकेतन के सामने पहुंचते ही 'महेन्द्र सिंह अमर रहे, महेन्द्र सिंह जिन्दाबाद' के उद्घोष से आसमान गुंज उठा।

### स्व. सुरेन्द्र सिंह ओला को श्रद्धांजलि दी

**नीमराना/जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को नीमराना में सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) स्वर्गीय सुरेन्द्र सिंह ओला के पैतृक गांव माजरा काठ पहुंचे। शर्मा ने स्व. सुरेन्द्र सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने स्व. सुरेन्द्र सिंह के परिवारजनों से मुलाकात की एवं उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने शोक-संतप्त परिवार को हर संभव मदद करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक जसवंत सिंह यादव, बाबा बालकनाथ, देवीसिंह शेखावत, कुलदीप धनकड़ सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह का 11 दिसंबर को जयपुर के अक्षयपात्र चौराहा जगतपुरा पर वाहन दुर्घटना में गंभीर घायल होने पर अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

### ''चोर मचाये शोर'' कार्यक्रम शनिवार को

**जयपुर**। देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल के बैनर तले सुपर-60 क्लब के एनुअल कॉन्सर्ट दी विंटेज इयर्स के सातवें संस्करण का आयोजन जवाहर कला केंद्र के रंगायन सभागार में शनिवार 21 दिसम्बर को शाम 5.30 बजे किया जा रहा है। कॉन्सर्ट के इस संस्करण का नाम चोर मचाये शोर रखा गया है। दी विंटेज इयर्स कार्यक्रम अलग -अलग थीम पर पिछले सात वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पूर्व महानिदेशक बी.एल.सोनी होंगे। अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ डी पी अग्रवाल करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में मशहूर चित्रकार पद्मश्री तिलक गीताई तथा उद्यमी अनिल बजाज और पवन बंसल शामिल हैं। देवरञ्जनी म्यूजिक स्कूल की निदेशक सरिता द्विवेदी ने बताया कि चोर मचाये शोर कार्यक्रम में चोरी, लूट, और डाका पर आधारित बॉलीवुड के 40, 50 और 60 के दशकों के विंटेज गीतों को शामिल किया गया है।

### मिलने बुलाकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर**। एयरपोर्ट थाना इलाके में मिलने के बहाने आए परिचित ने दोस्त के साथ मिलकर एक होटल में एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। साथ ही आरोपितो ने अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। थाने में पीडिता ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि सोडाला निवासीएक युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित मोहम्मद अबरार उसका परिचित है। परिचित होने के कारण अक्सर उनकी बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि नवम्बर-2023 में मिलने के बहाने आरोपित ने उसे एयरपोर्ट इलाके स्थित एक होटल में बुलाया। मिलने पहुंचने पर होटल के कमरे में आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो बना लिया। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर आरोपित ने अपने दोस्त घनश्याम के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

# देसी पशुओं के नस्ल सुधार और संरक्षण पर बल : जवाहर सिंह



**गृह, गौपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने शुक्रवार को होटल क्लार्क्स आमेर में ''स्वाद 2024'' डेयरी एवं स्वीट एक्सपो का शुभारंभ किया।**

**जयपुर**। इंडियन डेयरी एसोसिएशन नॉर्थ जोन द्वारा आयोजित ''स्वाद 2024'' डेयरी एवं स्वीट एक्सपो का आज होटल क्लार्क्स आमेर में शुभारंभ किया गया। गृह, गोपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में देसी दुधारू पशुओं के नस्ल सुधार और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। मंत्री ने युवाओं को डेयरी उद्योग और पशुपालन क्षेत्र से जोढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए इस क्षेत्र में रोजगार के अधिक अवसर उत्पन्न करने पर बल दिया।

इस कार्यक्रम में जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम प्रकाश पूनिया ने सहकारी डेयरियों को उचित सरकारी सहायता प्रदान करने की मांग की। उन्होंने 1 और 2 दूध के नाम पर हो रहे उपभोक्ता शोषण पर चिंता जताई और इस पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

जयपुर डेयरी के प्रबंध निदेशक मनीष फौजदार ने डेयरी की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आने वाले समय में डेयरी नए उत्पादों और परियोजनाओं को लॉन्च करेगी। नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के क्षेत्रीय प्रमुख राजेश गुप्ता ने राजस्थान में डेयरी उद्योग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने पशुपालकों और संगठनों को अधिक सक्रियता से काम करने का आव्हान किया और इसे देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का एक सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम में राजस्थान चैप्टर के चेयरमैन डॉ. करुण चंडालिया, सचिव प्रीतेश जोशी और के वित्तीय सलाहकार ललित वर्मा सहित कई जाने-माने डेयरी विशेषज्ञों ने भाग लिया। जयपुर डेयरी द्वारा चलाए जा रहे सरस आरोग्य बीमा योजना, सरस लाडो योजना, और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज प्लांट जैसी पहलों को भी सराहा गया।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**जयपुर**। जवाहर सर्किल इलाके में बंधक बनाकर नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया है कि धोखे से अपने घर ले जाकर दो पडौसियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर डराया-धमकाया। इस संबंध में थाने में नाबालिग पीड़िता के पिता ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि जगतपुरा निवासी व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया है कि एक ही कॉलोनी में रहने के कारण आरोपियों को जानते है। पडौसी होने के कारण नाबालिग बेटी की भी आरोपियों से बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि दोनों आरोपी पडौसी उसके नाबालिग बेटी से मिले। बहला-फुसलाकर धोखे से दोनों आरोपी उसे अपने घर पर ले गए। कमरे में बंद कर आरोपी उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर डराया-धमकाया। नशे की हालत में उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इस बारे में किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। डरी-सहमी होने के कारण नाबालिग पीड़िता ने परिजनों को इस बारे में नहीं बताया।

# 'सहकारी बैंकों में अधिक से अधिक खाते खोलेंगे'

**जयपुर**। सहकारिता शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार मंजू राजपाल ने बताया कि प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के लिये सहकारी बैंकों का आधुनिकीकरण करते हुये अधिक से अधिक लोगों के खाते खुलवाने के लिये प्रेरित किया जायेगा ताकि वे सहकारी योजनाओं के तहत पात्रता के अनुसार लाभ ले सके। उन्होंने बताया कि सहकारी बैंकों के खाताधारकों को रूपे कार्ड जारी किये जायेंगे ताकि वे आधुनिक बैंकिंग की समस्त सुविधायें डोर-स्टेप पर एक क्लिक में प्राप्त कर सके।

राजपाल ने बताया कि सचिव, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार डॉ. आशीष कुमार भूटानी द्वारा शासन सचिवालय में शुक्रवार को सहकार से समृद्धि योजना की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में प्रदेश की पैक्स कम्प्यूटराइजेशन की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया तथा शेष पैक्स की जल्द अनुमति जारी करने के लिये आश्वास्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश् के सहकारी उद्यिमयों को अपने उत्पादों को अन्तरराष्ट्रीय बाजार में विक्रय करने और अधिक रोजगार उत्पन्न करने के लिये उन्हें राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि. से जुडना चाहिये ताकि उन्हें बेहतर अवसर मिल सकें।

रजिस्ट्रार, सहकारिता ने बताया कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में जैविक खेती की जाती है, लेकिन उनके जैविक उत्पादों को उचित मूल्य एवं बाजार उपलब्ध नहीं हो पा रहा था, इसके लिये भारत सरकार की पहल पर राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लि. संस्था का गठन किया गया है। सहकारिता विभाग के स्तर से प्रदेश् के जैविक उत्पादों के क्रय-विक्रय का कार्य करने वाली सहकारी संस्थाओं को एन.सी.ओ.एल से जोडा जायेगा ताकि उनके सदस्यों को उत्पादों का अच्छा मूल्य मिल सके। राजपाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 31 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक कार्य कर रही हैं। प्रदेश में सहकारी साख की सुलभ उपलब्धता के लिये 4 से 5 जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के गठन की संभावना को तलाशा जायेगा।

## चिकित्सा संस्थानों का 16 टीमों ने किया निरीक्षण

**जयपुर/भरतपुर**। स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, सुचारू संचालन एवं स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्टेट रिव्यू मिशन के तहत 16 टीम के 48 सदस्यों द्वारा दो दिवसीय सघन निरीक्षण के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

मिशन निदेशक ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ीकरण कर स्वास्थ्य मानकों को अधिक बेहतर करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, साफ-सफाई सहित अन्य पैरामीटर्स में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिये चिकित्सा अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ निचले स्तर तक पहुंचे और आमजन को जांच, उपचार आदि में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो। डॉ. दीक्षित ने कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं अस्पतालों की सुविधाओं में सुधार कर आमजन का विश्वास अर्जित करें जिससे स्थानीय स्तर पर ईलाज की सुविधा मिल सके।

# 130 से अधिक खनिज एक्सप्लोरेशन प्रोजेक्ट का संचालन करेंगे : टी.रविकांत

**जयपुर**। वर्ष 2025-26 में राजस्थान के माइंस एवं भूविज्ञान, आरएसएमईटी, जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया सहित केन्द्र व राज्य की संस्थाएं 130 से अधिक खनिज एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं का संचालन करेंगी।

प्रमुख शासन सचिव माइंस, जियोलोजी एवंपेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि राज्य के माइंस एवं जियोलोजी विभाग द्वारा 34 एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं पर खनिज खोज का कार्य किया जाएगा। वहीं जीएसआई द्वारा मिशन 1 के तहत एक लिग्नाइट एक्सप्लोरेशन कार्यक्रम सहित 16 एक्सप्लोरेशन कार्यक्रमऔर मिशन 2 में 80 प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही एमईसीएल सहित केन्द्र की अन्य संस्थाओं द्वारा भी खनिज खोज कार्य किया जाएगा। प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त शुक्रवार को आरआईसी में स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि राजस्थान में प्रचुर मात्रा में विविध खनिज होने के साथ ही खनिज एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये जा रहे हैं। आने वाले वर्ष में विभाग व आरएसएमईटी द्वारा 2 फेरस मेटल, 2 बेस मेटल, 8 लाइमस्टोन, 2 डायमेंशनल स्टोन और 20 अन्य खनिजों एक्सप्लोरेशन परियोजनाओं पर काम किया जाएगा। उन्होंने राज्य में माइंस सेक्टर में कार्य कर रही राज्य व केन्द्र की सभीसंस्थाओं से परस्पर सहयोग व समन्वय से गुणवत्ता पूर्ण एक्सप्लोरेशन पर जोर दिया।

रविकान्त ने मेजर और माइनर मिनरल क्षेत्रमें देश भर में लीड लेते हुए किये जा रहे कार्यों के लिए निदेशक माइंस व उनकी पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ते हुए हमें क्रिटिकल और स्टेट्रेजिकल मिनरल्स के खोज व खनन कार्य को औरअधिक तेजी से बढ़ाना होगा। निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने कहाकि राज्य में मिनरल एक्सप्लोरेशन व डिपोजिट्स के खोज व खनन कार्य को आगे बढ़ाने में एसजीपीबी की अहम् भूमिका है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मिनरल ब्लॉकों व प्लॉटों का ऑक्शन कर राज्य में रोजगार और रेवेन्यू दोनों को ही बढ़ावा दिया जा रहा है। उप महानिदेशक जीएसआई अनिन्ध्य भट्टाचार्य ने कहा कि खनिजों की दृष्टि से राजस्थान देश का प्रमुख प्रदेश है। जीएसआई मिशन मोड पर कार्य कर रही है। जीएसआई के निदेशक हरीश मिस्त्री ने प्रजेटेंशन के माध्यम से बताया कि राज्य में डायमण्ड के अलावा करीब करीब सभी तरह के खनिजों के संकेत है। जीएसआई थल, जल और नभ तीनों क्षेत्रों में ही काम कर रहा है और मिशन1 के तहत मेपिंग का काम हो रहा है। एएमडी के क्षेत्रीय निदेशक एसके शर्मा ने रेयर अर्थ, यूरेनियम और प्लेटिनियम के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारा दी। एमईसीएल के आशीष सिंह ने प्रदेश में चल रही गतिविधियों कीजानकारी दी। अतिरिक्त निदेशक जियोलोजी एसएन डोडिया ने विभाग द्वारा एक्सप्लोरेशन, डेलिनियेशन और ऑक्शन की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वर्ष 34 प्रोजेक्ट्स पर कार्य किया जाएगा।

आरएसएमईटी के मुख्य कार्यकारी एनपी सिंह ने आरएसएमईटी द्वारा 107 माइनिंग लीज ब्लॉक तैयार किये गए हैं। वहीं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर विभाग की लेब, ड्रिलिंग विंग को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आरमेट द्वारा सोषियल मीडिया के प्रभावी उपयोग से ऑक्शन के प्रभावी परिणाम प्राप्त हो सके हैं। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा ने किया। सेवानिवृत्त होने वाले विभाग के इरशाद अली और एएमडी के एसके शर्मा को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



**प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने शुक्रवार को आरआईसी में स्टेट जियोलोजिकल प्रोग्रामिंग बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की।**

## साधारण सभा की अनिवार्यता से लोकतंत्र मजबूत होगा : कर्णावट

**जयपुर**। भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं जयपुर ग्रेटर के उपमहापौर पुनीत कर्णावट ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर राज्य सरकार द्वारा हर 2 माह के अंतराल से नगर निगम, नगर परिषद, एवं नगर पालिकाओं में साधारण सभा की अनिवार्यता को लागू करने के लिए जारी किए गए आदेश की प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय शहरी विकास का महत्वपूर्ण अंग है वास्तव में स्थानीय निकाय शहरी सरकार है और शहर के विकास में उनकी भूमिका सर्वाधिक है लेकिन ज्यादातर स्थानीय निकायों में सरकारी अधिकारियों या चुने हुए जन प्रतिनिधियों की हठधर्मिता के कारण साधारण सभा नहीं हो रही है, जिसका दुष्परिणाम स्थानीय निकाय क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को उठाना पड़ता है। पुनीत कर्णावट ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्य के प्रति प्रतिबद्ध भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली श्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने यह आदेश जारी करके स्थानीय निकायों को मजबूती प्रदान की है साथ ही साथ उन्हें और अधिक जवाब देह व पारदर्शी बनाने का भी कार्य किया है।



## World Basketball Day

A fascinating game that started in North America and has grown over the years to be a major sensation, basketball, is actually a simple sport that is played all over the world in neighbourhood parks and household driveways as well as in enormous stadiums with thousands of fans. World Basketball Day is here to give a nod to the heritage of this sport, acknowledging the positive influence that basketball has on individuals, families, neighbourhoods and communities.



#TRADITIONS

# Yule

Yule is celebrated to honour the triumph of light over darkness. As the longest night passes, people rejoice in the promise of longer days.





Yule is a time of joy and reflection. This festive day carries deep significance, marking a period of renewal and hope. People gather to celebrate the return of light as the days begin to lengthen. Many find comfort in the warmth of family and friends during this time. Traditions, both old and new, add a special touch to the season, bringing people together in a shared spirit of happiness. Yule invites everyone to pause, appreciate the moment, and look forward to brighter days ahead.

## Reasons for Celebrating Yule

Yule is celebrated to honour the triumph of light over darkness. As the longest night passes, people rejoice in the promise of longer days. This shift in nature brings a sense of renewal, encouraging everyone to reflect on the past and plan for the future. The day also emphasizes togetherness. Families and communities unite to share the warmth of their homes and hearts, strengthening bonds. Yule reminds us of the importance of connection, light, and new beginnings.

## History

Yule, one of the oldest winter solstice celebrations, dates back thousands of years to the Germanic peoples of Northern Europe.

Originally, it was a Norse festival called 'jol,' which later became known as Yule. This celebration took place during the darkest time of the year, around the winter solstice, when the days were shortest and the nights were longest.

The Norse believed that this time marked the rebirth of the sun, a pivotal event in their mythology. Yule was a time for feasting, merrymaking, and various rituals intended to honour the gods and ensure the return of the light. The burning of the Yule log, a central tradition, symbolized warmth, light, and hope for brighter days ahead.

The festival also included other customs such as sacrifices to the gods and spirits. These offerings were meant to bring prosperity and protection to the community.

Over time, Yule's significance and traditions spread beyond Scandinavia and became interwoven with other cultural practices, eventually influencing the Christian celebration of Christmas.

King Haakon I of Norway played a key role in this blending of traditions, when he officially moved Yule to coincide with Christmas to help Christianize the Norse people.

Despite these changes, many original Yule customs, like the Yule log and feasting, have endured, preserving the ancient spirit of the festival even in modern times.

## How to Celebrate Yule

- **Light Up the Longest Night**
  To celebrate Yule, one might begin by illuminating their space with candles and twinkling lights. These small beacons symbolize the return of sunlight and create a warm, cozy atmosphere. Adding some outdoor lanterns or fairy lights to the garden could make the night feel magical. This simple yet effective gesture brings a touch of enchantment to even the darkest evening.
- **Gather 'Round the Hearth**
  Another delightful way to honour Yule is by gathering friends and family around a crackling fire. If a fireplace isn't available, a few well-placed candles can create a similar effect. Sharing stories or reading from a favourite book makes the moment even more special. A fire's warmth not only heats the room but also sparks conversations and laughter.



# Wah Ustad Wah! Ruk Kyun Gaye?

"Being a student and having a drive to learn keeps me going. The opportunity to get inspired by all the young musicians out there helps me revamp myself. Age doesn't affect my energy and drive," he said last year. Zakir Hussain, the legendary tabla virtuoso and global ambassador of Indian classical music, who has died aged 73, leaves behind a timeless rhythmic legacy that will inspire generations. A child prodigy, he collaborated with Indian classical icons like Ravi Shankar, Ali Akbar Khan and Shivkumar Sharma, and global musicians like John McLaughlin and George Harrison.



**USTAD ZAKIR HUSSAIN**

HAD BEEN AWARDED WITH PADMA SHRI IN 1988, PADMA BHUSHAN IN 2002, AND PADMA VIBHUSHAN IN 2023.





Tabla maestro, Ustad Zakir Hussain, performs with sitar maestro, Pandit Ravi Shankar, in New Delhi.

#OBITUARY

Anjali Sharma
*Senior Journalist & Wildlife Enthusiast*

His accolades are as numerous as the beats he crafted. A recipient of the *Padma Bhushan* and *Padma Shri*, Hussain was also a National Endowment for the Arts National Heritage Fellow in the United States. He delighted audiences at prestigious venues like Carnegie Hall and collaborated with jazz legends, Western classical orchestras, and Carnatic music maestros.

Despite his global acclaim, Hussain remained deeply connected to his Indian roots. His early years in a modest chawl, large tenement complexes in Mahim, shaped his values.

"For the first three-and-a-half years of my life, we all lived in one room that had no toilet. We had to use the common toilets," Hussain told Nasreen Munni Kabir. Offstage, Hussain was an avid reader and a fan of Isaac Asimov's *Foundation* series. He loved poetry, cricket, and tennis, counting Roger Federer among his heroes. His curiosity extended to biographies of musical greats like Ravi Shankar and Miles Davis, reflecting his hunger for stories that transcended boundaries. Hussain would also later say that his TV advert for a popular tea brand, Taj Mahal, 'made me famous in India.'

Hussain's death marks the end of an era but leaves an indelible mark on global music. Kabir, who chronicled his life, aptly captured his essence, "Zakir's extraordinary playing and the extreme sense of rigour that he brought to his art made him a phenomenon."

Music for Hussain was not just a career but a spiritual journey, a way to connect with people, traditions, and cultures across the globe. In his final years, Hussain remained as active as ever, performing, mentoring, and composing. "Being a student and having a drive to learn keeps me going. The opportunity to get inspired by all the young musicians out there helps me revamp myself. Age doesn't affect my energy and drive," he said last year.

Zakir Hussain, the legendary tabla virtuoso and global ambassador of Indian classical music, who has died aged 73, leaves behind a timeless rhythmic legacy that will inspire generations.

A child prodigy, he collaborated with Indian classical icons like Ravi Shankar, Ali Akbar Khan, and Shivkumar Sharma, and global musicians like John McLaughlin and George Harrison.

Born on 9 March, 1951, in Mahim, Mumbai, he was the eldest son of Ustad Alla Rakha, one of history's most iconic players of the tabla, a pair of traditional Indian hand played drums.

Hussain's journey, from a child prodigy to an internationally celebrated percussionist, was a masterclass in balancing tradition and innovation.

Hussain's life revolved around rhythm from the very beginning.

The sound of the tabla was his first language, his earliest 'words.' By the age of 12, he was already performing globally, accompanying stalwarts like Pandit Ravi Shankar and Ustad Ali Akbar Khan during his teenage years.

While rooted in the *Hindustani* classical tradition, Hussain possessed an insatiable curiosity that propelled him to explore other genres, leading to ground-breaking collaborations across the world.

In 1973, he co-founded *Shakti* with guitarist John McLaughlin, a group that fused Indian classical music with jazz and Western traditions, creating a new global sound. Over five decades, Shakti evolved, featuring luminaries like violinist L Shankar, percussionist Vikku Vinayakram, and mandolin maestro U Srinivas.

Their first studio album in 46 years, *This Moment*, won the Grammy for Best Global Music Album in 2024, marking a fitting finale to their 50th-anniversary tour. Hussain's virtuosity on the tabla was pivotal to Shakti's success and to the global appreciation of Indian rhythms. He was a key collaborator in Planet Drum and Global Drum Project, both with *Grateful Dead* drummer Mickey Hart, earning him Grammy Awards in 1991 and 2008.

He worked with banjo maestro Béla Fleck and bassist Edgar Meyer on the Grammy-winning *As We Speak* (2024), further cementing his status as a pioneer of cross-genre collaborations. He also collaborated with musicians as diverse as Yo-Yo Ma, George Harrison, Van Morrison and Billy Cobham, bringing Indian classical music to global audiences.

His ventures like Tabla Beat Science, a fusion of Indian classical music with electronic and world music, and orchestral works such as *Peshkar* for the Symphony Orchestra of India showcased his unrelenting drive to innovate while respecting his roots.

"The moment you think you're a maestro, you are distancing yourself from the others," Hussain told *Rolling Stone India* magazine earlier this year. "You have to be part of a group, and not dominate it."

This philosophy made him not only a consummate artist but also a lifelong learner and mentor.

Hussain's flamboyance and speed and precision of his performances earned him widespread admiration.

*The New York Times*, in its review of a 2009 jazz performance at Carnegie Hall, described his artistry as embodying "an impish strain of virtuosity." "He's a fearsome technician and also a whimsical inventor, devoted to exuberant play. So, he rarely seems overbearing, even when the blur of his fingers rivals the beat of a hummingbird's wings." Zakir's 1973 musical project with English guitarist John McLaughlin, violinist L Shankar, and percussionist TH 'Vikku' Vinayakram brought together Indian classical and elements of jazz in a fusion that we had never heard of before.

He went on to work with western artists like Yo-Yo Ma, Charles Lloyd, Bela Fleck, Edgar Meyer, Mickey Hart, and George Harrison. The iconic star also shone at Grammy Awards. He was nominated seven times at the *Grammys* and won four times. In February 2024, he received three Grammys. The first Grammy win for him came in 2009, when he won in the Contemporary World Music Album category for his collaborative album *Global Drum Project* with Mickey Hart and Giovanni Hidalgo.

Ustad Zakir Hussain became a household name, when in 1988, he was roped in as the face of the Taj Mahal Tea brand.

The TV commercial, now regarded as a classic, had him sipping on the tea as a voiceover praises his craft and says, "Wah ustad, wah!" to which the maestro responds, "Arre huzoor, wah Taj boliye!"

Hussain composed three concertos. His third, the first-ever concerto for tabla and orchestra, was premiered in India in September 2015, by the Symphony Orchestra of India, in Europe and the UK in 2016, and in the US in April 2017. The composer, who travelled and performed all across the globe, had reservations against performing at private gatherings and disliked latecomers. He was also very vocal in his views.

In a conversation with author Nasreen Munni Kabir, as written in her book '*Zakir Hussain: A Life in Music*,' Hussain said that a private gathering, corporate events or weddings are not places 'where music should be heard.' "Those are places where people come to socialize, to drink and perhaps have a meal. That's not the way music should be heard. For me, it's the concert hall or the theatre, people take their seats, the hall darkens and we musicians take our place," he said.

Hussain would ask the organisers to close the doors once the performance begins and not allow latecomers.

Then there was the man himself. His broad smile, boyish good looks and curly locks, keeping rhythm with his fingers, gave him a distinctive star persona that sometimes went beyond his music.

The percussionist was once voted the 'sexiest man' by women readers of the Indian magazine '*Gentleman*' in 1994 in a competition against the likes of Amitabh Bachchan.

"The magazine team came to see me and wanted me to wear all these suits and jackets and Western clothes and feature on their cover. I think they were equally shocked and surprised that I won the greatest number of votes because they had assumed the winner would be Amitabh Bachchan," Hussain is quoted as saying by Kabir.

Besides his work as a tabla player, Hussain also composed music for many movies, including 'Manto' and 'Mr. and Mrs. Iyer.'

He also acted in the Merchant Ivory film production 'Heat and Dust,' 'The Perfect Murder' and 'Saaz,' opposite Shabana Azmi.

Hussain also shared screen space with his father Allah Rakha in the iconic national integration song 'Mile Sur Mera Tumhara,' which premiered on Doordarshan.

He is survived by his wife Antonia Minnecola and two daughters, Anisa Qureshi and Isabella Qureshi. Apart from four Grammys, Hussain was the recipient of countless awards and honours, including Padma Shri, Padma Bhushan, Padma Vibhushan, Sangeet Natak Akademi Award, the USA's National Heritage Fellowship and Officier in France's Order of Arts and Letters.

As his countless fans bid farewell to the artiste, who transcended boundaries of music and of geography, and went too soon, many could only say, '*Wah, Ustad.*'

rajeshsharma1049@gmail.com



Grammy Award Winner Zakir Hussain with Pandit Ravi Shankar.



Zakir Hussain with his father, Ustad Alla Rakha Qureshi.

#LIFESTYLE

# Outdoor Living Trends in 2025



The grass is always greener with these inspiring new aesthetics.

Over the course of the last few years, our outdoor living spaces have changed significantly. This is in large part due to the pandemic when the desire for porches and patios was at an all-time high. The demand for beautifully designed, thoughtfully curated exterior space has hardly waned since, and more of us are thinking about how to furnish these areas than ever before.

With this new interest has come a wave of new outdoor living trends. In 2025, expect to see these spaces look more beautiful than ever, from earth-toned furniture to full-blown kitchen suites.




## Indoor goes Outdoor

One of the biggest trends in the exterior design world is a move towards outdoor spaces resembling indoor ones. So, instead of just a few lounge chairs and a side table, people are designing top-to-bottom living rooms for their backyard.

Outdoor furniture is already indistinguishable from indoor pieces in terms of design, and this will continue. Materials will remain durable for outdoor conditions, but their tactile feel, aesthetics, and functionality will increasingly mirror indoor furnishings.

Another facet of this trend is a seamless connection between indoors and out in terms of both floor plan and construction. The aesthetic continuity between indoor and outdoor floors will play a key role, creating a fluid, visual transition that blurs the lines between the two environments.



## Neutral and Earth Tones

It should come as no surprise that earth tones will be trending in outdoor spaces for the new year. These hues have made waves inside the home, and the great outdoors seems an even more natural fit for them. In 2025, outdoor spaces will embrace neutrals like warm taupes, terracotta, and olive greens, paired with grounding accents like deep forest greens, charcoal grays, and rusty metallics. That doesn't mean that outdoor spaces will look bland, though. There's still room for brighter hues, if anything, a neutral backdrop means a pop of colour will stand out even more. As outdoor spaces increasingly mirror interior aesthetics, the colour palettes will also adapt, incorporating warmer, homely hues that create a sense of comfort and cohesion.

## Lush Greenery

Naturally, plants are an important part of an outdoor living space. In the past, a clean-cut look was often the approach, but designers say that's changing. There's a shift away from overly fussy landscaping and towards incorporating native plants that have more of a wild nature. This freeform landscape design lends itself to finding a little oasis within the garden to reflect, relax, and enjoy the outdoors. The connection to nature will remain paramount. Landscapes will be designed to thrive in changing climates. Think drought-tolerant greenery, regenerative materials, and native plantings that create harmony with the environment.

## Full Kitchens

Now, we're cooking. Kitchens, long a mainstay of the indoors, are now part of outdoor living. We're not talking about a single barbecue oven either, these newer iterations have just about everything you could possibly want.

## Mixed Materials

Instead of just teak, the outdoor spaces of 2025 will incorporate a wide range of materials. Part of this has to do with new technologies and innovations, which enable different finishes and textiles to be used safely outside. Material choices will prioritize texture and sustainability. Raw stone, reclaimed wood, and clay finishes will take center stage.

Natural materials will be complemented by sleeker finishes like refined metals. Mixed materials continue to trend outdoors.

## Smart Technology


Yes, smart technology is coming for your backyard too. These innovations will manifest in outdoor kitchens, where technology is increasingly a factor, as well as elsewhere, like automated lighting solutions. Technology will elevate these spaces. Smart systems will create (increasingly) personalized environments and immersive experiences.

## Built to Last

Sustainability is top-of-mind nowadays, and it's impacting how we approach outdoor spaces. Outdoor furniture of years past was often not well-made, and would only last a season before it needed to be thrown away. As we move into 2025, people are investing in more high-quality furnishings. People are trending towards really well-made outdoor pieces that last. They're understanding that it's the environmentally responsible thing to do.




## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# होटल खरीद को लेकर पंजाब के युवकों ने युवक की गोली मारकर हत्या की

## दूसरा व्यक्ति गोली लगने से घायल, देवली पुलिस पंजाब के युवकों की तलाश में जुटी

**देवली,** (निसं)। यहां गुरुवार की रात्रि दस बजे शहर के जयपुर रोड स्थित एक होटल के करीब पंजाब के कुछ युवकों ने पोल्याडा निवासी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वही दूसरा व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। इस गोलीकांड के सनसनीखेज मामले की सूचना मिलते ही टोंक पुलिस अधीक्षक रात्रि 11:30 बजे देवली शहर पहुंच गए।

पुलिस के अनुसार होटल खरीदने के मामले में पंजाब निवासी लोगों ने एक युवक पर गोली चला दी, यहां युवक गोली लगने से घायल हो गया। तो वहीं दूसरे युवक को अपने साथ अपहरण कर ले गए। कुछ ही देर बाद अपहरणकर्ताओं मेहंदवास थाना क्षेत्र में उक्त युवक की भी गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले की सूचना के बाद टोंक पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान रात देवली पहुंचे गए। यहां पुलिस अधीक्षक ने देवली बस स्टैंड के बाहर मिठाई की दुकान के बाहर एक बलेनो कार में बैठे पीड़ित बीरू कंजर से मामले की जानकारी ली। इस दौरान वीरू कंजर ने पुलिस अधीक्षक सागवान को घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी। इस पर वह मौजूद थाना अधिकारी राजकुमार नायक बलेनो कार के चालक बीरू कंजर को अपने साथ ले गए। पुलिस के अनुसार मामला यह भी सामने आया है कि वीरू कंजर ने गोलीकांड से पहले थाना प्रभारी राजकुमार नायक को बताया कि उनकी पंजाब निवासी इन लोगों के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई और देवली इलाके में होटल दिलाने की बातचीत चलती रही।



पंजाब के युवकों ने देवली में दो युवकों पर गोली चला दी।

पुलिस के अनुसार आरोपियों की सबसे पहले दोस्ती संतोष कंजर के साथ हुई। इस दोस्ती के बाद होटल खरीदने को लेकर पंजाब निवासी आरोपी जयपुर से बस के जरिए देवली पहुंचे, जिन्होंने यहां पहुंचने के बाद पोल्याड़ा निवासी संतोष उर्फ सिंहा कंजर को फोन किया और कहा कि उनके पास कार नहीं है। इस पर संतोष, बीरू और कमल उन्हें लेने के लिए देवली बस स्टैंड के बाहर मोबाइल की दुकान के करीब पहुंच गए, जहां दोनों पक्ष की मुलाकात हुई।

■ पुलिस ने बताया कि आरोपी मृतक का मोबाइल अपने साथ ले गए जो स्विच ऑफ आ रहा है

बीरू ने बताया कि पंजाब निवासी तीनों जने कुछ सेकेंड के लिए यहां साइकिल की दुकान के पास से मंदिर की ओर गली में चले गए और वापस आ गए। इसके बाद दोनों पक्ष सहित छह जने कार में सवार होकर जयपुर रोड की ओर रवाना हो गए। पुलिस ने बताया कि सिद्धार्थ होटल के ब्रेकर के करीब पहुंचते ही उन्होंने संतोष कंजर पर गोली चला दी। इस दौरान बीच बचाव को लेकर कार में जमकर संघर्ष हुआ। इस दौरान पंजाब निवासी आरोपियों ने संतोष पर गोली चला दी जो संतोष के कंधे को छूकर निकल गई। इस दौरान बीरू कंजर ने अपना बचाव कर लिया और झड़प में बदमाशों से एक पिस्टल छीन ली। इस दौरान संतोष कंजर और बीरू कार से बाहर निकल गए, लेकिन पंजाब निवासी तीनों जने कमल कंजर उन्हीं की कार में अपने साथ ले गए। इधर, पुलिस घायलों के उपचार में लग गई। उधर, मेहंदवास थाना पुलिस को कस्बे के बाइपास पर एक बलेनो कार में कमल का शव मिला। इस पर देवली थाना प्रभारी मृतक कमल का शव लेकर देवली पहुंचे, जिसे चिकित्सालय की मोर्चरी में रख दिया गया है। शुक्रवार को दोपहर दो बजे मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस ने यहां बताया कि आरोपी मृतक का मोबाइल अपने साथ ले गए जो फिलहाल स्विच ऑफ बता रहा है।

# कड़ाके की सर्दी से लोगों की कंपकंपी छूटी

## धूप निकलने से लोगों को राहत मिली



राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चालक दिन में भी हेडलाइटें जलाकर सफर करते नजर आये।

**निवाई,** (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र सहित शहर में पिछले तीन-चार दिन से पड़ रही कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से लोग कंपकंपा उठे। कड़ाके की सर्दी व शीतलहर से बचाव के लिए हल्की धूप से लोगों ने राहत महसूस की। कड़ाके की सर्दी के चलते सुबह दस बजे तक लोग घरों से बाहर निकलने से कतराने लगे हैं। शीतलहर व कड़ाके की सर्दी पड़ने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन चालक दोपहर में भी वाहनों की हेडलाइटें जलाकर सफर किया। सर्दी से बचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई स्थानों पर लोग घंटों तक अलाव जलाकर तपते हुए नजर आए। गांवों में घने कोहरे के साथ ठण्डी हवायें चलने से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। सर्दी से बचाव के लिए लोग कंबल, शॉल, रजाई, मफलर, टोपा व दस्ताने का उपयोग करने सहित दिनभर अलावों पर जमे रहते हैं तथा खेतों पर भी किसानों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। सर्दी बढ़ने के साथ ही शहर में ऊनी वस्त्रों की बिक्री भी जोरों पर है तथा सरकारी कार्यालयों में भी सर्दी के चलते कर्मचारी अलाव तापते रहते हैं। इस दौरान चाय, कॉफी, गजक, तिल की रेवडी, चाट, पकोड़ी, कचोरी व समोसा सहित कई गर्म खाद्य पदार्थों की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रहती है।

# अजमेर जिला कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों औचक निरीक्षण किया

**अजमेर,** (कासं)। सरकार के निर्देश पर अजमेर जिला कलेक्टर लोक बंधु ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागीय शाखाओं के कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कर्मचारी और अधिकारी अनुपस्थित मिलने पर रजिस्टर में अनुपस्थिति दर्ज करते हुए कार्मिकों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शुक्रवार सुबह कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न विभागीय शाखाओं कार्यालयों में पहुंचे, जहां उन्होंने साफ-सफाई और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाखा प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों में साफ-सफाई और रिकॉर्ड संधारण का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन और स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसकी पालना सुनिश्चित की जाए। औचक निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं में खलबली मच गई। कलेक्टर ने कहा कि सरकारी कामकाज में लापरवाही और अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## आग से चारा जलकर राख

**निवाई,** (निसं)। गांव बस्सी में कुम्हारों के मोहल्ले में आग से दो ट्रॉली बाजरे की कड़बी जलकर राख हो गई। सूचना पर सिरस चौकी प्रभारी कमलेश गुर्जर मौके पर पहुंचे। पीड़ित राधाकिशन सैन ने बताया कि बाड़े में आग लगने से दो ट्रॉली बाजरे की कड़बी जलकर राख हो गई, जिसकी सूचना निवाई दमकल को दी व आसपास में लगी हुई ट्यूबवेल को चलाकर आगे की लपटों को काबू में कर पाए। पीड़ित राधाकिशन सैन खेती का कार्य करता है।

# जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जोधपुर पहुंचे

**जोधपुर,** (कासं)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शुक्रवार सुबह जोधपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उनका माला पहिनाकर स्वागत सत्कार किया गया।

मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जैसलमेर में हो रही जीएसटी मिटिंग और राज्यों के प्री बजट पर चर्चा एक अच्छी बात है, उसके लिए यहां आने का मौका मिला है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें फिर कभी मौका मिला तो वे पुनः जोधपुर आएंगे और छुट्टियां बिताएंगे। मीडिया के एक सवाल वन नेशन वन इलेक्शन पर उन्होंने कहा कि अभी तो बिल पास नहीं हुआ है, अभी तो उस पर बहस होना बाकी है। उस पर अभी वोटिंग नहीं हुई है। पार्लियामेंट के साथ उसको कई रियासतों में उसको पास करना होगा, आगे बातचीत चलने दें देखते हैं आगे क्या होता है।

वहीं कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के कल के घटनाक्रम पर उन्होंने कहा कि वे ज्यादा कुछ नहीं कहेंगे जो कहना था वो कल कह दिया। उन्होंने कहा कि जैसलमेर में जीएसटी की काउंसिल के बहाने उन्होंने यहां आने का मौका मिला है। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत के बाद उमर अब्दुल्ला जैसलमेर के लिए सड़क मार्ग से रवाना हो गए।

# अजमेर दरगाह प्रकरण : अगली सुनवाई 24 जनवरी को होगी

**अजमेर,** (कासं)। ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा ईदगाह और संबल जामा मस्जिद के बाद अब अजमेर की ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह भी देश की सुर्खियों में है। अजमेर की कोर्ट ने हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा दायर याचिका पर शुक्रवार को मामले में दूसरी बार सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने याचिकाकर्ता और दूसरे पक्षों के वकीलों की दलील सुनकर अगली तारीख 24 जनवरी दी है।

■ दरगाह दीवान सहित पांच लोगों ने पक्षकार बनने की अर्जी पेश की




सुनवाई के दौरान कोर्ट परिसर में जाब्ता तैनात रहा।

अजमेर दरगाह में मंदिर होने के दावे को लेकर शुक्रवार को सिविल कोर्ट में दूसरी बार सुनवाई हुई। मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने याचिकाकर्ता और दूसरे पक्षों के वकीलों की दलील सुनकर अगली सुनवाई की तारीख 24 जनवरी दी है। कोर्ट में दरगाह दीवान सहित पांच लोगों ने पक्षकार बनने के लिए अर्जी भी लगाई। उल्लेखनीय है कि विश्वविख्यात ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह को हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता द्वारा भगवान श्री संकट मोचन महादेव मंदिर बताने का दावा न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्र व) अजमेर नगर पश्चिम की अदालत में पेश किया गया है। हिंदू राष्ट्र सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता के अधिवक्ता ईश्वर सिंह और योगेश सुरोलिया ने दरगाह कमेटी के कथित अनाधिकृत कब्जा हटाने संबंधी वाद दो माह पहले दायर किया था। वादी ने अपने तर्कों के आधार पर बताया कि इतिहासविद् हरविलास शारदा की पुस्तक में दरगाह में मंदिर होने का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि जहां भगवान शिव का मंदिर होता है, वहां पर झरना एवं कुआं होता है। दरगाह में भी झालरा और कुआं है, जिससे उनका दावा और मजबूत हो जाता है। अधिवक्ताओं ने बताया कि भगवान महादेव प्रथम पक्षकार है और द्वितीय पक्षकार विष्णु गुप्ता है।

## कैफ़े पर युवक पर हमला

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जहाजपुर-मांडलगढ़ रोड़ पर स्थित एक कैफ़े के बाहर बैठे चाय पी रहे युवक पर कारों में आए बदमाशों ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया। मारपीट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सीआई मनीष देव ने बताया कि सरसिया निवासी मनीष मीणा पिता दुर्गालाल मीणा ने रिपोर्ट दी, जिसमें बताया गया कि 18 दिसंबर दिन के करीब चार बजे में एक कैफे मांडलगढ़ रोड जहाजपुर के बाहर बैठा चाय पी रहा था कि इतने में जहाजपुर की तरफ से चार गाड़ियां जिसमें दो स्कार्पियो, एक अल्टो, एक क्रूज़र में बैठकर करीब 30-40 व्यक्ति आये एवं मुझे गालियां निकालते हुए हाथो में लकड़ियां लेकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे हाथ, पैर व सिर पर गंभीर चोटें आई। जीतू मीणा बोरानी, नवल मीणा बोरानी, रोहित मीणा कोटा को मैं शक्ल से जानता हूं, अन्य व्यक्तियों को मै नाम से नहीं जानता हूं। मेरे द्वारा चिल्लाने पर मोइन कुरैशी मेरा बीच बचाव कराने आया तो अभियुक्तों ने मोइन कुरैशी के साथ भी मारपीट की एवं सभी मौके से गाड़ियां लेकर फरार हो गये। पुलिस ने रिपोर्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान एएसआई भागचंद के जिम्मे की है।

# पानी की मोटर चोरी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा पुलिस ने स्थानीय थाना क्षेत्र में स्थित एक दुकान से पानी की मोटर चोरी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि सात अगस्त को परिवादी दीपक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरी दुकान से एक सिलाई मशीन एवं बगीची से एक पानी की मोटर को अज्ञात चोर चोरी करके ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। थानाधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। पुलिस की टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा चोरी के मामले में वांछित फरार अभियुक्त भंवर लाल नायक उर्फ बाबू पुत्र कन्हैया लाल नायक निवासी बड़ की कोठी उद्योग नगर फुलेरा को 20 दिसम्बर को गिरफ्तार किया। साथ ही अभियुक्त से चुराई गई पानी की मोटर भी बरामद की गई है। इसके पूर्व में उक्त मामले में चोरी करने वाले आरोपी मुकेश वर्मा को गिरफ्तार कर चुराई हुई सिलाई मशीन को बरामद किया जा चुका है।



पुलिस ने चोरी के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया।

**निवाई में अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त :** निवाई थाना पुलिस ने अवैध खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन की रोकथाम के लिए गठित पुलिस टीम गश्त करते हुए मोदी कॉलेज के सामने पहुंचे तो एक ट्रैक्टर-ट्रॉली आती हुई दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोका और चालक से बजरी का रवन्ना मांगा। चालक द्वारा वैध कागजात नहीं होना बताया। इस पर पुलिस टीम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मय बजरी के जब्त कर लिया।

# युवक के साथ पुलिसकर्मियों ने मारपीट की, लोगों में रोष



सुवालका समाज के लोगों ने सुभाष नगर थाने के बाहर प्रदर्शन किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा पुलिस का बर्बर चेहरा सामने आने के बाद सुवालका समाज में आक्रोश का माहौल है। आक्रोशित लोगों ने सुभाष नगर थाने के बाहर प्रदर्शन कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि गुरुवार देर शाम को थाना क्षेत्र के सुखाड़िया सर्किल पर स्थित वाइन शॉप के मालिक के बेटे पर बीती रात चार पुलिसकर्मियों ने डंडे बरसाते हुये मारपीट की। इससे युवक घायल हो गया। उसे एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं दूसरी और मारपीट की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

राजपूत कॉलोनी निवासी कैलाशचंद्र सुवालका ने बताया कि उनकी सुखाड़िया सर्किल पर वाइन शॉप है। बीती रात उनका बेटा सुभाष सुवालका दिनभर की शराब बिक्री की राशि लेने शॉप पर गया। रात करीब सवा नौ बजे चार पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और सुभाष के साथ बुरी तरह मारपीट की। इससे सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया। सुभाष को अधमरा छोड़कर पुलिस वाले वहां से भाग गये। सुभाष को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। कैलाशचंद्र ने इन चारों पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्रवाई और सस्पेंड करने की मांग की है। वहीं दूसरी और मारपीट की यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर का कहना है कि बीती रात सुभाष व पुलिस वालों के बीच कहासुनी हो गई थी। वहीं इस मामले में मारपीट के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आक्रोशित समाज के लोगों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया, थाने के बाहर गहमागहमी का माहौल बना रहा।

# मोबाइल टावरों की आर.आर.यू. डिवाइस व बैटरी चोरी के आरोपी गिरफ्तार

## दिन में रैकी एवं रात में चोरी के बाद चोरी के बाद माल को दिल्ली ले जाकर बेच देते थे

**सांभरझील,** (निसं)। मोबाइल टावरों की आरआरयू डिवाइस व रेक्टीफायर बैटरी चोरी करने के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी ने बताया कि अभियुक्त पहले कस्बों एवं गाँवों में सुनसान जगह पर लगे मोबाइल टावरों की दिन में रैकी करके जाते थे एवं रात में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे एवं चोरी के बाद माल को दिल्ली ले जाकर बेच देते थे।

आनन्द शर्मा जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने बताया कि 11 अप्रैल को क्षेत्रपाल पुत्र शिवलाल जाट निवासी हाउसिंह बोर्ड जवाहर नगर भरतपुर थाना मथुरागेट हाल निवासी श्री रामनगर ऐसरेशन 100 फीट रोड़ झोटवाडा हाल स्टेट मैनेजर आरडोम टावर जन प्रा. लि. भारती हैक्साकॉम लिमिटेड जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी की थी कि भारती हैक्साकॉम का मोबाईल टावर जो कि ग्राम डाबला खुर्द तहसील माधोराजपुरा जिला जयपुर में स्थित है। इस पर रात्रि को कोई अज्ञात व्यक्ति आरआरयू डिवाइस व रेक्टीफायर बैटरी चोरी करके ले गया है। पुलिस टीम द्वारा उक्त प्रकरण मे चोरी के मामले में चार जनों को गिरफ्तार कर चोरी की गई रेक्टीफायर बैटरी बरामद की जा चुकी थी। वहीं शेष आरोपी शिशपाल व अमित प्रकरण में आठ माह से फरार चल रहे थे जिन पर एक हजार रूपये का इनाम घोषित कर रखा था। फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु रजनीश पूनिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) जिला जयपुर ग्रामीण व वृत्ताधिकारी माधोराजपुर रामधन जाट के निकटतम सुपरवीजन तथा थानाधिकारी रेनवाल मांजी रामपाल थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में आठ माह से फरार चल रहे इनामी व टॉप-10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी शिशपाल पुत्र नारायण लोधी राजपूत निवासी अरहपुर थाना अमांपुर जिला कासगंज उत्तर प्रदेश, अमित पुत्र प्रेमचन्द लोधी राजपूत निवासी पटेल नगर सिविल लाइन बदायु थाना बदायु उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।



मोबाइल टावरों की डिवाइस व रेक्टीफायर बैटरी चोरी के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

■ पूर्व में मुख्य अभियुक्त सहित चार जनों को गिरफ्तार कर बैटरी बरामद की जा चुकी है

# स्विफ्ट कार व एम्बुलेंस की टक्कर में मरीज समेत तीन जनों की मौत

## कार सवार दो जनों की मौत, एम्बुलेंस में सवार हृदय रोगी ने भी सीकर में दम तोड़ा

**सुजानगढ़, (निसं)।** गत रात्रि को सालासर रोड पर लोढसर गांव के बस स्टैंड के पास स्विफ्ट कार व एम्बुलेंस की टक्कर में कार में सवार दो जनों की मौत हो गई, जबकि एम्बुलेंस में सवार हृदय रोगी ने भी सीकर में दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार सुजानगढ़ से हार्ट के मरीज को लेकर सीकर जा रही निजी एम्बुलेंस और सामने से आ रही स्विफ्ट कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी, जिसमें कार चालक जाकिर (32) पुत्र रामू खान मिरासी, रतनगढ़ की मौके पर ही मौत हो गयी। कार में सवार सलीम खान (60) पुत्र पन्ने खान निवासी बालेरा तहसील बीदासर भी गंभीर घायल हो गया, जिसको सीकर रैफर किया गया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गयी। इसी प्रकार एम्बुलेंस चालक मनीष पारीक, एम्बुलेंस के सवार योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा, कमल शर्मा निवासी सुजानगढ़



सुजानगढ़ के लोढसर गांव के पास हुए हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गये।

घायल हो गए। हादसे के बाद मृतक जाकिर खां के भाई अलताफ खां ने सदर थाने में एम्बुलेंस चालक पर गफलत व लापरवाही से वाहन चलाकर कार के टक्कर मारने का मामला दर्ज कराया है।

हादसे की सूचना पर 108 एम्बुलेंस व टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, निजी एम्बुलेंस चालक शंकर बिजारणिया, भागीरथ जाट, दामोदर शर्मा लोढसर, आबसर सरपंच गिरधारी लाल व

■ सुजानगढ़ से हार्ट के मरीज को लेकर सीकर जा रही थी निजी एम्बुलेंस, लोढसर गांव के पास हुआ हादसा

ग्रामीणों की सहायता से घायलों तथा मृतक को सुजानगढ़ अस्पताल पहुँचाया गया। वहीं एम्बुलेंस से सीकर ले जा रहे मरीज महावीर प्रसाद (60) पुत्र बेगराज शर्मा, निवासी ठरडा रोड सुजानगढ़ की सीकर में इलाज के दौरान मौत हो गई। एम्बुलेंस चालक मनीष को भी अन्यत्र रैफर किया गया। सदर थाने के एएसआई तनसुख राम मौके पर पहुंचे तथा यातायात को सुचारु कराया। शुक्रवार सुबह एसआई गीता रानी सुजानगढ़ अस्पताल पहुंची तथा परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## 15 साल बाद खुला रास्ता

**श्रीमाधोपुर।** तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा शुक्रवार को आपसी समझाईश से श्रीमाधोपुर तहसील में के दिवराला पटवार मंडल के खातेदारों के मध्य 15 साल पुराने रास्ते व कब्जे संबंधित जमीनी विवाद को निपटा दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि पटवार मंडल दिवराला में ग्यारसा यादव व रामपाल यादव के बीच 60 बीघा पैतृक भूमि के विभाजन, कब्जे व रास्ते को लेकर पिछले 15 सालों से राजस्व न्यायालय, सिविल न्यायालय व पुलिस थाने में फौजदारी प्रकरण चल रहे थे।

स्वायत शासन एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की जनसुनवाई में एक पक्ष द्वारा विवादित भूमि के सीमा ज्ञान व कब्जे दिलाने को लेकर परिवाद प्रस्तुत किया था, जिस पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर से मिले निर्देशों की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा, भू अभिलेख निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा, पटवारी हल्का दिवराला महेश शर्मा, पटवारी हल्का सिहोडी राजदीप यादव व पटवारी हल्का जुगराजपुरा बलबीर सिंह की संयुक्त राजस्व टीम द्वारा मौके पर जाकर खातेदारों की समझाइश कर विवादित भूमि व रास्ते का सीमाज्ञान व पत्थरगढ़ी कर खातेदारों को अपने अपने हिस्से अनुसार पैतृक भूमि का कब्जा दिलाकर 15 साल से बंजर पड़ी भूमि की ट्रैक्टर से फसल जुताई करवाई गई।

# अवैध बजरी परिवहन की रैकी का आरोप

■ चार गिरफ्तार एवं बोलेरो-बाइक जब्त

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** बाटोदा थाना पुलिस ने अवैध बजरी की रैकी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार कर रैकी के दौरान काम में ली गई एक बोलेरो व एक बाइक को जब्त किया है।

बाटोदा थाना प्रभारी भरत सिंह ने बताया कि बामनवास सीओ सीताराम मीणा के सुपरविजन में बाटोदा थाना प्रभारी उप निरीक्षक भरत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक लखीराम, कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह व शत्रुघन ने शुक्रवार को क्षेत्र की बनास नदी से अवैध बजरी परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस की जीप व जाप्ते की लोकेशन को लेकर रैकी करने वाले विक्की उर्फ उधम सिंह गुर्जर निवासी भिनौरी थाना बाटोदा, शेर सिंह गुर्जर निवासी भिनौरी थाना बाटोदा एवं विष्णु मीणा निवासी मीनापाडा थाना सदर गंगापुर सिटी व बाबूलाल मीणा निवासी मीनापाडा थाना सदर गंगापुर सिटी को गिरफ्तार कर एक बोलेरो व एक बाइक को कागजात के अभाव में जब्त किया है।

## अज्ञात की मौत

**सादुलपुर, (निसं)।** चूरू सड़क मार्ग पर स्थित डीएसपी कार्यालय राजगढ़ के नजदीक सादुलपुर चूरू रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने के कारण एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटना का मौका निरीक्षण किया तथा अज्ञात मृतक के शव को शिनाख्तगी की कार्यवाही के लिए राजकीय उप जिला अस्पताल राजगढ़ के मोर्चरी रूम में रखवाने की कार्रवाई की है। थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि मनीष कुमार नाई निवासी बुंगी हाल रेलवे कार्मिक ने मामला दर्ज करवा कर बताया कि 19 दिसंबर को गुरूवार देर शाम को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त कार्रवाई नहीं हो सकी है तथा निकटवर्ती संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना देकर शिनाख्त कार्रवाई के प्रयास किया जा रहे हैं।

# केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में प्री-बजट बैठक हुई

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर शहर की एक होटल में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में प्री-बजट बैठक हुई। बैठक में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उत्तराखण्ड

■ बैठक में राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, उत्तराखण्ड के मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदरसिंह सुखू सहित अन्य राज्यों के वित्तमंत्री मौजूद रहे

के वित्त, शहरी विकास एवं आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदरसिंह सुखू, पंजाब के वित्तमंत्री हरपालसिंह छीमा सहित अन्य राज्यों के वित्तमंत्री मौजूद रहे।


वित्तमंत्री सीतारमण की डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने अगवानी की।

**वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वागत किया :-** केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 55 वीं जीएसटी काउंन्सिल बैठक में भाग लेने के लिए शुक्रवार को जैसलमेर पहुंची। एयरपोर्ट पर वित्त मंत्री का प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, समाजसेवी विक्रमसिंह नाचना, पवनसिंह भाटी, अरुण पुरोहित भी उपस्थित थे एवं उन्होंने भी स्वागत किया। एयरपोर्ट पहुंचने पर वित्तमंत्री का जिला कलेक्टर प्रतापसिंह ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने उनकी अगवानी की।

**दिया कुमारी की सिविल एयरपोर्ट पर अगवानी की :-** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी दो दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को जैसलमेर पहुंची। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का सिविल एयरपोर्ट पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री का जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी ने एयरपोर्ट पर गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक अभिनन्दन किया। यहां पर समाजसेवी विक्रमसिंह नाचना, अरुण पुरोहित, सवाईसिंह गोगली ने भी दिया कुमारी का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री के सिविल एयरपोर्ट पर जिला कलेक्टर प्रतापसिंह एवं पुलिस अधीक्षक ने उनकी अगवानी की। उपमुख्यमंत्री का होटल पहुंचने पर वित्त सचिव (राजस्व) डॉ. रवि कुमार सूरपुर, संभागीय आयुक्त जोधपुर डॉ. प्रतिभा सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

# जुआ खेलते दो दर्जन सटोरिये गिरफ्तार

## 7.61 लाख से अधिक की राशि व पांच वाहन जब्त किए

**निवाई, (निसं)।** बरोनी थानान्तर्गत गांव करीरिया के समीप एक फार्म हाउस पर बरोनी थाना पुलिस व डीएसटी टीम टोंक ने छापा मारकर जुआ खेलने के आरोप में 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। टीम ने मौके से 7.61 लाख से अधिक की राशि व पांच वाहन भी जब्त किए हैं।

बरोनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि गांव करीरिया के समीप एक फार्म हाउस पर जुआ खेलने के आरोप में प्रेम कुमार नाई निवासी दुगोली थाना जायल जिला नागौर, नौशाद खान निवासी आजाद नगर जयपुर, इरफान खान निवासी उदयमंदिर थाना नागौरी गेट जिला जोधपुर, सरदारमल जैन निवासी थावला जिला नागौर, मुकद्दर खां निवासी नागौरी गेट जोधपुर, मुकेश मीणा निवासी पीपलदा थाना बौंली


बरोनी थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर वाहन जब्त किये।

सवाई माधोपुर, सुरेश कुमार शर्मा व पवन सोनी निवासी निम्बी जोदन जिला नागौर, इब्राहीम खां निवासी गंगापुर सीटी, इंसाफ खान निवासी रायका का बाग जोधपुर, पप्पू बारेडा, राजेन्द्र कोठारी निवासी करधनी जिला जयपुर, ऋषिकेश मीणा निवासी कुंडेरा जिला सवाई माधोपुर, रितेश जैन निवासी जोहरी बाजार जयपुर, दिनेश मेघवाल निवासी रोल जिला नागौर, पिंटू मीणा निवासी बोल थाना टोडाभीम जिला गंगापुर सीटी, राजेन्द्र माली निवासी शाहपुरा जिला ब्यावर, हनुमान मीणा निवासी बारेड़ा जिला टोंक, लुकमान खां निवासी सलेमपुर जिला करोली, गणपत सोनी निवासी गुगेरीयाली जिला नागौर, असरार खान निवासी सलेमपुर जिला करौली, युसूफ खां निवासी उदय मंदिर के पीछे जिला जोधपुर व अमराराम मेघवाल निवासी खियाला जिला नागौर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपितों से मौके से राशि व पांच वाहन भी जब्त किए हैं।

# वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा (संस्कृत शिक्षा विभाग) 28 से

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 का विषयवार आयोजन 28 से 31 दिसंबर 2024 तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा के लिए आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 21 दिसंबर 2024 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 25 दिसंबर 2024 को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

अत: अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें। इसके साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो ही चस्पा करना सुनिश्चित करें। स्पष्ट मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें।


राजस्थान सरकार
वन विभाग
कार्यालय उपवन संरक्षक, करौली (राज.)
(गदका की चौकी करौली Phone & Fax No. 07464-297003
Email: def.kroli.forest@rajasthan.gov.in)

**Notice Inviting Bid**

Bid for Boundry Wall Construction in Range Karauli and Sapotra are invited from interested bidders. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and http://www.eproc.rajasthan.gov.in of the state.

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | यू.बी.एन.नम्बर | लागत लाखों में | जारी दिनांक | जमा व खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दीवार निर्माण कार्य | UBN No FOR2425WSRC02823 | 29.78 | 12.12.2024 | 23.12.2024 व 24.12.2024 |
| 2 | दीवार निर्माण कार्य | UBN No FOR2425WSRC02824 | 29.78 | 12.12.2024 | 23.12.2024 व 24.12.2024 |

(सुमित बंसल)
उप वन संरक्षक
करौली
DIPR/C/13036/2024

राजस्थान राज्य भण्डारव्यवस्था निगम
(सरकार का प्रतिष्ठान)
प्रधान कार्यालय, भवानी सिंह मार्ग, जयपुर
दूरभाष 0141-2565087/88/89 ई-मेल/डाक : jd.dev.rswc@rajasthan.gov.in
क्रमांक: HO/PD/SSLL Payment 29%/2024-25/ 8818 दिनांक : 19.12.2024

**नीलामी सूचना**

राज्य भण्डारगृह खाजूवाला (अनूपगढ) पर संग्रहित वर्षा प्रभावित कृषि जिन्स सरसों एवं चना की खुली बोली द्वारा नीलामी "जहां है, जैसी है" के आधार पर राज्य भण्डारगृह खाजूवाला में दिनांक 30.12.2024 को प्रातः 11:30 बजे की जावेगी।

**नीलामी सामग्री का विवरण**

| क्र.सं. | जिन्स का नाम | खरीद वर्ष | नग संख्या (कट्टे) | अनुमानित वजन (क्विंटल) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरसों | रबी-2023 | 3800 | 1897.78 |
| 2 | चना | रबी-2023 | 39 | 19.48 |

उपरोक्त नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्ते निगम की वेबसाईट https://agriculture.rajasthan.gov.in एवं https://agriculture.rajasthan.gov.in/rswc पर देखी जा सकती है।
राज.संवाद/सी/24/9395 संयुक्त निदेशक (विकास)

राजस्थान सरकार
कार्यालय परियोजना प्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता, वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, केकड़ी
ई-मेल आई.डी.-sewcdckekri@gmail, sewdsc.kekri@rajasthan.gov.in
क्रमांक-276 दिनांक-15.12.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 04,05,06,07, 08/2024-25/केकड़ी, सरवाड़,भिनाय**
**(NIB Code : WSC2425A0419 से WSC2425A0423)**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की आर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहात जिले कि विभिन्न पंचायत समिति क्षेत्रों में कुल 5 पेकेज में वर्णित कार्यो का डिफेक्ट लाईबिलीटी अवधि सहित रू. 72.57 लाख, रू. 134.76 लाख रू.29.21 लाख एवं रू.136.74 लाख एवं रू. 40.99 लाख सम्पादन कराने के लिऐ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान/केन्द्र सरकार के विभागों/अधिकृत संगठनों में पंजीकृत संवेदकों से https://eproc.rajasthan.gov.in पर ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन ई-निविदाऐं दिनांक 16.12.24 कसे 30.12.2024 तक आमंत्रिक की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण एवं शर्ते उक्त पोर्टल एवं https://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर UBN:WSC2425WSOB00854 से WSC2425WSOB00858 तक देखीं जा सकती है।
परियोजना प्रबंधक एवं
अधीक्षण अभियंता,
DIPR/C/13085/2024 वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, केकड़ी

राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय
कार्यालय- प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, जयपुर
Office of the Principal & Controller, RUHS College of Medical Sciences, Jaipur
(Constituent College of Rajasthan University of Health Sciences)
क्रमांक :- आर.यू.एच.एस.-सी.एम.एस./पैरामेडिकल/2024-25/7766 दिनांक :- 19/12/2024

**RUHS-CMS जयपुर में RCAPMC- 2024 के द्वितीय चरण के पश्चात रिक्त रही सीटों के लिए आवेदन पत्र**

RCAPMC 2024 के निर्देशानुसार प्रशिक्षण सत्र 2024-25 में द्वितीय चरण की काउन्सलिंग के पश्चात् पैरोमेडिकल पाठ्यक्रम के अन्तर्गत रिक्त रही सीटों (B.Sc.MLT-02 & B.Opht-05) पर RUHS-CMS में दिनांक 30.12.2024 को ऑपन राउण्ड के द्वारा प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित की जावेगी। योग्य अभ्यर्थी दिनांक 26/12/2024 तक दोपहर 04:00 PM बजे तक आवेदन करने हेतु महाविद्यालय वेबसाइट **www.ruhscms.org** पर दिए गए आवेदन पत्र को भर मय उल्लेखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें। समस्त अग्रिम आवश्यक निर्देशों की जानकारी हेतु अभ्यर्थी महाविद्यालय की वेबसाइट **www.ruhscms.org** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।
प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक
राज.संवाद/सी/24/9338 राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर

कार्यालय नगर पालिका खाजूवाला जिला-बीकानेर (राज.)
क्रमांक:- न.पा.खा/निविदा/निर्माण/2024-25/1350 दिनांक:- 19.12.2024

**-: ई-निविदा सूचना 04/2024-25 :-**

नगर पालिका क्षेत्र में निर्माण कार्य नियमानुसार पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित विस्तृत विवरण व जानकारी वेबसाईट WWW.SPPP.RAJASTHAN.GOV.IN व WWW.EPROC.RAJASTHAN.GOV.IN पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

| S.No. | UBN No |
|---|---|
| 1 | DLB2425WSOB13509 |
| 2 | DLB2425WSOB13510 |

| क्र. सं. | निविदा ऑनलाईन डाउनलोड व अपलोड करने की दिनांक | निविदा भौतिक प्रपत्र जमा करवाने की अन्तिम दिनांक | ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 19.12.2024 को सायं 06:00 बजे से दिनांक 30.12.2024 सांय 06:00 बजे तक | दिनांक 31.12.2024 को दोपहर 12:00 बजें | दिनांक 01.01.2025 को दोपहर 12:00 बजे से लगातार |

अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/24/9343 नगर पालिका, खाजूवाला

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, 16वां खण्ड, इगानप बीकानेर
क्रमांक 2755 दिनांक 16-12-24

**OFFICE ORDER**

इस कार्यालय की निविदा सं 10 वर्ष 2024-25 जो कि दिनांक 26.12.2024 को प्राप्त कर दिनांक 26.12.2024 को खोली जानी थी। उक्त निविदा में क्रम संख्या 08 पर अंकित कार्य अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।
(दीपाकर शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता,
16वां खण्ड इगानप
बीकानेर
DIPR/C/13246/2024

राजस्थान सरकार
निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर
क्रमांक निदे/ अ.ख.अ. नीलामी/नीलामी(ML Bajri-XVIII)/2024/ ई-09120

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमवाली, 2017 के अध्याय-III क तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आंवटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| जिला | तहसील | राजस्व गांव | प्लॉटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| भीलवाड़ा | माण्डलगढ़ | खटवाड़ा व मालीखेड़ा | 1 |
| | | खटवाड़ा व भरलियां | 1 |
| | | मोई, नीलकीखेती | 1 |
| | | मोई, गोपालपुरा | 1 |
| | | प्रतापगढ़ ,नील की खेड़ी, मुकन्दपुरा | 1 |
| | | जालियां, रलायता व बिलियां | 1 |
| | | गोपालपुरा,जालियां, पदमपुरा | 1 |
| | | बिलियां, भवानी सिंह जी का खेड़ा नन्दराय, पंडेरी | 1 |
| | सवाईपुर | गेगा को खेड़ी | 2 |
| भीलवाड़ा/ शाहपुरा | मांण्डलगढ़ / कोटड़ी | बिलियां,भवानी सिंह जी को खेड़ा नन्दराय, पंडेरी | 1 |
| | | हरिसिंह जी का खेड़ा पंडोरी | 1 |
| योग | | | 12 |

विशेष नोट:-
1 प्लॉटो का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यदि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबासइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।
(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक
DIPR/C/13243/2024

राजस्थान सरकार
निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर
क्रमांक निदे/ अ.ख.अ. नीलामी/नीलामी(ML Bajri-XVIII)/2024/ ई-09507

**ई-नीलामी विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमवाली, 2017 के अध्याय-III के तहत विभाग के अप्रधान खनिज बजरी के खननपट्टों के आंवटन के लिए निम्नांकित प्लॉट ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर खुली बोली आमंत्रित की जाती है। संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है:-

| जिला | तहसील | राजस्व गांव | प्लॉटो की संख्या |
|---|---|---|---|
| शाहपुर | जहाजपुर | केशरपुर,भरणीकलां | 1 |
| | | रावतखेड़ा, शक्करपुरा | 1 |
| भीलवाड़ा | हमीरगढ़ | खेराबाद व कान्याखेड़ा | 2 |
| | | बरड़ोद व खेतहजारियां | 1 |
| | | मोहनपुर,भेसाकुण्डल | 1 |
| | | भेसाकुण्डल | 1 |
| | | जवसियां,सायला व बरड़ोद | 1 |
| | | गुरवारड़ी | 1 |
| | सवाईपुर | करेड़, भाकलियां, सोपुरा | 1 |
| | | अमरतियां, गेन्दलियां, करेड़ | 1 |
| भीलवाड़ा/ ब्यावर | हुरडा/ विजयनगर | हुरडा सेजा नगर | 1 |
| योग | | | 12 |

विशेष नोट:-
1 प्लॉटो का विस्तृत विवरण, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यदि का विवरण, ई-ऑक्शन की शर्ते विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC Ltd की वेबासइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।
(भगवती प्रसाद) IAS
निदेशक
DIPR/C/13244/2024

राजस्थान सरकार
कार्यालय आबकारी आयुक्त, राजस्थान
आबकारी भवन 2-गुानियावाला,पंचवटी, उदयपुर-313001
क्रमांक-F.32(b)(1) (AP)EX/L/2024-25-03000 part(6)/1372
दिनांक: 20.12.2024

**पडत मदिरा की रिटेल ऑफ कम्पोजिट दुकानों के अनुज्ञापत्र हेतु ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आबकारी एवं मद्य-संयम नीति वर्ष 2024-25 के अनुसार पडत रही कम्पोजिट मदिरा दुकानों के लिए ई-निविदा प्रक्रिया से बन्दोबस्त करने हेतु निम्नानुसार ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन डाउनलोड करने की दिनांक व समय | दिनांक 21.12.2024 दोपहर 3.00 बजे से |
| 2 | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 24.12.2024 दोपहर 3.00 बजे तक |
| 3 | वित्तीय निविदा खोलने की दिनांक, समय व स्थान | दिनांक 24.12.2024 को दोपहर 4.00 बजे से संबंधित जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय। |

ई-निविदा में भाग लेने की शर्ते-
1. यह निविदा वेबसाईट https:// www.sppp.rajasthan.gov.in तथा विभागीय वेबसाईट https:// excise.rajasthan.gov.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। उक्त निविदाएं बेबसाईट https://www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्तुत की जानी है। ई-निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में लॉगिन/साइन करने हेतु काम में आयेगा। निविदादाता उपरोक्त डिजिटल सर्टिफिकेट सीसीए (CCA) द्वारा स्वीकृत एजेन्सी से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदादाताओ के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नहीं है।
2. देशी मदिरा, राजस्थान निर्मित मदिरा (RML), भारत निर्मित विदेशी मदिरा (IMFL) एवं बीयर की कम्पोजिट दुकानों का जिलेवार एवं उनके आवेदन शुल्क, अनुमानित गारण्टी राशि, अमानत राशि, धरोहर राशि, पंजीकरण शुल्क का विवरण विभागीय वेबसाईट https:// excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।
3. ई-निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक द्वारा मदिरा दुकान का फार्म डाउनलोड करके फार्म के साथ प्रक्रिया शुल्क, आवेदन शुल्क एवं अमानत राशि के चालान राजकोष में ऑनलाईन/ऑफलाईन जमा करवाकर चालानों की प्रति अपलोड करनी होगी। इन राशियों के जमा नहीं होने पर निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदादाता को निम्नलिखित राशियां उनके सामने उल्लेखित राजकोष मद में जमा करवानी होगी -

| क्र.सं. | विवरण | राशि (रूपय में) | राजकोष लेखा मद |
|---|---|---|---|
| 1 | RISL की प्रकिया/ पंजीकरण शुल्क | रू. 2000/- | 8658-00-102-(16)-01 (सिविल विभाग) |
| 2 | आवेदन शुल्क | निविदा के संबंध में जारी दिशा-निदेश एवं शर्तों की शर्त संख्या 6.11 के अनुसार रू. 10,000/- से लेकर रू.20,000 तक (अनुमानित गारण्टी राशि के अनुसार) | 0039-00-501-01-00 (आवेदन शुल्क) |
| 3 | अमानत राशि | अनुमानित गारण्टी राशि की 2 प्रतिशत | 8443-00-103-00-00 (प्रतिभूति जमा) |

ई-प्रोक पोर्टल से प्रकिया शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि का एक चालान जनरेट करने पर लेखा मद 0075-00-800-52-01 (निविदा प्रपत्र शुल्क) में राशि रू. एक रूपया जमा करवाकर आवेदन शुल्क का चालान पृथक से राजकोष में मद 0039-00-501-01-00 मे जाम करवाया जा सकता है।
4. अनुमानित गारण्टी राशि से कम राशि की निविदा प्राप्त होने पर स्वीकृति के संबंध में सक्षम स्तर से निर्णय लिया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने के समस्त अधिकार आबकारी आयुक्त को होगें।
5. स्वीकृत निविदादाता को धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेन्स फीस ई-निविदा के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश एवं शर्तों, जो विभागीय वेबसाईट https://excise.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, के अनुसार जमा करानी होगी।
6. निर्धारित समय में वांछित राशियाँ यथा-धरोहर राशि, अग्रिम वार्षिक गारन्टी राशि एवं वार्षिक लाईसेंस फीस जमा न कराने पर स्वीकृति निरस्त कर समस्त जमा राशि जप्तराज की जायेगी।
7. मदिरा दुकानों के बन्दोबस्त हेतु वे ही व्यक्ति ई-निविदा में भाग ले सकेंगें, जो राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बनाए गए नियमों, आबकारी एवं मध्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 व भारतीय संविदा अधिनियम के तहत अनुबन्ध करने की योग्यता रखते हो। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा निर्देश, आबकारी नीति वर्ष 2024-25 तथा प्रारूप अनुज्ञापत्र इत्यादि https://excise.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है, जिनका ई-निविदा में भाग लेने से पूर्व भली भाँति अध्ययन कर लेना चाहिए। अन्य जानकारी हेतु संबंधित अतिरिक्त आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. ई-निविदा के संबंध में अन्य प्रावधान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2024-25 एवं राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 एवं इसके अन्तर्गत बने नियम के अनुसार रहेगे।
9. ई-निविदा के संबंध में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो न्यायिक क्षेत्र संबंधित जिला ही रहेगा।


UBN-EXC2425GLOB00166 (शिवप्रसाद नकाते)
DIPR/C/13316/2024 आबकारी आयुक्त, राजस्थान

# जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर देर शाम तक आग बुझाने में जुटे रहे दमकलकर्मी

## करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी तक गूंजी धमाके की आवाज, 500 मीटर तक फैली आग की लपटें



अजमेर रोड पर शुक्रवार को गैस टैंकर और ट्रक की भिड़ंत में हुए ब्लास्ट से 40 वाहन कबाड़ में तब्दील हो गये, जिन्हें क्रेन से हटाया गया।



हादसे में ब्लास्ट हुए एल.पी.जी.गैस टैंकर का निरीक्षण करते एफ.एस.एल. के अधिकारी।



हादसे के बाद जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर ट्रकों में से सामान निकलकर सड़क पर फैल गया।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर भांकरोटा में शुक्रवार सुबह एल.पी.जी. गैस टैंकर और ट्रक की भिड़ंत के बाद हुए ब्लास्ट में 40 से ज्यादा वाहन जलकर कबाड़ में तब्दील हो गए। इस भयावह मंजर को जिसने देखा, वह थर्रा

- **एल.पी.जी. गैस टैंकर में ब्लास्ट से कबाड़ में तब्दील हो गए 40 से ज्यादा वाहन**
- **आग की ऊंची लपटों के कारण आसमां में उड रहे परिन्दे भी जलकर नीचे आ गिरे**

उठा। अलसुबह हादसे के बाद एंबुलेंस ने कई फेरे कर घायलों को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया। इस भीषण हादसे में 12 लोगों की मौत हो चुकी है। देर शाम तक आग बुझाने और कबाड़ हो चुके वाहनों को मुख्य सड़क से हटाने का काम चलता रहा।

ट्रक की टक्कर के बाद टैंकर में भरी एल.पी.जी. गैस जब सड़क पर फैली तो करीब 500 मीटर दूरी में आग की लपटे उठीं। करीब डेढ़ किलोमीटर दूरी तक धमाकों की आवाज से पूरा इलाका दहल उठा। आसमां में उठी आग की लपटों से परिन्दे भी जलकर नीचे गिर पड़े।

जिस समय हादसा हुआ, तब करीब 40 से ज्यादा वाहन घटनास्थल से गुजर रहे थे, जो सभी आग की लपटों में आ गए। इनमें 7 ट्रेलर, 6 ट्रक, 8-8 कार व कंटेनर, 2-2 बस व पिकअप, 2 बाइक, एक ऑटो रिक्शा व टैंकर शामिल है। इन वाहनों में बैठे लोग तो झुलसे ही, लोड़िंग वाहनों में भरा करोड़ों रु. का माल भी जलकर खाक हो गया।

### 6 लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा

एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के प्लास्टिक सर्जन डॉक्टर आर.के.जैन ने बताया कि 32 मरीज भर्ती हुए थे। इनमें से 15 मरीज ऐसे थे, जो 50 फीसदी से ज्यादा झुलसे थे। इलाज के दौरान छह की मौत हो गई, जबकि 5 लोग मृत लाए गए थे। एक ने जयपुरिया हॉस्पिटल में दम तोड़ा है। घायलों के इलाज के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में अलग से बर्न यूनिट बनाकर उपचार किया जा रहा है।

### आठ शव मोर्चरी में रखवाए

एसएमएस अस्पताल के मोर्चरी में 8 शवों को लाया गया है, जिनमें एक महिला, दो पुरुष की पहचान नहीं हुई है। एक अज्ञात शव को पॉलिथीन में लाया गया है। वहीं दो शवों की पहचान हुई है। इनमें हरलाल पुत्र नानूराम, ग्राम राजपुरा (सीकर) निवासी है। शहाबुद्दीन पुत्र मोहम्मद, रायबरेली यूपी के निवासी हैं। हादसे में आरएसी कॉन्स्टेबल अनीता मीणा (28) की भी मौत हो गई। अनीता आरएसी में 2016 बैच की कॉन्स्टेबल थीं। सुबह दूदू से ड्यूटी के लिए चौनपुरा के लिए स्लीपर बस में निकली थीं।

### हादसे में ये लोग हुए घायल

जानकारी के मुताबिक इस हादसे में गोविंद नारायण (33), संदीप (30), बनवारी लाल (32), शाहिद (34), सौमराज मीना (28), युसूफ (45), लीला (45), लक्ष्मण (37), विजेन्द्र (36), निर्मला (68), अशोक पारीक (35), वंजीता (23), राधेश्याम चौधरी (32), लालाराम (28), सहाबुद्दीन (35), नरेश (36), अमर (42), सुरेन्द्र (50), महेन्द्र (42), सुनील (20), अशोक (35), जगदीश रैगर (30), हरलाल (29), शिवा (32), राजू (40), गीता (23), शैलेन्द्र (35), लोकेश (18), शबनम (24), फिजन (20), राजूलाल (34), बबलू गुर्जर (21), कपिल (24) घायल हुए है।



हादसे में घायल इलाज कराने के लिये सवाईमानसिंह अस्पताल पहुंचे।

### हादसे पर राष्ट्रपति ने दुःख जताया

जयपुर में हुई भीषण सड़क दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी दुःख जताया। राष्ट्रपति ने कहा कि जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं। मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों।

### प्रधानमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान

जयपुर-अजमेर हाईवे पर हुए हादसे में प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुःख जताते हुए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए देने का एलान किया है। वहीं, घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

### सी.एम.ने की आर्थिक सहायता की घोषणा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में ब्लास्ट की सूचना पाकर तुरंत मौके पर पहुंचे और संवेदनशीलता दिखाते हुए राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिवार को 5 लाख रुपये एवं गंभीर घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है। वहीं प्रधानमंत्री सहायता कोष से 2 लाख रुपए, 6 लाख रुपए भारत पेट्रोलियम की ओर से सहायता करवाई। इससे पूर्व मुख्यमंत्री घायलों की जानकारी लेने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे। शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर व अस्पताल प्रशासन को सभी घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।

### घटना स्थल पर डटे उपमुख्यमंत्री

राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने घटनास्थल का दौरा किया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि टैंकर और ट्रक के बीच भिड़ंत हुई है। आग की लपटें इतनी तेज थी कि अन्य वाहनों को भी उसने अपनी चपेट में ले लिया। मृतक परिवारों के प्रति हमारी संवेदना है। सरकार उनकी हर संभव मदद करेगी। सरकार व जयपुर पलिस ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है।

### हादसे की होगी विस्तृत जांच होगी

गैस टैंकर में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घटनास्थल पर पहुंचकर परिस्थितियों का जायजा लिया और राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। भजनलाल शर्मा ने सरकार इस घटना के संबंध में जो बन पड़ेगा, वो करेगी, इलाज में भी हम सहयोग करेंगे। परिवहन विभाग अब जयपुर.अजमेर हाईवे पर हुए अग्निकांड हादसे की जांच कराएगा। इसके लिए कमेटी गठित होगी। जिसमें परिवहन, एनएचएआई, पुलिस और मेडिकल विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

### उपचार में जुटा चिकित्सा विभाग

चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग की हृदयविदारक घटना अत्यंत पीड़ादायक है। जिन परिवारों ने अपनों को खोया है। उनके दुख को शब्दों में व्यक्त करना असंभव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस त्रासदी पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए तत्काल एसएमएस अस्पताल पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम जानी। जो इस घटना में हताहत हुए हैं उन सभी के परिजनों को ईश्वर शक्ति दें। हमनें हैल्पलाइन नंबर भी जारी किया है जिसके माध्यम से सूचना दी जाएगी।

## 800 मीटर दौड़ा युवक, फिर भी नहीं बची जान

**जयपुर।** अजमेर-जयपुर हाईवे पर गैस टैंकर में ब्लास्ट के बाद वाहनों में फंसे लोग अपनी जान बचाने के लिए कई जतन करते नजर आए। मृतकों व घायलों के परिवार ने जो मंजर बताया वो भयावह था। इस हादसे में राधेश्याम चौधरी की भी मौत हो गई। जो परिवार में अकेले कमाने वाले थे। आग में झुलसने के बावजूद दौड़ 800 मीटर दूर पहुंचे।

एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी पहुंचे मृतक राधेश्याम के दोस्त हंसराज ने बताया कि राधेश्याम के पिता का लगभग 15 साल पहले निधन हो चुका है। राधेश्याम एनबीसी कंपनी में काम करते थे। परिवार के लिए करने वाले यही थे। हादसे के दौरान उन्होंने अपनी जान बचाने की बहुत कोशिश की। घटनास्थल से 800 मीटर दौड़कर आए, फिर अपने कपड़े खुद खोले। दोस्त रोशन को फोन किया। आग में इतना झुलसने के बाद भी इन्होंने फोन कर बताया। रोशन उनके पास पहुंचा। राधेश्याम को ढूंढा और हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

### महिला कॉन्स्टेबल की मौत

हादसे में आरएसी कॉन्स्टेबल अनीता मीणा (28) की भी मौत हो गई है। अनीता आरएसी में 2016 बैच की कॉन्स्टेबल थीं। सुबह दूदू से ड्यूटी के लिए चैनपुरा के लिए स्लीपर बस में निकली थीं। अनीता की पहचान पैर में लगे नेल पॉलिश और बिछिया से की गई। अनीता के भाई बसराम ने बताया कि अनीता के 10 साल की बेटी और 7 साल का बेटा है। पति गांव में खेती करते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। अनीता की नौकरी से घर की स्थिति सुधर रही थी, लेकिन हादसे ने सब कुछ छीन लिया।

### आग धधकी तो समझ ही नहीं पाए लोग

प्रत्यक्षदर्शी मुकेश सैनी ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए। कई लोग बचाव के प्रयास में गैस की चपेट में आ गए। मोहन लाल ने बताया कि मेरे भांजे हरलाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। आग इतनी भयानक थी कि हम कुछ नहीं कर पाए। शोएब ने बताया कि मेरा भाई उदयपुर से आ रहा था। बस में आग लगने पर वह कूद गया, लेकिन दोनों हाथ-पैर बुरी तरह झुलस गए। उसका इलाज जारी है। शिल्पा ने कहा कि पडौसी रमेश शर्मा और उनकी पत्नी नीर बाइक से जा रहे थे। गैस की बदबू के बाद बाइक बंद हो गई और वे आग की चपेट में आ गए। रमेश का हेलमेट चेहरे पर चिपक गया था।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## टैंकर के 5 नोजल टूटे तो फैल गई एल.पी.जी. गैस

**जयपुर ।** गेल इंडिया लिमिटेड के डी.जी.एम.(फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर के कारण टैंकर में लगे पांच नोजल टूट कर गिर गए और लिक्विड रूप में एल.पी.जी. निकल कर पूरे इलाके में फैल गई। टक्कर लगते ही स्पार्क हुआ था। इससे गैस ने आग पकड़ ली और पूरे इलाके में धमाका हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि 40 से ज्यादा गाड़ियां इसकी चपेट में आ गई। इन गाड़ियों में बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। टैंकर के पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। गाड़ियां रुकने के कारण हाईवे बंद हो गया। धमाके के बाद गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई। स्लीपर बस में बाहर निकलने का एक ही दरवाजा था, एक्सीडेंट की वजह से उसका दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार 34 लोगों को बाहर निकलने की जगह ही नहीं मिली, बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। इस बस में सवार 19 से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आग बुझने के बाद कई शवों को पोटली में डालकर अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद एहतियातन दिनभर पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप रही।

## ब्लास्ट में उदयपुर की लेकसिटी ट्रेवल्स की बस भी खाक

**जयपुर/उदयपुर,** (कासं)। जयपुर में अजमेर रोड पर भांकरोटा में शुक्रवार सुबह हुए गैस टैंकर ब्लास्ट मामले में उदयपुर से जयपुर गई लेकसिटी ट्रेवल्स की बस भी चपेट में आ गई। बस में कुल 32 यात्री सवार थे। इनमें से अधिकांश उदयपुर के थे।

- **बस में सवार 32 सवारियां में से 22 से बस मालिक की बात हुई, शेष 10 से संपर्क नहीं**

बताया जा रहा है कि जब ब्लास्ट हुआ तब लेकसिटी ट्रेवल्स की बस गैस टैंकर के पीछे चौथे नंबर पर थी। यह बस नियमित उदयपुर से जयपुर चलती है और स्लीपर कोच होने से हादसे के समय अधिकांश यात्री सोए हुए थे। हादसा इतना भयावह था कि कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह से जलकर राख हो गई। बस मालिक अब्दुल सलाम खान ने बताया कि हादसे के वक्त बस में कुल 32 यात्री मौजूद थे उनमें से 22 यात्रियों से बात हो गई है। हालांकि सभी यात्री खतरे से बाहर हैं लेकिन कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं, जबकि 10 यात्रियों से सम्पर्क नहीं हो पाया है। इनका पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

ज्ञातव्य है कि उदयपुर से जयपुर के लिए लेकसिटी ट्रेवल्स की बस गुरूवार की रात को 9 बजे रवाना हुई जो कि सुबह जयपुर पहुंचनी थी लेकिन जयपुर शहर की सीमा में प्रवेश करने के बाद ही यह हादसा हो गया। इससे बस पोलो विक्ट्री नहीं पहुंच पाई। जब यह हादसा हुआ था तब बस ट्रक के पीछे थी। हादसा इतना तेज था कि 200 मीटर दूरी तक खड़ी गाड़ियां इसकी चपेट में आ गई। बस के अलावा वहां से गुजर रहे दुपहिया वाहन भी चपेट में आ गए। चारों ओर आग का गोला दिखाई दे रहा था। इस हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 35 गंभीर झुलस गए व पांच लोग वेंटीलेटर पर है।

बस प्रबंधक को सवारियों से मिली जानकारी के अनुसार करीब सुबह 6 बजे गैस टैंकर और ट्रक की टक्कर हो गयी। तेजी से गैस रिसाव शुरू हो गया, कोई कुछ समझ पाता, इससे पहले गैस टैंकर में भयानक ब्लास्ट हुआ। सभी सवारियां बस से कूद कूद कर आस-पास बचने के लिए भागने लगीं। इस दौरान कुछ सवारियां आग की चपेट में आ गई और झुलस गयीं। बस चालक गंभीर रूप से झुलस गया।

## अग्निकांड पर शोक जताया

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गैस टैंकर में आग लगने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को प्रातः एस.एम.एस अस्पताल पहुँचकर अजमेर रोड हादसे में हताहत और घायल हुए लोगों की जानकारी ली। देवनानी ने एस.एम.एस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य दीपक माहेश्वरी के साथ अस्पताल के विभिन्न वार्डों में उपचार ले रहे लोगों को देखा। देवनानी ने चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा के नजदीक हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया। राठौड़ ने भगवान से हादसे में जान गवाने वाली पुण्यात्माओं को शांति प्रदान करने और शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। वहीं हृदय विदारक इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुखद टैंकर हादसे में संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 5 लाख तथा गंभीर घायलों को 1 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा भी कर दी। वहीं हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये जबकि घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।


**खोया पाया**

मेरा फ्लैट नम्बर- KA/53/4 GF, कृष्णा अपार्टमेंट, सैक्टर 28, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का नो ड्यूज सर्टिफिकेट कहीं खो गया मिलने पर सूचित करें ममता देवी 9667969349

मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की आवासीय योजना अशोक विहार-ए के भूखण्ड संख्या 6 का सोसायटी द्वारा जारी मूल रसीद कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें। (राहुल किशोर यादव एवं आनन्द किशोर यादव 9828757444)

**राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर**

क्रमांकः 5217 जाहिर आम सूचना दिनांक 13.12.2024

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 190/12 (HIG), (एरिया 189.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री महेन्द्र कुमार पाहवा पुत्र श्री सुन्दर दास पाहवा को किया जाकर आंवटन पत्र क्रमांक 274 दिनांक 15.01.2010 को जारी किया गया। श्री महेन्द्र कुमार पाहवा द्वारा श्री अरुण कुमार तिवारी पुत्र श्री जगमोहन लाल को दिनांक 24.05.2007 को मुख्त्यारनामा आम धारक नियुक्त किया गया। श्री अरुण कुमार तिवारी के द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से श्री महेन्द्र कुमार पाहवा के पक्ष में पंजीयन प्रपत्र उप पंजीयक सांगानेर-द्वितीय, जयपुर के यहाँ दिनांक 09.04.2010 को पंजीकृत करवाये गये। श्री अरुण कुमार तिवारी द्वारा मुख्त्यारनामा आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 22.04.2010 के द्वारा श्रीमती अरुणा तिवारी पत्नी श्री अरुण कुमार तिवारी को विक्रय कर उप पंजीयक जयपुर-षष्ठम, के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती अरुणा तिवारी पत्नी श्री अरुण कुमार तिवारी के आवेदन पर कार्यालय आदेश क्रमांक 679 दिनांक 28.04.2010 द्वारा नाम दर्ज किया गया। श्रीमती अरुणा तिवारी द्वारा उक्त आवास को दिनांक 23.10.2024 के द्वारा 1. श्रीमती रैना यादव पत्नी श्री संजय कुमार यादव एवं 2. श्री संजय कुमार यादव पुत्र श्री अभय सिंह यादव को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अद्योहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, 1. श्रीमती रैना यादव पत्नी श्री संजय कुमार यादव एवं 2. श्री संजय कुमार यादव पुत्र श्री अभय सिंह यादव का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

**सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांकः-जविप्रा/उपा/जोन-7/2024/डी 2207 दिनांक 19.12.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेश कुमार पुत्र श्री नत्थुराम ने माधव नगर गृ.नि.स.स.लि. द्वारा जारी आवंटन पत्र, रसीद एवं साईट प्लान एवं अपंजीकृत इकरारनामा दिनांक 03.03.2001 के आधार पर समिति की योजना राजेन्द्र नगर के भूखण्ड सख्या 40 क्षेत्रफल 301.46 व.ग. का पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया गया है। सोसायटी द्वारा जारी आवंटन पत्र दिनांक 10.07.1981 को श्रीमती मीना सरवलेछा पत्नि श्री हरीशचन्द्र सरवलेछा के नाम जारी किया गया था। अतः उक्त दस्तावेजों के आधार पर माधव नगर गृ.नि.स.स.लि. की योजना राजेन्द्र नगर के भूखण्ड संख्या 40 क्षेत्रफल 301.46 व.ग. का पट्टा जारी किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति/फर्म/कम्पनी एवं अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना जारी दिनांक से 07 दिवस की अवधि में अपने हक स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति उपायुक्त जोन-07, जेडीए के कार्यालय में पेश कर सकते है। यह सूचना दिनांक 19.12.2024 को जारी की गई।

उपायुक्त जोन-07

**सार्वजनिक आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है इण्डसइंड बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय वैशाली नगर CFD Office 6th Floor, Unique Aspire Building, Vaishali Marg, Near Amrapali Circle, Vaishali Nagar, Jaipur Rajasthan द्वारा श्री तेजदान को आवास ऋण दिया गया जिसका ऋण खाता संख्या RDA01233E है। श्री तेजदान के बंधक सम्पत्ति का विवरण जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर द्वारा जारी किया गया पट्टा विलेख क्रमांक 15440 दिनांक 13.04.2011 श्री तेजदान पुत्र श्री राणीदान की सम्पत्ति खसरा नम्बर 43, भूखण्ड संख्या 65 ग्राम बासनी चौहाना, जिसका कुल क्षेत्रफल 200 वर्गगज के नाम से प्रकरण संख्या 85/11, निर्णय दिनांक 24.03.2011 नामान्तरकरण संख्या 1206, पट्टा क्रमांक 15440, के मूल दस्तावेज बैंक में बंधक थे। जिसका पंजीयन उप पंजीयक तृतीय जोधपुर दिनांक 15.04.2011 को पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 386, पृष्ठ संख्या 31, क्रम संख्या 2011005881 पर पंजीबद्ध है एवं अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1, जिल्द संख्या 1537, पृष्ठ संख्या 307 से 314, पर पंजीबद्ध किया गया। उक्त मूल पंजीबद्ध पट्टा जो कि इण्डसइंड बैंक लिमिटेड मे जमा थी, वह बैंक से गुम हो गई है। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई गई है। अतः आम सूचना देकर आम खास को आगाह व सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या शख्स को यह मूल दस्तावेज मिलता है तो इण्डसइंड बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय वैशाली नगर CFD Office 6th Floor, Unique Aspire Building, Vaishali Marg, Near Amrapali Circle, Vaishali Nagar, Jaipur में सम्पर्क कर जमा करावें। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का गलत उपयोग किया जाता है तो उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही बैंक द्वारा की जावेगी। इण्डसइंड बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय - वैशाली नगर जरिये पैनल अधिवक्ता के.वी. सिंह एडवोकेट एण्ड एसोसिएट्स मो. 9829152032

**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/अधि.अभि. एवं त.स.नि.अ.-I/2024-25/डी-91 दिनांक : 20.12.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**

**बिड संख्या - अ.अ. एवं त.स.नि.अ.-I/29/2024-25**

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2425WSOB00428 | 10.76 | मीडियन कार्य | 30.12.2024 |
| 2 | JDA2425WLOB00424 | 1170.93 | सड़क | 11.01.2025 |
| 3 | JDA2425WLOB00423 | 1482.56 | विकास कार्य | 30.12.2024 |
| 4 | JDA2425WSRC00425 | 65.58 | दीवार एवं तारबंदी (दर संविदा) | 29.12.2024 |
| 5 | JDA2425WSOB00429 | 83.64 | दीवार एवं सर्वे | 02.01.2025 |
| 6 | JDA2425WSOB00430 | 11.61 | रखरखाव | 01.01.2025 |
| 7 | JDA2425WSOB00426 | 50.27 | सड़क | 30.12.2024 |
| 8 | JDA2425WSOB00427 | 298.05 | विभिन्न विकास कार्य | 09.01.2025 |
| 9 | JDA2425SLRC00432 | 183.90 | Survey Work By T.S./DGPS in JDA Region | 31.01.2025 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/9396

अधि. अभि. एवं तक.सहा.निदे.अभि.-प्रथम

**SHRI VINAYAK COLLEGE OF EDUCATION**

Naila, Near Kanota, Agra Road, Jaipur-303012

Requirement For D.El.Ed. (BSTC) 2 Year

Course ·Principal – 01 ·Lecturer – 15

Qualification as per NCTE, UGC, Subject- Hindi, English, Sanskrit, History, Civics, Economics, Geography, Social Study, Home Science, Chemistry, Maths, Biology, Physics, Commerce, Music, Fine Art, Physical Education

Qualification – M.A. in Subject with 55%, M.Ed.,

Apply within 3 days

Contact.: 0141-2220999, 9116656106

E-Mail-svspsrecruitment@gmail.com

**नाम परिवर्तन**

मैं आर्मी नं 2700950N Hav Sandesh Kumar Yadav of UNIT 24 GRENADIERS मेरे सैन्य दस्तावेज में मेरे पिता का नाम Prem Narayan Singh Yadav है जो कि गलत है मेरे पिता का सही नाम Premanarayan है।

मैंने मेरा नाम वन्दना सिंह पुत्री श्री दौलत सिंह उम्र 20 वर्ष जाति राजपूत निवासी- प्लाट- 5-A भगत वाटिका सिविल लाईन्स अजमेर रोड जयपुर राजस्थान जोकि मेरे समस्त दस्तावेजों में अंकित है से बदलकर Quintessa Emmanuella Vince Painummoottil Zacharia रख लिया है। भविष्य में मुझे उक्त नाम से जाना जावे।

हम राहुल अग्रवाल व शिवानी अग्रवाल अपने पुत्र का नाम काव्य अग्रवाल से बदलकर कुंश अग्रवाल रख रहे है भविष्य में उसे कुंश अग्रवाल पुत्र राहुल अग्रवाल निवासी 128, विद्युत नगर-ए, अजमेर रोड, जयपुर राजस्थान 302021 के नाम से जाना जावे।

मैं सुरेन्द्र कुमार सोयल निवासी 579, कठपुतली कॉलोनी, भवानी सिंह रोड, जयपुर-302005 राजस्थान शपथपूर्वक बयान करता हूॅ कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम Surendera Kumar Soyal अंकित है जबकि सही नाम Surendra Kumar Soyal है। अंकित करे तथा पढा जाये।

I have changed my name from om prakash to Om Prakash Suthar R/o A-28 Govind Marg Adarsh Nagar Jaipur

I have changed my name from Sneha to Sneha Pukhrambam D/o Ratan Kumar Pukhrambam for all purpose. Resi.: 103, Royal Abode, A-7, Vijay Path, Tilak Nagar, Jaipur.

I have changed my name from Prerna Kriplani to Prerna Shyam Kriplani for all purposes R/o Flat No.802, 8th floor Navkar residency AC-2 Jaisingh highway Banipark Jaipur-302016

I have changed my name from Kriplani Shamkumar Laxmandas to Shyam Lachmandas Kriplani for all purposes R/o Flat No.802, 8th floor Navkar residency AC-2 Jaisingh highway Banipark Jaipur-302016

I have changed my name from Harish Kumar Gangwani to Harish Gangwani for all purposes R/o 37-A Nandpuri, Hawa sadak, Ajmer road Jaipur

I chanda devi is legally wedded spouse of army no JC481312F sub major Late Ratti ram gurjar R/O village khawda post gazipur teh.mahwa district dausa have changed my first one son name from JITESH SINGH To JEETESH SINGH and second one name From *VIKESH SINGH* (DOB 20/9/1997) To VIKAS SINGH (DOB 25/9/1998) vide affidavit dated 19/12/2024 before district notary mahwa dausa



> सरकार 2036 ओलंपिक खेलों के लिए मजबूत और सफल बोली सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ में मतभेदों को सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।
> - निखिल खडसे

युवा मामले और खेल राज्य मंत्री, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सामने अच्छी छवि पेश करने को लेकर।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी**



### आर. अश्विन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद रवि अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह दिया। इसके बाद साथ क्रिकेटरों के अलावा फैंस और पूर्व क्रिकेटरों ने रवि अश्विन को शुभकामनाएं दी। वहीं इन सबके बाद अश्विन ने सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया। जिसके कैप्शन बेहद ही मजेदार है। अश्विन ने स्क्रीनशॉट में सचिन तेंदुलकर और कपिल देव जैसे दिग्गजों का नाम है। अश्विन ने इस स्क्रीनशॉट के कैप्शन में लिखा कि, अगर आज से 25 साल पहले मुझे कोई कहता कि मेरा पास स्मार्टफोन होगा और मेरा कॉल लॉग कुछ यूं दिखेगा, तो मुझे हार्ट अटैक आ जाता।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है। गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन बनाए।

## एशिया वोवीनाम फैडरेशन के महासचिव चुने गए प्रवीण गर्ग

लखनऊ, 20 दिसंबर। वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग को सर्वसम्मति से एशिया वोवीनाम फेडरेशन का महासचिव चुना गया है। पांचवी एशियाई



वोवीनाम मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का आयोजन बाली, इंडोनेशिया में 17 से 22 दिसंबर 2024 में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दौरान एशिया वोवीनाम फेडरेशन कांग्रेस और चुनाव का आयोजन 19 दिसंबर को किया गया। जिसमें 2024 से 2028 कार्यकाल के लिए ईरान फेडरेशन के अध्यक्ष मोहम्मद नूही को अध्यक्ष, वियतनाम से ग्यून बिन दिन्ह को एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और गर्ग को महासचिव चुना गया। नयूमन यमाधिपुत्रा, विष्णु सहाय और पैंग सुनचुन को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वर्ल्ड वोवीनाम फेडरेशन के अध्यक्ष वियतनाम से मय हूं टिन ने बताया कि खेल को जापान में 2026 में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स और ओलंपिक काउंसिल ऑफ़ एशिया की अन्य प्रतियोगिताओं में शामिल किए जाने के लिए फेडरेशन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। क्योंकि वोवीनाम इससे पूर्व भी ओलंपिक काउंसिल ऑफ़ एशिया के तत्वाधान में आयोजित एशियाई इंडोर गेम्स और एशियाई बीच गेम्स मे सम्मिलित रह चुका है।

## भारत को मिली पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर। अगले वर्ष पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 की मेजबानी भारत करेगा। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ने विश्व चैम्पियनशिप के आयोजन की मेजबानी भारत को दिये जाने की घोषणा की है। डब्ल्यूपीए ने कहा कि पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप के सभी मुकाबले राजधानी के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में 26 सितंबर से पांच अक्टूबर तक आयोजित किये जायेंगे। यह पहली बार होगा जब भारत में इस तरह वैश्विक खेल चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। डब्ल्यूपीए के प्रमुख पॉल फिट्जगेराल्ड ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि लॉस एंजिल्स 2028 की ओर नए पैरालंपिक चक्र की पहली प्रमुख चैंपियनशिप नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप 2025 भारत में होने वाला अब तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय पैरा खेल आयोजन होगा, जो हमारे खेल, हमारे खेलप्रेमियों का आधार बढ़ाने और दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में दिव्यांग लोगों के बारे में समाज की धारणा को प्रभावित करने का एक बड़ा मौका होगा। पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 में 100 से अधिक देशों के पैरा एथलीट्स इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। ये इस चैंपियनशिप का 12वां संस्करण है और चौथी बार किसी एशियाई देश को इसकी मेजबानी मिली है। इससे पहले कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जापान, पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुके है। इस चैंपियनशिप के अलावा भारत को वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री की जिम्मेदारी दी गई है। भारत को इसकी भी मेजबानी पहली बार मिली है, यह 11 से 13 मार्च तक दिल्ली के जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में ही आयोजित की जायेगी। भारतीय राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति ने जारी एक बयान में कहा, एनपीसी इंडिया को भारत में पहली बार पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला है। यह ऐतिहासिक आयोजन भारत के वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए हमारे दावे को मजबूती प्रदान करता है।

# मेलबर्न में कोहली के नाम हैं सबसे ज्यादा टेस्ट रन

मेलबर्न, 20 दिसम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। दोनों टीमें 26 दिसंबर से आमने-सामने होंगी। इस समय 5 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। लिहाजा, दोनों टीमें मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिंग डे टेस्ट जीतकर सीरीज में बढ़त बनाना चाहेगी, लेकिन क्या आप जानते हैं अब तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के लिए सबसे ज्यादा रन किस बल्लेबाज ने बनाए हैं? विराट कोहली इस लिस्ट में सबसे ऊपर है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली हैं। विराट कोहली ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 6




पारियों में 52.66 की एवरेज से 316 रन बनाए हैं। जिसमें 1 शतक के अलावा 2 बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली ने 28 मैचों में 2168 रन बनाए हैं। जिसमें 9 शतक भी शामिल है। इस सीरीज के पहले टेस्ट में विराट कोहली ने शतकीय पारी खेली थी, लेकिन इसके बाद दूसरे और तीसरे टेस्ट में विराट कोहली का बल्ला खामोश रहा है।

विराट कोहली के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो इस खिलाड़ी ने 121 मैचों में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है। जिसमें इस बल्लेबाज ने 47.49 की एवरेज से 9166 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने टेस्ट फॉर्मेट में 30 शतक जड़े हैं। इसके अलावा 31 बार पचास रनों का आंकड़ां पार किया है। साथ ही विराट कोहली के नाम टेस्ट फॉर्मेट में 7 दोहरा शतक दर्ज है। हालांकि, ये देखना मजेदार होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में विराट कोहली का प्रदर्शन कैसा रहता है? अगर बॉक्सिंग डे टेस्ट में विराट कोहली का बल्ला चलता है तो भारतीय टीम की मुश्किलें कम हो सकती हैं

## विजय हजारे ट्रॉफी : मो. शमी अभी भी नहीं हैं फिट!

बेंगलुरु, 20 दिसंबर। भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज मोहम्म शमी की फिटनेस अभी भी चर्चा में है। गाबा



टेस्ट के बाद रोहित शर्मा ने शमी की फिटनेस पर अपडेट मांगा था। वहीं अब खबर ये है कि शमी बंगाल के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच में नहीं खेलेंगे उन्हें आराम दिया गया है। बंगाल क्रिकेट संघ ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।शमी ने टीम इंडिया के लिए पिछला मैच 2023 वनडे वर्ल्ड कप में खेला था। शमी ने टखने की सर्जरी के बाद लंबे समय बाद घरेलू क्रिकेट में वापसी की थी। वह तब से बेंगलुरु में बीसीसीआई के हाई परफॉर्मेंस में चोट से उबर रहे थे।

## कौन होगा शाह का उत्तराधिकारी, बैठक में होगा फैसला

नई दिल्ली, 20 दिसम्बर। जय शाह ने 1 दिसंबर 2024 से आईसीसी के चेयरमैन का पद संभाल लिया है। वहीं अब इसके बाद बीसीसीआई सचिव का पद खाली पड़ा है। अभी कुछ हफ्ते पहले ही बीसीसीआई के प्रेसिडेंट



रोजर बिन्नी ने देवजीत सैकिया को अंतरिम सचिव के तौर पर नियुक्त किया था। लेकिन ये भी कहा था कि जल्द से जल्द सचिव पद के लिए स्थायी नियुक्ति होगी।

इस बीच एक नया अपडेट आया है कि बोर्ड के नए सचिव और कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए 12 जनवरी को बोर्ड एक मीटिंग करेगा। बीसीसीआई का संविधान कहता है कि किसी भी खाली पद पर 45 दिनों के भीतर नई नियुक्ति होना जरूरी है। राज्य क्रिकेट संघ ने बताया कि, गुरुवार को हुई काउंसिल मीटिंग के बाद सभी राज्यों के क्रिकेट संघ को स्पेशल जनरल मीटिंग के संबंध में संदेश भेजा गया। 12 जनवरी को बोर्ड के हेडक्वार्टर्स में मीटिंग करवाई जाएगी। बता दें कि, जय शाह के साथ-साथ आशीष शेलार ने कोषाध्यक्ष पद छोड़ दिया था जिन्हें हाल ही में बनी नई सरकार में कैबिनेट मंत्री पद मिला है। इसी रिपोर्ट के अनुसार बोर्ड ने संदेश में लिखा कि, चूंकि सचिव और कोषाध्यक्ष पद खाली हो गए हैं इसलि स्पेशल जनरल मीटिंग में चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से इन पदों को भरा जाना जरूरी है। बोर्ड ने इन आंतरिक चुनावों के लिए पूर्व चुनाव आयुक्त अछल कुमार ज्योति को चुनाव अधिकारी घोषित किया है। बता दें कि, अचल जुलाई 2017 से लेकर जनवरी 2018 तक भारत के चुनाव आयुक्त रहे।


**सार्वजनिक सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।**

क्रमांकः जविप्रा/जोन-6/2024 / डी-1340 दि. 07.06.24

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू मल्होत्रा पत्नी श्री हितेश खिंची द्वारा रजि. उपहार पत्र एवं रजि. विक्रय पत्र के आधार पर सुभाष सिंधी गृ.नि.स.स. की योजना पवनपुरी ईस्ट के भूखण्ड संख्या 89 क्षेत्रफल 138.38 व.ग. का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/ कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा योजना पवनपुरी ईस्ट के भूखण्ड संख्या 89 का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मंजू मल्होत्रा के पक्ष में जारी करने की नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

**उपायुक्त जोन-6 जविप्रा, जयपुर**


# भारत ने विंडीज को 60 रन से हराकर टी-20 जीती, रिचा और स्मृति ने ठोका अर्द्धशतक

नवी मुंबई, 20 दिसम्बर। रिचा घोष (54) ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 गेंद में सबसे तेज अर्धशतक के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (77) ने भी अर्धशतक जड़ा जिससे भारत ने बृहस्पतिवार को यहां तीसरे और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 60 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

भारतीय महिला टीम ने अक्टूबर 2019 के बाद घरेलू सरजमीं पर पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती है। भारत के 218 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 157 रन ही बना सकी। चिनेल हेनरी 16 गेंद में चार छक्कों और तीन चौकों से 43 रन बनाकर टीम की शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि डिएंड्रा डोटिन (25) और कप्तान हेली मैथ्यूज (22) ने भी




उपयोगी पारियां खेलीं। मेजबान टीम की तरफ से स्पिनर राधा यादव ने 29 रन देकर चार विकेट चटकाए। भारत ने इससे पहले रिचा और स्मृति की पारियों से चार विकेट पर 217 रन बनाए जो इस प्रारूप में टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस प्रारूप में इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ स्कोर पांच विकेट पर 201 रन था जो उसने इसी साल एशिया कप में यूएई के खिलाफ बनाया था। इक्कीस साल की रिचा ने 21 गेंद की अपनी पारी में पांच छक्के और तीन चौके मारे जबकि स्मृति ने47 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके और एक छक्का जड़ा। रिचा ने न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन और ऑस्ट्रेलिया की फोएबे लिचफील्ड के सबसे तेज अर्धशतक अर्धशतक के रिकॉर्ड की बराबरी की। स्मृति ने श्रृंखला का लगातार तीसरा और साल का आठवां अर्धशतक जड़ते हुए इस साल टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप की सबसे सफल बल्लेबाज बनी। उनके नाम इस साल 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 763 रन दर्ज हैं।

स्मृति ने सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू को पीछे छोड़ा। लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम कोई बड़ी साझेदारी नहीं कर पाई। डोटिन और मैथ्यूज ने अच्छी शुरुआत के बाद अपने विकेट गंवाए। मैथ्यूज को स्पिनर राधा यादव ने सजीवन सजना के हाथों कैच कराया जबकि डोटिन ने टिटास साधु की गेंद पर राधा को कैच थमाया। हेनरी ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए वेस्टइंडीज की उम्मीद जगाई। उन्होंने 14वें ओवर में दीप्ति शर्मा की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे।

## चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर गतिरोध खत्म होने से खुश पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर

कराची, 20 दिसम्बर। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने राहत जताई है कि आखिरकार चैम्पियंस ट्रॉफी को लेकर भारत के साथ गतिरोध खत्म करने में आईसीसी कामयाब रहा है जिसके तहत भारतीय टीम अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। बदले में पाकिस्तानी टीम भी 2027 के मौजूदा चक्र में भारत में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंटों के अपने सारे मैच तटस्थ स्थान पर खेलेगी। महान बल्लेबाज जावेद मियांदाद ने कहा ,'' मुझे लगता है कि पीसीबी ने समझदारी दिखाई है और अलग थलग पड़ने की बजाय समाधान को चुना। इसमें पीसीबी को बीसीसीआई से ज्यादा फायदा हुआ है।'' उन्होंने कहा ,'' पाकिस्तान लंबे समय बाद बड़े टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। हमने साफ संदेश दे दिया है कि अगर आप हमारे देश में खेलने नहीं आते तो हम भी भारत में खेलने नहीं जायेंगे।' यह व्यवस्था चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू रहेगी। भारत ने सुरक्षा कारणों से फरवरी मार्च में पाकिस्तान में होने वाले टूर्नामेंट के लिये जाने से इनकार कर दिया था।


**संशोधन सूचना**

राष्ट्रदूत 20.12.2024 जयपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन 'न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी सवाई माधोपुर विचाराधीन अपील संख्या 22/2017 की सूची' में क्रमांक संख्या-आर.ए.ए./स.मा./947-दिनांक 17.12.2024 पढा जाए।

**राजस्व अपील अधिकारी, सवाई माधोपुर**



**कार्यालय उपायुक्त (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)

क्रमांक:-एफ-55 ( ) वि.जोन/ न.नि.ज.(ग्रे)/2024/2333

**सार्वजनिक सूचना** दिनांक:- 20/12/24

भूखंड सं. डी-43, प्रेम नगर I-डी, झोटवाडा, जयपुर (श्री जनता गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नाथूलाल अग्रवाल पुत्र श्री माधोलाल के पक्ष में क्षेत्रफल 216.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। मूल आवंटी की मृत्यु उपरान्त अन्य वारिसानों ने जरिये पंजीकृत हक त्याग पत्र एवं पंजीकृत मुख्यारनामा-आम के आधार पर श्री निर्मल जैन, श्री गिर्राज जैन, श्री धर्मेन्द्र जैन पुत्रान श्री नाथूलाल जैन ने भूखण्ड सं. डी-43, प्रेम नगर I-डी, झोटवाडा, जयपुर (श्री जनता गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

**उपायुक्त विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर**



**विज्ञप्ति जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांकः जविप्रा/जोन-2/2024/डी- 1779 दिनांकः- 20.12.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोमल चंदलानी पत्नी श्री सुनील चंदलानी द्वारा जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना विद्याधर नगर, सैक्टर 8 में कम्पोजिट स्कीम के आवास संख्या डीएल-5 का लीज होल्ड पट्टा चाहने हेतु ऑन लाईन आवेदन संख्या 192111 द्वारा निवेदन किया गया है। आवंटित आवास का आवंटन दिनांक 23.09.1985 को श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री विजन दास को किया जाकर अदेय प्रमाण-पत्र दिनांक 25.02.2002 को जारी किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती इन्द्रा देवी द्वारा जरिये पंजीकृत मुख्तयारनामा आम दिनांक 24.08.1996 से श्री छतमल पुत्र श्री वेन्सीमल के पक्ष में किया। तत्पश्चात श्री छतमल पुत्र श्री वेन्सीमल द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 31.12.2007 से जुगल किशोर काबरा पुत्र श्री जेठमल काबरा को बेचान कर दिया है। तत्पश्चात श्री जुगल किशोर काबरा पुत्र श्री जेठमल काबरा द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28.02.2013 से श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा को बेचान कर दिया है तत्पश्चात श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री सुनील शर्मा द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 22.08.2014 से श्रीमती उर्मिला चन्देल पत्नी श्री आनन्द चन्देल को बेचान कर दिया। तत्पश्चात श्रीमती उर्मिला चन्देल पत्नी श्री आनन्द चन्देल द्वारा जरिये पंजीकृत मुख्तयारनामा आम दिनांक 02.12.2014 को श्रीमती गुलशन बानो पत्नी श्री वहीद खान के पक्ष में किया गया तत्पश्चात श्रीमती गुलशन बानो पत्नी श्री वहीद खान के द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय दिनांक 31.03.2015 को श्रीमती कोमल चन्दलानी पत्नी सुनील चन्दलानी को बेचान कर दिया गया। इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/ हितधारी को कोई आपति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कमरा नम्बर पीबी-एसएफ-205, द्वितीय तल, पार्किंग स्थल, जयपुर में आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत कर दें, अन्यथा बाद- मियाद आवेदक के पक्ष में लीज होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। बाद मियाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

**उपायुक्त, जोन-2 जविप्रा, जयपुर**


## 26 दिसम्बर से निकलेगी मशाल यात्रा : रेखा


देहरादून, 20 दिसंबर। उत्तराखंड में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों से पूरे प्रदेश की जनता को जोड़ने के लिए आधिकारिक मशाल यात्रा 26 दिसंबर को हल्द्वानी से शुरू होगी। यह यात्रा सभी 13 जनपदों से होकर गुजरेगी। हर जनपद में इस दौरान दो से तीन दिन विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। शुक्रवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम स्थित खेल सचिवालय में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मशाल यात्रा का आरंभ हल्द्वानी से 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी करेंगे। यहां से यह यात्रा कुमाऊं और गढ़वाल मंडल के सभी 13 जनपदों में जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान, प्रयास किया जाएगा यात्रा ज्यादा से ज्यादा ब्लॉकों तक पहुंचे और आम लोग इसमें शामिल हो सके।

## ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम दो टेस्ट के लिए अनकैप्ड सैम कोंस्टास को किया टीम में शामिल

मेलबर्न, 20 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शेष दो टेस्ट मैचों के लिए अनकैप्ड सैम कोंस्टास को टीम में जगह दी हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

अंतिम दो टेस्ट मैचों के लिए अनकैप्ड ओपनर सैम कोंस्टास को टीम शामिल किया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज जाय रिचर्डसन को चोटिल जॉश हेजलवुड की जगह टीम में वापस बुलाया गया है। जसप्रीत बुमराह समेत अन्य भारतीय गेंदबाजो के खिलाफ संघर्ष कर रहे सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी को टीम से बाहर कर दिया गया है।

चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, इस टीम के पास अपनी प्लेइंग




एकादश को सही तरीके से संतुलित करने के लिए पर्याप्त विकल्प हैं। सैम को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उसकी बल्लेबाजी की शैली विशिष्ट है, और हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि भविष्य में वह अपने खेल को किस दिशा में लेकर जाते हैं। बेली ने कहा, हमें विश्वास है कि नैथन में टेस्ट स्तर पर भविष्य में सफलता पाने की क्षमता और मानसिकता है। उन्हें बाहर रखना एक मुश्किल निर्णय था। श्रृंखला के दौरान शुरुआती क्रम के बल्लेबाजो को संघर्ष करना पड़ा है। हम अगले दो मैचों के लिए एक अलग संयोजन का विकल्प प्रदान करना चाहते हैं। जॉश हेजलवुड की अनुपस्थिति में जाय रिचर्डसन तेज गेंदबाजी में और विकल्प प्रदान करते हैं।

मेलबर्न और सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:- पैट कमिंस, शॉन एबट, स्कॉट बोलैंड, ऐलेक्स कैरी, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लस, उस्मान ख्वाजा, सैम कॉन्स्टास, मार्नस लाबुशेन, नेथन लायन, मिचेल मार्श, जाय रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिचेल स्टार्क और ब्यू वेबस्टर।

## अतुल गुप्ता होंगे जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता में ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री



जयपुर, 20 दिसंबर। जयपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव मनोज दासोत द्वारा 24 दिसंबर से 29 दिसंबर तक होने वाली श्री ओ. एन दिक्षित मेमोरियल विंटर जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप व वेटरन ट्रायल में अतुल गुप्ता को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री नियुक्त किया गया है। अतुल गुप्ता भूतपूर्व राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं वर्तमान में राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के कोचिंग हेड है। दासोंत ने बताया खिलाड़ियों की एंट्री देने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर होगी तथा प्रतियोगित में मिनी, सब जूनियर, जूनियर, सीनीयर व वेटरन के एकल, युगल व मिक्स युगल की प्रतियोगता होगी। मनोज दासोत के अनुसार के के माथुर प्रतियोगिता के चीफ रेफरी होगे।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस**

**समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को**

मुकदमा नम्बर 409/2024

**(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि श्री गंव्वर लाल शर्मा पुत्र श्री राधे श्याम शर्मा निवासी डहरा, कुम्हेर, भरतपुर 321026 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत श्री धर्म फाउण्डेशन ट्रस्ट कार्यालय पता पी-2, फ्रेन्ड्स कॉलोनी, अवधपुरी, लालकोठी जयपुर 302015 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जानपे के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियं प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 19/12/24 को मोरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गाया।

आइदा तारीख पेशी 24/02/25

मोहर अदालत

**सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर**


## राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद : खेलों इंडिया केंद्रों के लिये क्रीड़ा परिषद एवं साई के बीच एमओयू



जयपुर, 20 दिसंबर। शुक्रवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में शासन सचिव, युवा मामलें एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार पवन की उपस्थिति में मनिकान्त शर्मा-क्षेत्रीय निदेशक-भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) गांधीनगर, गुजरात एवं राजेन्द्र सिंह सिसोदिया-सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के मध्य 17 नवीन जिलों में भी खेलो इण्डिया केन्द्र स्थापित करने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये। परिषद द्वारा शीघ्र ही इन जिलों में खेलों इंडिया केन्द्रों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि इन केन्द्रो पर केन्द्र सरकार द्वारा प्राप्त अनुदान से खेल उपकरण एवं खेल प्रषिक्षक उपलब्ध करवाये जाएगें। प्रत्येक केन्द्र हेतु प्रति वर्ष 5 लाख रूपये की अनुदान राषि खेल उपकरण, ब्राण्डिग, मैदानों के रख-रखाव एवं प्रशिक्षकों के मानदेय हेतु भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है। धौलपुर में फुटबॉल सहित 17 नवीन जिलों में भी खेलो इण्डिया केन्द्र स्थापित करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हो चुकी है। नवीन जिलो में ब्यावर में कुश्ती, डीडवाना-कुचामन में बास्केटबॉल, केकड़ी में खो-खो, शाहपुरा में तैराकी, डीग में कुश्ती, गंगापुरसिटी में ताइक्वांडो, अनुपगढ़ में एथलेटिक्स, दूदू में खो-खो, जयपुर ग्रामीण में कबडडी, खेरथल-तिजारा में कुश्ती, कोटपूतली-बहरोड में बास्केटबॉल, बालोतरा में वॉलीबॉल, जोधपुर ग्रामीण में कुश्ती, फलौदी में एथलेटिक्स, संचोर में सॉफ्टबॉल, नीम का थाना में कुश्ती, सलूम्बर में फुटबॉल है। उल्लेखनीये है कि खेलों इंडिया योजनान्तर्गत राज्य के 32 जिलो में खेलो इण्डिया केन्द्रो का संचालन पहले से ही परिषद द्वारा किया जा रहा है।

## पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से हराया



केपटाउन, 20 दिसंबर। कप्तान मोहम्मद रिजवान (80), बाबर आजम (73) और कामरान गुलाम (63) रनों की अर्धशतकीय पारियों के बाद शाहीन शाह अफरीदी (चार विकेट) तथा नसीम शाह (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 81 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

पाकिस्तान के 329 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के लिए कप्तान तेम्बा बवूमा और टोनी डीजॉर्जी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। छठे ओवर में नसीम शाह ने तेम्बा बवूमा (12) को आउट कर पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में अबरार अहमद ने डीजॉर्जी (34) को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को दूसरा झटका दिया। रासी वान दर दुसें (23), एडन मारक्रम (21) और डेविड मिलर (29) रन बनाकर आउट हुई। हाइनरिक क्लासन ने 74 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्को की मदद से (94) रनों की पारी खेली। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 43.1 ओवर में 248 रन पर सिमट गई।

# नवीन महाजन और जगदीश तंवर की जोड़ी फाइनल में

### अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता

जयपुर, 20 दिसंबर। जयपुर में चल रही अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता के छठा दिन राजस्थान के खिलाड़ियों के लिए सुखद साबित हुआ।कार्मिक विभाग शासन सचिवालय जयपुर की वरिष्ठ खेल अधिकारी मालती चौहान के अनुसार वेटरन डबल्स श्रेणी में आईएएस नवीन महाजन और जगदीश तंवर की जोड़ी ने प्रात:कालीन सत्र में राजेश दहिया और मोहिंदर की



जोड़ी को 7- 0 से एवं सायंकालीन सत्र में बालकिशन ललित की जोड़ी को 8- 3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के चेयर अंपायर चित्तौड़गढ़ के शारीरिक शिक्षक उज्जवल दाधीच थे। इस जोड़ी का फाइनल मुकाबला राजस्थान के ही लक्ष्मीकांत और गुरदर्शन की जोड़ी से आज सुबह जय क्लब में खेला जाएगा। वेटरन सिंगल्स में जगदीश तंवर कर्नाटक के प्रकाश को 8- 0 से हराकर फाइनल में पहुंचे। खिताबी मुकाबला गुजरात के जयेश कुमार से होगा। मिक्स डबल्स के फाइनल मुकाबले में इंदौर के राघव सारा यादव की जोड़ी ने चंद्रिल सूद और अंजलि को 9-7 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। यह उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय सिविल सेवा लॉन टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 दिसंबर तक सवाई मानसिंह स्टेडियम और जय क्लब में किया जा रहा है।

## बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 80 रनों से शिकस्त दी

किंग्सटाउन, 20 दिसंबर। जाकेर अली (नाबाद 72), परवेज हुसैन इमॉन (39) की शानदार बल्लेबाजी के बाद रिशाद हुसैन (तीन विकेट), तसकीन अहमद और महेद हसन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 80 रनों से शिकस्त देते हुए तीन मैचों की टी-20 सीरीज में क्लीन स्विप कर दिया। कल देर रात खेले गये मुकाबले में बंगलादेश के 189 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी की शुरुआत बेहद खराब रही।


**इत्तलानांमा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के**

**(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)**

**अज अदालत किराया अधिकरण, मुकाम जयपुर द्वितीय**

**सुनील पंसारी बनाम गणपति टेक्सटाईल डिग्री बाबत**

**इजराय प्रार्थना पत्र मुकद्दमा नं 116 सन् 2024 बनाम**

**मुसम्मी** मैं. गणपति टेक्सटाईल जरिये प्रोप. अनिता देवी पत्नी नितेश पारीक साकिन प्लॉट नं. 305, तीसरी मंजिल, 11-बी, श्रीकृष्ण रेजिडेंसी, आनन्द बिहार बी, बैनाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर चूंकि ............... ने डिग्री अदालत .................... मवर्खे ............ व मुकदमें नं. .................... सन् 20 ................ की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में 15 तारीख 2 माह 2025 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करो।

आज व तारीख 19 माह 12 सन् 2024 शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया।

मुहर

**आज्ञा से रीडर किराया अधिकरण जयपुर महानगर-द्वितीय**



*अजमेर -जयपुर एक्सप्रैस हाइवे पर एल.पी.जी. से भरे टैंकर में आग लगने से हुए हादसे में भारी जान माल का नुकसान हुआ। खबर लिखे जाने तक 12 लोगों के मरने की जानकारी मिली है, हादसे में 35 से ज्यादा लोग घायल हो गए।*

# गैस टैंकर-ट्रक भिडन्त में 12 ज़िंदा जले

## एल.पी.जी. से भरे टैंकर में ब्लास्ट से 40 वाहन चपेट में आये, 7 घायल वेंटीलेटर पर

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 20 दिसम्बर। अजमेर-जयपुर एक्सप्रेस हाईवे पर शुक्रवार सुबह एल.पी.जी. गैस से भरे टैंकर और ट्रक में भिड़ंत के बाद हुए ब्लास्ट में बारह लोग जलकर मर गए और 35 से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें से 7 लोग फिलहाल सवाई मानसिंह अस्पताल में वेंटीलेटर पर हैं, जबकि अन्य 28-29 घायलों का बर्न यूनिट में उपचार चल रहा है। ग्यारह मृतकों में से सिर्फ 6 की पहचान हो पायी है, शेष 5 लोगों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

- **गैस टैंकर के पीछे चल रही लेकसिटी ट्रेवल्स की उदयपुर-जयपुर बस मिनटों में जल कर राख हो गई। बस मालिक के अनुसार, 32 में से 22 यात्रियों से बात हो गई। बाकी 10 से सम्पर्क नहीं हो पाया।**
- **हादसा इतना भीषण था कि आज सुबह से देर शाम तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ वाहनों में लगी आग बुझाने में जुटी रहीं।**

यह भीषण हादसा शुक्रवार अलसुबह करीब साढ़े 5 बजे भांकरोटा इलाके में दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने हुआ। गैस टैंकर में ब्लास्ट के बाद आग की लपटें करीब 500 मीटर दूर तक फैल गईं। पूरा इलाका आग की लपटों, धमाकों व घायलों की चीख-पुकार के भयावह मंजर से थर्रा उठा। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंचीं दमकलों, पुलिस, सिविल डिफेंस और एंबुलेंस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शवों को वाहनों में से निकाला। हादसा इतना भीषण था कि देर शाम तक फायर बिग्रेड की गाड़ियां वाहनों में लगी आग को बुझाने में जुटी रहीं।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5:44 बजे दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने टैंकर ने यू-टर्न लिया। इसी समय जयपुर से आ रहे एक ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इस भिड़ंत के बाद टैंकर के 5 नॉजल टूट गए और 18 टन गैस लीक हो गई। लीक हुई गैस में आग लगी और इतना जोरदार धमाका हुआ कि 400 मीटर का इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। धमाके की आवाज़ डेढ़ किलोमीटर तक सुनाई दी। भीषण आग ने पलक झपकते ही 37 से ज्यादा वाहनों और करीब 50 लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। जो वाहन आग की चपेट में आए हैं, उनमें 7 ट्रेलर, 6 ट्रक, 8-8 कार व कंटेनर, 2-2 बस व पिकअप, बाइक, ऑटो व टैंकर शामिल हैं।

बताया जा रहा है कि गैस टैंकर के पीछे चल रही उदयपुर-जयपुर की लेकसिटी ट्रैवल्स की बस भी चपेट में आ गई। बस में कुल 34 यात्री सवार थे। हादसा इतना भयावह था कि कुछ ही मिनटों में बस पूरी तरह से जलकर राख हो गई। बस मालिक अब्दुल सलाम खान ने बताया कि हादसे के वक्त बस में कुल 32 यात्री मौजूद थे उनमें से 22 यात्रियों से बात हो गई है। हालांकि, सभी यात्री खतरे से बाहर हैं लेकिन कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं, जबकि 10 यात्रियों से सम्पर्क नहीं हो पाया है। इनका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। फायर ब्रिगेड की दर्जनों गाड़ियां देर शाम तक घटनास्थल और उसके आस-पास पास इलाके में आग बुझाती रहीं।

ब्लास्ट के बाद चारों ओर लोगों की चीख-पुकार मच गई। आग की चपेट में आए 40 से अधिक वाहनों में सवार लोगों ने अपनी जान बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन उसके बावजूद वे आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धमाके के साथ लगी आग की चपेट में आए लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चारों ओर अधजले और घायल लोगों की चीख-पुकार सुनाई दे रही थी।

एस.एम.एस. अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर सुशील भाटी ने बताया कि पहले 2-3 मरीज आए थे, इसके बाद अचानक बहुत सारे मरीज लाए गए। भर्ती मरीजों में 10 से 12 मरीज ऐसे हैं, जो 60 प्रतिशत से ज्यादा जले हैं। 7 मरीज अभी वेंटिलेटर पर हैं। जबकि 12 मरीजों की मौत हो गयी है, इनमें से सिर्फ 6 लोगों की पहचान हुई है, शेष 5 मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है।

# 'नीमराना व घीलोठ राजस्थान के लिये ग्रोथ इंजन हैं'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जापानी ज़ोन के प्रतिनिधियों से विकास पर चर्चा की

नीमराना/जयपुर, 20 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को नीमराना और घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र की कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ली।

- **जेट्रो के डायरेक्टर जनरल ताकाशी सुज़ूकी ने कहा, नीमराना के जापानी ज़ोन में जापानी कम्पनियों का बेहतरीन अनुभव रहा है।**

नीमराना के जापानी ज़ोन में स्थित डाइकिन कम्पनी के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नीमराना व घीलोठ औद्योगिक क्षेत्र राजस्थान की अर्थव्यवस्था में ग्रोथ इंजन साबित हो रहे हैं। देश के पहले जापानी ज़ोन, नीमराना में 51 जापानी कम्पनियां स्थापित हैं। जिनके माध्यम से करीब 27 हजार से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राइज़िंग राजस्थान ग्लोबल बिज़नेस एक्सपो में 7 जापानी कम्पनियों एवं जेट्रो ने जापान पैवेलियन में हिस्सेदारी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में "ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस" पर विशेष जोर है। प्रक्रियाओं और नीतियों को सरल बनाया जा रहा है। हमने 10 नई नीतियां जारी की हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी कम्पनियों के राजस्थान में निवेश करने के रूझान को देखते हुए दूसरा जापानी ज़ोन घीलोठ में स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि नीमराना और घीलोठ में करीब 150 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्य शीघ्र प्रारम्भ किए जा रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र नीमराना व घीलोठ में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से 132 केवी जीएसएस नीमराना जनरल ज़ोन, 132 केवी जीएसएस जापानी ज़ोन, 220 केवी जीएसएस घीलोठ और कोलिला जोगा में 33 केवी जीएसएस की स्थापना की जाएगी। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र घीलोठ में करीब 19 करोड़ की लागत से एनएच-48 से औद्योगिक क्षेत्र घीलोठ तक लिंक रोड का सुदृढ़ीकरण और स्ट्रीट लाइट के कार्य करवाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नीमराना में बहुमुखी विकास के साथ खुशखेड़ा, भिवाड़ी, नीमराना औद्योगिक क्षेत्र को डीएमआईसी नोड बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि उद्योगों में सौर ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। बांदीकुई में भी जल्द ही औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 11 सितम्बर को भारतीय दूतावास टोक्यो एवं जेट्रो के सहयोग से टोक्यो (जापान) में नीमराना दिवस मनाया गया। इसी तरह राज्य सरकार और रीको की भागीदारी से प्रतिवर्ष 11 सितम्बर को नीमराना दिवस मनाया जाएगा।

जेट्रो के डायरेक्टर जनरल ताकाशी सुज़ूकी ने कहा कि नीमराना औद्योगिक क्षेत्र के जापानी ज़ोन में जापानी कम्पनियों का बेहतरीन अनुभव रहा है। भविष्य में जापानी कम्पनियों के द्वारा राज्य में और निवेश किया जाएगा। उन्होंने राइजिंग राजस्थान समिट आयोजन को निवेशकों के लिए अच्छा अवसर बताया।

इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक डॉ. जसवन्त सिंह यादव, देवीसिंह शेखावत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त रोहित गुप्ता, रीको के प्रबंध निदेशक इन्द्रजीत सिंह, संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता, जिला कलक्टर कोटपूतली-बहरोड़ कल्पना अग्रवाल, बीड़ा भिवाडी सीईओ अतुल प्रकाश, नीमराना इंडस्ट्रीयल एसोसिएशन अध्यक्ष कृष्ण गोपाल कौशिक, लघु उद्योग भारती नीमराना अध्यक्ष के.के यादव, घीलोठ मन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन महासचिव राजा सोनी, हीरो मोटोकॉर्प से पराग गोयल, डाइकिन प्लांट हेड संदीप भट्टाचार्य सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



*नीमराना के जापानी ज़ोन में मुख्यमंत्री ने जापानी कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।*

## कोटा में कोचिंग छात्र ने आत्महत्या...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

जानकारी मृतक छात्र के परिजनों को दे दी गई। उन्होंने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

थाना अधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि छात्र रात को अपने रूम में जाकर सो गया था। शुक्रवार सुबह देर तक जब वह नहीं जगा तो हॉस्टल के स्टॉफ ने दरवाजा खटखटाया।

इस बीच जब अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो उन्हें शक हुआ। दरवाजा खोलने के बाद मृत छात्र फंदे पर लटका मिला। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है और न ही मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है।

इस घटना के बाद एक बार फिर हॉस्टलों पर सवालिया निशान लग गया है। हॉस्टल रूम में हैंगिंग डिवाइस का न होना सामने आया है।

## भागवत ने ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

आये थे, अपने साथ अपनी निष्ठाएं लेकर आये थे और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन लौट आये।

उन्होंने स्पष्टता एवं दृढ़ता के साथ कहा, "लेकिन अब यह देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में, जनता अपने प्रतिनिधि चुनती है, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य का जमाना बीत चुका है।"

उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन काल इस प्रकार घोर निष्ठा के लिये जाना जाता, जबकि उन्हीं के वंशज बहादुर शाहजफर ने 1857 में गो-वध पर रोक लगा दी थी।

उन्होंने कहा, "यह तय हो गया था कि अयोध्या का राम मंन्दिर हिन्दुओं दे दिया जाना चाहिये, लेकिन अंग्रेजों ने इस बात को भाँप लिया तथा दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। उसी समय से, "अलगाववाद" का यह भाव अस्तित्व में आया। और परिणामस्वरुप, पाकिस्तान अस्तित्व में आ गया।"

भागवत ने पूछा कि अगर हर व्यक्ति स्वयं को भारतीय मानता है, तो फिर "प्रभुत्व की भाषा" क्यों काम में ली जा रही है। आर.एस.एस. प्रमुख ने कहा "अल्पसंख्यक कौन हैं और बहुसंख्यक कौन है? यहाँ सब व्यक्ति बराबर हैं। इस देश की परम्परा रही है कि सभी लोग अपनी-अपनी पूजा-पद्धति का अनुसरण कर सकते हैं। एकमात्र जरुरत मिलकर रहने तथा नियमों कानूनों के अनुसार चलने की है।"

देखना यह है कि भागवत की यह मर्यादित एवं गंभीर शब्दावली आगामी सप्ताहों और महीनों में आर.एस.एस. तथा हिन्दुत्व के अन्य अनुयाइयों की लड़ाई-झगड़े वाली प्रवृत्ति को शांत करने की दिशा कितनी कारगर होती है?

## मुख्यमंत्री ने सहायता राशि की घोषणा की

जयपुर, 20 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को जयपुर-अजमेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भांकरोटा में हुए टैंकर हादसे में घटनास्थल का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से सम्पूर्ण घटनाक्रम की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का भी निरीक्षण किया।

- **दुर्घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल ने अस्पताल व घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने मृतकों के परिवारों को 5-5 लाख रूपये व गंभीर घायलों को 1 लाख रूपयों की सहायता की घोषणा की।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए, बिना समय गंवाए, 7: 45 पर एस.एम.एस. अस्पताल घायलों को देखने पहुँचे।

इसके तुरंत बाद, वे 8:45 पर घटनास्थल का दौरा करने के लिए रवाना हो गए।

घटना स्थल पर पहुँचते ही, उन्होंने सभी मृतकों एवं घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए, हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं, मुख्यमंत्री शर्मा ने पुलिस अधिकारियों एवं अस्पताल के डॉक्टरों को निर्देश दिए तथा तुरंत हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए । मुख्यमंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए, मृतकों एवं घायलों को सहायता राशि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने जयपुर जिला कलेक्टर को निर्देश देकर जाँच कमेटी तुरंत गठित कर दी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव गृहमंत्री अमित शाह को मामले की जानकारी दी । ये मामला मुख्यमंत्री की सक्रियता एवं अतिसंवेदनशीलता दर्शाता है ।

इस दौरान, शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह हादसा बेहद दुखद है। राज्य सरकार इसकी उचित जांच करवाएगी। उन्होंने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुखद टैंकर हादसे पर संवेदनशीलता दिखाते हुए, राज्य सरकार की ओर से मृतकों के परिवार को 5 लाख रुपये एवं गंभीर घायलों को 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है। वहीं, प्रधानमंत्री सहायता कोष से 2 लाख रुपए, भारत पेट्रोलियम की ओर से 6 लाख रुपये की सहायता करवाई।

मुख्यमंत्री सुबह सबसे पहले घायलों की जानकारी लेने के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचे। शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं अस्पताल प्रशासन को सभी घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।

इस, दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ सहित, कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## गैंगरेप दोषी को पत्नी की देखभाल के लिये पैरोल

जयपुर, 20 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने अलवर के थानागाजी में पति के सामने महिला से गैंगरेप करने के आरोप में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे कैदी इंद्राज को तीस दिन के आकस्मिक पैरोल पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने अभियुक्त को कहा है कि वह पैरोल अवधि बीतने पर जेल प्रशासन के समक्ष सरेंडर करे। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश इंद्राज की ओर से अपनी पत्नी के जरिए दायर पैरोल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पैरोल नियम,

- **आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे अभियुक्त ने गर्भवती पत्नी की देखभाल के लिये जमानत मांगी थी।**

2021 में पत्नी की डिलीवरी के आधार पर कैदी की रिहाई का प्रावधान है। ऐसे में मानवीय आधार पर याचिकाकर्ता को आकस्मिक पैरोल का लाभ देना उचित है। याचिका में अधिवक्ता गोविंद प्रसाद ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता की पत्नी गर्भवती है और चिकित्सकों ने उसके प्रसव की अनुमानित तिथि 21 दिसंबर बताई है। उसकी पत्नी की देखरेख करने वाला कोई नहीं है और उसे इस मौके पर पत्नी के साथ रहना चाहिए। इसलिए उसने जेल प्रशासन के समक्ष प्रार्थना पत्र पेश किया था, लेकिन जेल अधीक्षक ने गत 5 नवंबर को उसका प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

## भारत ने बाँग्लादेश ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

थीं। महफ़ूज़ ने 2024 के विरोध प्रदर्शनों को भी उन्हीं नीतियों का परिणाम बताया था तथा भारत पर बाँग्लादेश की निर्भरता कम करने के प्रयासों पर जोर दिया था। महफ़ूज़ ने पोस्ट में कहा था कि बाँग्लादेश को सच्ची स्वतंत्रता एवं मुक्ति प्राप्त करने के लिये, वर्तमान दबावों तथा नियंत्रणों से मुक्त होना होगा तथा अपने जमीनी क्षेत्र का विस्तार करना होगा। आलम ने कहा कि यह तो उनके (बाँग्लादेश) के प्रयासों की मात्र शुरुआत है।

प्रसंगवश बता दें कि सितम्बर में न्यूयॉर्क में आयोजित "क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव" के एक समारोह में यूनुस ने महफ़ूज़ को "बाँग्लादेश में हुये उन विरोध प्रदर्शनों का मास्टरमाइंड बताया था, जिनके चलते शेख हसीना सत्ता से बेदखल हुईं।

नई दिल्ली ने बाँग्लादेश को एक कड़ा संदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि "भारत सभी संबंधितों को यह याद दिलाना चाहेगा कि वे अपनी सार्वजनिक टिप्पणियों में सावधानी बरतें। जहाँ भारत, बाँग्लादेश की जनता और अंतरिम सरकार के साथ संबंधों को प्रोत्साहित करने में रूचि रखने के संकेत कई बार दे चुका है, वहीं ऐसी टिप्पणियाँ सार्वजनिक बयानों जिम्मेदारी की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।"

बाँग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं को निशाना बनाये जाने की रिपोर्टों के बीच, पिछले सप्ताहों में अपने पूर्व पड़ोसी के साथ भारत के संबंधों में तनाव आया है। अभी हाल ही में, बाँग्लादेश के राजनेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विजय दिवस वाली पोस्ट का बुरा माना था, जिसमें उन्होंने 1971 में पाकिस्तान पर निर्णायक पाने के लिये भारतीय सेना के शौर्य को याद किया था, किन्तु बाँग्लादेश के राजनेताओं, जिनमें यूनुस के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार के सदस्य शामिल थे, ने मोदी की आलोचना की थी तथा कहा था कि देश के उस स्वतंत्रता संघर्ष में भारत "मात्र एक सहायक" था।

हाल ही के दिनों में, बाँग्लादेश ने अपनी पूर्व प्रधानमंत्री की भारत में मौजूदगी पर आपत्ति दर्शायी है, जो अपने निर्वासन के दौरान 5 अगस्त से भारत में ही हैं।

## जयपुर ग्रामीण के मतों की पुनर्गणना पर हाई कोर्ट ने जवाब मांगा

जयपुर, 20 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा चुनाव के मतों की पुनः गणना करने से जुड़े मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर और विजय प्रत्याशी सांसद राव राजेन्द्र सिंह सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की एकलपीठ ने यह आदेश कांग्रेस के पराजित प्रत्याशी अनिल चोपड़ा की चुनाव याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।याचिका में अधिवक्ता संजय शर्मा ने

- **हाई कोर्ट ने यह आदेश कांग्रेस के पराजित प्रत्याशी अनिल चोपड़ा की चुनाव याचिका पर प्रारम्भिक सुनवाई करते हुए दिया।**

अदालत को बताया कि जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में याचिकाकर्ता को 1615 मतों से पराजित बताया गया था, जबकि निर्वाचन विभाग की उसी दिन जारी नोट शीट में 2738 बैलट खारिज होना बताया गया। याचिकाकर्ता की ओर से इस संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर को शिकायत भी दी गई, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने 1225 बैलट ही खारिज होना बताकर पुनः मतगणना से इनकार कर दिया। याचिका में कहा गया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत, निर्वाचन विभाग को खारिज मतपत्र प्रत्याशी को दिखाने होते हैं।

## ओम प्रकाश ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

चौटाला के पौत्र एवं रानिया के विधायक अर्जुन चौटाला ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर को आज गुरुग्राम से तेजाखेड़ा फार्म हाउस लाया जाएगा। शनिवार यानी 21 दिसंबर को राजकीय सम्मान के साथ पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का अंतिम संस्कार गांव चौटाला में किया जाएगा।

इससे पहले शनिवार सुबह आठ से अपराह्न दो बजे तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए तेजाखेड़ा फार्म हाउस पर रखा जाएगा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था, दो अलग दृष्टिकोण, ना दोनों पूरे सत्य ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

सैक्टर के प्रदर्शन के आधार पर वृद्धि में कमी की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है। बतौर वित्त मंत्री वे इतनी निराशावादी नज़र नहीं आ सकती थी उन्होंने उम्मीद जताई की जल्दी ही ग्रोथ रेट बढ़ जाएगी।

इसी बीच कुछ प्रमुख भारतीय उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों ने हाल ही में नई दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में भरोसा जताया कि ग्रोथ रेट में गिरावट अधिक थी, यह संरचनात्मक या आधारभूत बदलाव नहीं था।

जब दो परस्पर विरोधी राजनैतिक खेमे लड़ रहे हो तो बेहतर होगा वे निष्पक्ष जज के पास जाएं और आर्थिक मामलों में रिज़र्व बैंक से बेहतर जज कौन हो सकता है।

मौद्रिक नीति के साथ अपने बयान में रिज़र्व बैंक ने कहा था कि निकट भविष्य में ग्रोथ की संभावनाएं मंद हैं। इसका मुख्य कारण है लगातार बढ़ती मंहगाई।

बढ़ती मंहगाई बड़ी समस्या है। इसके लिए विशेषज्ञों व अर्थशास्त्रियों के पास जाने की जरुरत नहीं है। बढ़ती मंहगाई की पुष्टि तो सभी करेंगे। खाद्य पदार्थों के दाम बढ़े है, परिवारों के लिए घर खर्च चलाना मुश्किल पड़ रहा है। खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही है जबकि इस समय जब सर्दी की फसल बाजार में आ जाती है तो दाम कम हो जाते हैं, पर इस बार ऐसा नहीं हुआ है।

कन्ज्यूमर प्राइस इन्डैक्स (सी.पी.आई.) के अनुसार जुलाई - अगस्त में मंहगाई 3.6 प्रतिशत के औसत से बढ़ी थी सितम्बर में यह औसत 5.5 प्रतिशत हो गया और अक्टूबर में यह 6.2 प्रतिशत हो गया जो कि सितम्बर 2023 के बाद से वर्ष के उच्चतम स्तर है यह रिज़र्व बैंक के मंहगाई के लक्ष्य से 4 प्रतिशत से काफी अधिक है। सवाल है कि मंहगाई की दर विकास की संभावनाओं से सम्बंधित क्यों है।

अन्य देशों खासकर चीन की तुलना में भारतीय अर्थव्यव्था घरेलू खपत के आधार पर बढ़ी है। रिज़र्व बैंक के अनुसार मंहगाई खपत प्रभावित हो रही है जो कि विकास का प्रमुख इंजन है।

रिज़र्व बैंक कहता है लगातार मंहगाई बढ़ने से उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति कम हो जाती है, इससे खपत व निवेश की मांग पर विपरीत असर पड़ता है। इसलि मूल्य स्थिरता जरुरी है दीर्घकालीन ग्रोथ के लिए। रिज़र्व बैंक का मत है कि रबी की फसल बाजार में आने से मंहगाई कम होगी।

मूल्य स्थिर होने से औद्योगिक क्षेत्र का प्रदर्शन भी बेहतर होगा जो अर्थव्यवस्था को गति देगा।

रिज़र्व बैंक के अनुसार मौजूदा संकेत के अनुसार दूसरी तिमाही में घरेलू आर्थिक गतिविधियों की मंदी ने गहराई में जड़े जमा ली थी। उसके बाद त्यौहारी मांग से हालात सुधरे था।

उम्मीद की जा रही है कि औद्योगिक गतिविधि जो पिछली तिमाही में निम्नस्तर पर थी उससे सुधरकर सामान्य स्तर पर आ जाएगी।

खनन और विद्युत क्षेत्र भी मानसून के बाद सामान्य होने की उम्मीद है। मैन्युफैक्चरिंग सैक्टर के लिए परचेज़िंग मैनेजर इंडैक्स नवम्बर में 56.5 रही जो औद्योगिक क्षेत्र में सक्रियता बढ़ने का संकेत है। आपूर्ति शृंखला का दबाव अक्टूबर नवम्बर में कम होने व एतिहासिक स्तर से नीचे आने की संभावना है। सेवाओं के लिए पी.एम.आई. नवम्बर में 58.4 स्थिर रहा, जो निरंतर विस्तार को दर्शाता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में अचानक मंदी आई पर अगले साल इसमें उछाल आ सकता है। मांग पक्ष की बात करे तो ग्रामीण मांग बढ़ रही है और शहरी मांग में कुछ कमी दिख रही है। सरकारी खपत बढ़ रही है निवेश भी बढ़ रहा है। अक्टूबर 2024 में निर्यात में 17.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि सेवा निर्यात में भी काफी वृद्धि हुई।

सतर्कता बरतते हुए 2024 के लिए आर.बी.आई. ने वास्तविक जी.डी.पी. ग्रोथ 6.0 प्रतिशत बताई है जो पूर्वानुमान से कम है लेकिन भारत जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए इतनी बुरी भी नहीं है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908